दैनिक
राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र
DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल
Postal Regd. No. PKL-235/2024-26
www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com
मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी    संपादक - डा.के.के.संधू    प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227    वर्ष 8    अंक 341 वीरवार 11 दिसम्बर, 2025    Thursday 11 December, 2025    मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12    मोब :9416406615,7404278000,9215537704




### कच्छ में भूकंप का जोरदार झटका, डरे लोग घरों से भागे बाहर

कच्छ 10 दिसम्बर (निस): गुजरात के कच्छ में देर रात भूकंप के महसूस किए गए। जैसे ही लोगों को समझ में आया कि ये भूकंप के झटके हैं लोग डरकर घर से बाहर की तरफ भागने लगे और अफरा-तफरा मच गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार इस भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई है जो हल्के से मध्यम श्रेणी का माना जाता( शेष पृष्ठ दो पर )

# संसद में एसआईआर को लेकर चर्चा के दौरान अमित शाह का जवाब-विपक्ष की आशंकाएं निराधार

## चुनाव सुधारों की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी, राहुल गांधी के सवाल का भी दिया जवाब

नई दिल्ली 10 दिसम्बर (निस): लोकसभा में एसआईआर और चुनाव सुधार पर हुई चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा उठाए गए अनेक सवालों का विस्तार से जवाब दिया। राहुल गांधी ने कहा था, कि हरियाणा में एक ही घर से 501 वोट डाले गए। यह आरोप राहुल गांधी ने 5 नवंबर 2025 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाया था, जिसे अमित शाह ने सदन में परमाणु बम जैसा बयान बताते हुए तंज कसा। केंद्रीय मंत्री शाह ने चुनाव आयोग का हवाला देते हुए कहा, कि राहुल गांधी जिन हाउस नंबर 265 की बात कर रहे हैं, वह कोई साधारण मकान नहीं है, बल्कि एक एकड़ में फैला हुआ पुश्तैनी प्लॉट है। उन्होंने



बताया कि इस विशाल परिसर में कई रिश्तेदार परिवार एक ही जमीन पर अलग-अलग हिस्सों में रहते हैं। चूंकि इन सभी मकानों के लिए अलग-अलग घर नंबर आवंटित नहीं किए गए थे, इसलिए मतदाता सूची में सभी का पता एक ही हाउस नंबर के रूप में दर्ज हो गया। यही वजह है कि उस पते पर बड़ी संख्या में मतदाता सूचीबद्ध हैं।अमित शाह ने आगे यह भी स्पष्ट किया कि इस प्लॉट में रहने वाले परिवारों में से कुछ में तीन-तीन पीढ़ियाँ साथ रहती हैं, जिनके सदस्य कानूनी रूप से मतदाता सूची में दर्ज होने के योग्य हैं। उन्होंने कहा कि जब इसी पते के आधार पर हरियाणा में कांग्रेस की सरकारें चुनकर आईं, तब किसी ने इस नंबर पर सवाल नहीं उठाया। उन्होंने जोर देकर कहा, यह न कोई फर्जी घर है, न कोई फर्जी वोटर। यह पूरा मामला वोट चोरी का झूठा नैरेटिव बनाने की कोशिश मात्र है। गृह मंत्री ने मतदाता पंजीकरण की कानूनी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक महत्वपूर्ण फैसले का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि 1995 के 'लालबाबू हुसैन बनाम मतदाता रजिस्ट्रेशन ऑफिसर' मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि रिटर्निंग ऑफिसर को यह अधिकार है( शेष पृष्ठ दो पर )

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डॉक्टरों से हड़ताल खत्म कर कार्यस्थल पर लौटने की अपील की

## डॉक्टरों की लगभग सभी मांगें सरकार ने मानी -नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़, 10 दिसंबर (अमृतपाल सिंह) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने डॉक्टरों से आग्रह किया है कि वे अपनी हड़ताल वापस लेकर तुरंत अपने-अपने कार्यस्थलों पर लौट आएँ ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।मुख्यमंत्री आज यहां किसानों को मुआवजा राशि जारी करने उपरान्त पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने बताया कि डॉक्टरों की मुख्यत: चार मांगें थीं, जिनमें से तीन मांगें सरकार द्वारा स्वीकार की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों के स्पेशलाइज्ड कैडर के गठन की मांग पर वित्त



विभाग 16 अगस्त 2024 को अधिसूचना जारी कर चुका है।इसी प्रकार, हॉस्पिटल ड्यूटी से बाहर जाने पर यात्रा भत्ता प्रदान करने संबंधी मांग पर भी 25 अक्टूबर 2024 को अधिसूचना जारी हो चुकी है।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि एसएमओ की सीधी भर्ती न करने की मांग पर फिलहाल सरकार ने रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अन्य राज्यों में इस सम्बन्ध में प्रचलित व्यवस्थाओं का अध्ययन किया जा रहा है और रिपोर्ट आने तक प्रदेश में एसएमओ की सीधी भर्ती स्थगित रहेगी। उनकी चौथी मांग, एसीपी संरचना में बदलाव, फिलहाल स्वीकार नहीं की गई है। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी

### आज सरकारी अस्पतालों में बढ़ रहा लोगों का विश्वास - मुख्यमंत्री

भी प्रकार की राजनीति से दूर रहें। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में लगातार सुधार हुआ है और प्रदेश के लोगों का रुझान भी सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की ओर बढ़ा है। इसके लिए उन्होंने डॉक्टरों को बधाई भी दी।ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर सत्यापन के बाद रकबे में कमी आने संबंधी प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पोर्टल खोलने के समय कई जिलों में लगातार बारिश और जलभराव था। जैसे-जैसे पानी निकला, कई ( शेष पृष्ठ दो पर )

# इंडिगो संकट पर दिल्ली हाईकोर्ट की केन्द्र को फटकार यात्रियों की परेशानी का जल्द हल हो यकीनी बनाएं

## तीन हजार का किराया तीस हजार कैसे पहुंचा, स्पाइसजैट कर रहा राहत देने की तैयारी


नई दिल्ली, 10 दिसम्बर (निस) इंडिगो संकट पर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र को फटकार लगा दी। दिल्ली अदालत ने पूछा कि जब एयरलाइन फेल हो गई थी, तब केंद्र सरकार ने क्या किया। कैसे फ्लाइट्स की टिकट की कीमतें 4-5 हजार से बढ़कर 30,000 रुपए तक कैसे पहुंच गईं। अन्य एयरलाइंस ने इसका फायदा कैसे उठाया। आपने ही स्थिति को इस हाल तक पहुंचने दिया। मुख्य



न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेदेला की डिवीजन बेंच जनहित याचिका (आईपीएल) की सुनवाई कर रही थी। इसमें मांग की गई थी कि इंडिगो संकट की स्वतंत्र न्यायिक जांच की जाए और जिन लोगों की फ्लाइट रद्द हुई या जो एयरपोर्ट पर फंसे उन्हें मुआवजा दिया जाए। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ व्यक्तिगत यात्रियों का मामला नहीं है, बल्कि इससे आर्थिक नुकसान भी हुआ है। केंद्र सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में( शेष पृष्ठ दो पर )

# दीपावली पर्व यूनेस्को की अमृत सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल,पीएम ने जताई खुशी

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर (निस) भारत के दीपावली त्यौहार को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल कर लिया गया है। इस ऐतिहासिक फैसले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुशी जताकर कहा कि दीपावली हमारे देश की संस्कृति और मूल्यों से गहराई से जुड़ा हुआ है। यूनेस्को ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन की इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज यानी अमूर्त विश्व धरोहर की सूची जारी



की। इसमें घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक भी शामिल हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत और दुनियाभर में लोग इस खबर से बहुत खुश हैं। हमारे लिए दीपावली हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह प्रकाश और धर्म का प्रतीक है। यूनेस्को की इस सूची में दीपावली के शामिल होने से यह त्यौहार विश्व स्तर पर और अधिक लोकप्रिय होगा। साथ ही कहा कि प्रभु श्री राम के आदर्श हमें सदैव मार्गदर्शन देते रहें। यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची( शेष पृष्ठ दो पर )

# तीर्थयात्रियों से भरी बस और ट्रक में भिडंत, चालक सहित 4 की मौत, 28 घायल

**फतेहपुर 10 दिसम्बर (निस):** खाटूश्याम जा रही तीर्थयात्रियों से भरी बस एक ट्रक से जा भिड़ी। इस हादसे में बस चालक समेत तीन लोगों की मौत हुई है जबकि 28 लोग घायल हैं जिसमें से 7 की हालत गंभीर है। राजस्थान के फतेहपुर शेखावाटी में मंगलवार देर रात जयपुर-बीकानेर नेशनल हाईवे पर हुए इस दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यहां एक स्लीपर बस और ट्रक के बीच भीषण भिड़ंत हो गई जिसमें बस ड्राइवर समेत 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 28 यात्री घायल हो गए। घायलों में 7 लोगों की हालत गंभीर बताई जा




रही है। हादसा मंगलवार देर रात करीब 10-40 बजे फतेहपुर के पास हुआ। जानकारी के अनुसार स्लीपर बस बीकानेर की ओर से जयपुर जा रही थी जबकि ट्रक झुंझुनू से बीकानेर की ओर जा रहा था। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से चकनाचूर हो गया। कई यात्री अपनी सीटों में ही फंस गए।बस में( शेष पृष्ठ दो पर )

# गोवा नाइट क्लब अग्निकांड: आरोपी मालिकों को इंटरपोल का ब्लू कार्नर नोटिस जारी

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर (निस) गोवा नाइट क्लब अग्निकांड से पूरा देश हिला गया। इस क्लब के मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा हादसे के बाद विदेश भाग गए। इंटरपोल ने दोनों के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। इसके बाद अब दोनों ने इस मामले में अग्रिम जमानत के लिए दिल्ली की रोहिणी कोर्ट में याचिका दायर की है। वहीं दिल्ली से इस क्लब के मालिकों का तीसरा पार्टनर भी गिरफ्तार किया गया है।गोवा के नाइट क्लब में लगी आग



में 25 लोगों की जिंदगी छीन ली। अब इस मामले में पुलिस ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है और एक के बाद एक आरोपी दबोचे जा रहे हैं। बुधवार को गोवा पुलिस टीम ने दिल्ली के सनलाइट कॉलोनी क्राइम ब्रांच दफ्तर में बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब के चार मालिकों में से एक अजय गुप्ता को पेश किया। अजय गुप्ता दिल्ली का ही रहने वाला है और पुलिस उसे पूछताछ के बाद आज ही कोर्ट में पेश करेगी। हादसे के बाद अजय गुप्ता फरार हो गया था। उसके खिलाफ पहले से ही लुकआउट नोटिस जारी था। जब गोवा पुलिस की टीम उनके दिल्ली वाले घर पहुंची तो वह वहां नहीं( शेष पृष्ठ दो पर )



**हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष और लेडी गवर्नर श्रीमती मित्रा घोष ने लोक भवन में महान स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता श्री सी राजगोपालाचारी जी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि दी**

# राहुल गांधी की जर्मनी यात्रा पर बीजेपी के हमले का प्रियंका गांधी ने दिया करारा जवाब

नई दिल्ली 10 दिसम्बर (निस): कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने राहुल गांधी के प्रस्तावित जर्मनी दौरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा सवाल खड़े किए जाने के बाद बुधवार को पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना आधा कामकाजी समय विदेश में बिताते हैं तो फिर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की यात्रा पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी



का दौरा करेंगे, जहां वह भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के साथ ही जर्मन सरकार के कुछ मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे। भाजपा द्वारा संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान राहुल गांधी की इस यात्रा पर सवाल खड़े करने पर प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''मोदी जी अपना लगभग आधा कामकाजी समय देश से बाहर बिताते हैं तो वे (भाजपा) नेता प्रतिपक्ष की यात्रा पर सवाल क्यों उठा रहे हैं? इससे पहले, भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्सपर पोस्ट किया, ''एक बार फिर विदेश नायक वही कर( शेष पृष्ठ दो पर )

## हरियाणा के किसानों को बड़ी राहत

# मुख्यमंत्री ने भारी बारिश से हुए फसल नुकसान की भरपाई के लिए 53,821 किसानों को 116 करोड़ रुपये मुआवजा राशि की जारी

**भावान्तर भरपाई योजना के तहत बाजरा किसानों को 358 करोड़ 62 लाख रुपये की राशि की जारी**

चंडीगढ़, 10 दिसंबर (अमृतपाल सिंह) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए अगस्त-सितंबर माह में हुई भारी बारिश से हुए फसली नुकसान की भरपाई के लिए 53,821 किसानों को कुल 116 करोड़ 15 लाख रुपये की मुआवजा राशि जारी की। इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने



बुधवार को सिविल सचिवालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज जारी की गई मुआवजा राशि में बाजरे की फसल के लिए 35 करोड़ 29 लाख रुपये, कपास के लिए 27 करोड़ 43 लाख रुपये, धान के लिए 22 करोड़ 91 लाख रुपये और गवार के लिए 14 करोड़ 10 लाख रुपये की राशि शामिल है। इस राशि का भुगतान तुरंत प्रभाव से शुरू कर दिया गया है तथा अगले एक सप्ताह में पूरी राशि लाभार्थी किसानों के खातों में चली जाएगी।उन्होंने कहा कि गत अगस्त-सितंबर मास में हरियाणा में भारी बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई थी। उन्होंने स्वयं बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया था और किसानों को बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए गत 15 सितम्बर तक ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया था और किसानों से आह्वान किया था कि वे फसल खराबे की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करें।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के 3 जिलों में अधिक नुकसान हुआ था। इनमें चरखी दादरी के किसानों को सर्वाधिक 23 करोड़ 55 लाख रुपये की राशि जारी की गई है। जिला हिसार को 17 करोड़ 82 लाख और भिवानी को 12 करोड़ 15 लाख रुपये की राशि दी गई है। इससे पहले भी सरकार ने बाढ़ के चलते पशु धन की हानि, मकान क्षति तथा अन्य उपयोगी वस्तुओं के नुकसान की भरपाई के लिए 4 करोड़ 72 लाख रुपये की राशि जारी की है।मुख्यमंत्री ने कहा कि खरीफ सीजन-2025 की फसलों को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 5 लाख 29( शेष पृष्ठ दो पर )

# हरियाणा में तेज़ उत्तरी हवाओं से कांपे लोग, कड़ाके की ठंड के आसार

फरीदाबाद 10 दिसम्बर (निस): हरियाणा में सुबह और रात की तेज़ उत्तरी हवाओं ने लोगों को कंपकपां दिया। पिछले हफ्ते मौसम थोड़ा नरम था, लेकिन अब पारा नीचे आ रहा है। जिससे ठंड और बढ़ सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि बीती रात पूरे प्रदेश में तापमान गिरा। कई जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया, जिससे सुबह घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। महेंद्रगढ़ सबसे ज्यादा ठंडा रहा। रात का पारा करीब 5 डिग्री तक पहुंच गया। नारनौल और हिसार में भी तापमान सामान्य से काफी नीचे चला गया। अंबाला में थोड़ी राहत रही वहां रात का तापमान 10 डिग्री के आसपास रहा जिससे थोड़ी राहत मिली। राजस्थान की तरफ से चल रही बर्फीली हवाओं



का असर सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी और नारनौल में सबसे ज्यादा देखने को मिला है। इन इलाकों में अगले दो तीन दिन शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। सुबह की धुंध और शाम की ठंडी हवा लोगों को परेशान कर सकती है। खेतों में काम करने वाले किसानों को भी सतर्क रहने की सलाह दी गई है। क्योंकि तापमान में अचानक गिरावट से फसलों पर असर पड़ सकता है।हरियाणा के करीब एक दर्जन जिलों में ठंड तेज हो चुकी है। फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, सोनीपत, करनाल और पंचकूला में भी पारा गिरा है और लोग ठिठुरन महसूस कर रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 11 दिसंबर तक ठंड और बढ़ेगी। न्यूनतम तापमान और नीचे जा सकता है। कुछ जगहों पर तो पारा 6 डिग्री तक पहुंच सकता है। दिन में भी हल्की ठंड बढ़ने की उम्मीद है। कृषि मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तर और उत्तर-पश्चिम से चलने वाली हवाएं ठंड को और बढ़ाएंगी। 12( शेष पृष्ठ दो पर )

## पृष्ठ एक का शेष...

### यह न कोई फर्जी घर है, न कोई फर्जी वोटर....

कि वह मतदाता आवेदन पर यह सुनिश्चित करे कि आवेदक भारतीय नागरिक है और पते की सत्यता प्रमाणिक है। शाह ने कहा, यह नियम हमारा बनाया हुआ नहीं है, यह भारत की सर्वोच्च अदालत का फैसला है। हम सब इस प्रक्रिया से बंधे हुए हैं। अमित शाह ने कहा कि चुनाव आयोग ने तथ्यों को साफ-साफ बताकर साबित कर दिया है कि राहुल गांधी का आरोप तथ्यों पर आधारित नहीं था। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि चुनावी प्रक्रियाओं पर बेबुनियाद संदेह पैदा करने के बजाय तथ्यात्मक और रचनात्मक चर्चा करें, क्योंकि निराधार आरोप लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता के विश्वास को कमजोर करते हैं।

**लोकसभा में जब राहुल पर भड़के शाह** - लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जब एसआईआर पर उठे सवालों का जवाब दे रहे थे, तभी शाह और राहुल गांधी के बीच तीखी बहस हो गई। सदन में शाह नाराज होते हुए बोले, मेरे बोलने का क्रम मैं ही तय करूंगा, आप नहीं। उन्होंने आगे कहा, सही जानकारी देना, जो आरोप लगे उनके जवाब देना मेरा दायित्व है। शाह के भड़कने पर राहुल गांधी ने कहा, यह डरा और घबराया हुआ रेस्पॉन्स है, इसे सही रेस्पॉन्स नहीं कहा जा सकता है। इस पर पुनः शाह ने कहा, उनके माथे पर मैं चिंता की लकीरें साफ देख रहा हूं, ऐसी कि मैं क्या बोलूंगा, लेकिन मैं उनके उकसावे में नहीं आऊंगा, अपने क्रम से ही बोलूंगा। इसी दौरान राहुल गांधी ने डिवेट करने का चैलेंज भी किया। सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने इस दौरान जोरदार हंगामा किया।

### हरियाणा में तेज़ उत्तरी हवाओं से कांपे लोग, ...

दिसंबर को एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस भी आ रहा है, जिससे दिन का तापमान और नीचे जा सकता है यानी फिलहाल ठंड से राहत मिलने वाली नहीं है। लोगों को सलाह दी जा रही है कि सुबह और रात बाहर जाते वक्त गर्म कपड़े पहनें और खुद को ठंडी हवाओं से बचाकर रखें।

### दीपावली पर्व यूनेस्को की अमृत सांस्कृतिक विरासत सूची...

में संरक्षण से दीपावली जैसे त्यौहार को विश्वभर में पहचान और संरक्षण मिलेगा। इससे भारतीय सांस्कृतिक धरोहर और अधिक मजबूत होगी। साथ ही यह युवा पीढ़ी के बीच पारंपरिक उत्सवों की महत्ता समझने में मदद करेगा। बात दें कि यह फैसला उस समय आया है, जब दिल्ली में यूनेस्को की इंटर-गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की 20वीं बैठक की मेजबानी कर रही है। यह 8 से 13 दिसंबर तक चलेगी। इस मौके को देखकर केंद्र सरकार ने 10 दिसंबर को विशेष दीपावली समारोह रखने का फैसला किया है, ताकि दुनिया के सामने भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत तरह से पेश किया जा सके। यूनेस्को की सूची दुनिया की ऐसी सांस्कृतिक और पारंपरिक चीजों को शामिल करती है, जिन्हें छू नहीं सकते लेकिन अनुभव किया जा सकता है। इन्हें अमूर्त विश्व धरोहर कहते हैं। इसका मकसद है कि ये सांस्कृतिक धरोहरें सुरक्षित रहें और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचें। फिलहाल, भारत की 15 धरोहरें पहले से अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में जगह बना चुकी हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छऊ नृत्य भी शामिल हैं।

### गोवा नाइट क्लब अग्निकांडः आरोपी मालिकों को इंटरपोल का ...

मिले। इसके बाद कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया। आखिरकार पुलिस ने उन्हें दबोच ही लिया। क्लब के मालिक गौरव लुथरा और सौरभ लुथरा तो हादसे के महज दो दिन बाद ही थाईलैंड भाग गए थे। अब उनके खिलाफ इंटरपोल ने ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर दिया है।


**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**मोब:** 9416406615

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।

**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp**: 9896359037,8307425115

**आवश्यक सूचना**

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब:** 9215537704,7206600325,7206300081



**कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )**
**PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227**


### तीर्थयात्रियों से भरी बस और ट्रक में भिडंत,

... सवार एक यात्री शीला बेन जिन्हें नाक में फैक्चर हुआ है ने बताया कि वे खाटूश्यामजी जा रहे थे। उन्होंने कहा, ज़्यादातर सवारी सो चुकी थी। मैं अपने बेटे के साथ थी तभी अचानक एक ज़ोर का झटका लगा। दुर्घटना में घायल हुए अन्य 13 यात्रियों का इलाज फतेहपुर के स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। हाईवे से गुज़र रहे अन्य वाहनों के रुकने के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। बस में फंसे यात्रियों को निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। घायलों को तुरंत फतेहपुर और सीकर के अस्पतालों में पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों की कई टीमें इलाज में जुटी हैं। हादसे में जान गंवाने वालों में बस ड्राइवर कमलेश और एक यात्री मयंक शामिल हैं। तीसरे मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। गंभीर रूप से घायल होने के कारण अनंत, तुषार, राजेश, प्रवीण, रंजना, मुक्ता बेन, आशीष, निलेश समेत 15 यात्रियों को सीकर के बड़े अस्पताल में रेफर किया गया है।

### पीएम आधा समय विदेश में बिताते हैं, फिर राहुल की विदेश...

रहे हैं जो वह सबसे अच्छा करते हैं। विदेश दौरे पर जा रहे हैं। संसद 19 दिसंबर तक चलेगी, लेकिन खबरों के मुताबिक राहुल गांधी 15-20 दिसंबर तक जर्मनी का दौरा करेंगे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने एलओपी यानी लीडर ऑफ पर्यटन हैं।

### कच्छ में भूकंप का जोरदार झटका, डरे लोग ...

है। भूकंप का केंद्र कच्छ क्षेत्र में ही था। चूंकि कच्छ इलाका पहले भी विनाशकारी भूकंप झेल चुका है इसलिए रात के समय आए इन झटकों से इलाके के लोगों में एक बार फिर दहशत फैल गई और कई लोग घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि इस भूकंप की तीव्रता अपेक्षाकृत कम थी। फिलहाल जान-माल के किसी भी तरह के नुकसान या किसी बड़ी क्षति की कोई खबर नहीं है। कच्छ क्षेत्र सिस्मिक ज़ोन में आता है जहां अक्सर हल्के-फुल्के भूकंप के झटके महसूस होते रहते हैं जो कि इस क्षेत्र के लिए सामान्य प्रक्रिया है।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डॉक्टरों से हड़ताल खत्म कर कार्यस्थल ...

स्थानों पर धान की फसल को वास्तविक नुकसान नहीं हुआ, जबकि किसानों ने प्रारंभिक चिंता के आधार पर पोर्टल पर खराबा दर्ज कराया था ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल में अनियमितताओं के चलते पटवारी निलंबन के सम्बन्ध में पूछे गए एक अन्य प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से किसानों की फसलों को नुकसान होने पर मुआवजा देना सरकार की जिम्मेदारी है और यह कार्य सरकार लगातार कर रही है। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर पटवारियों द्वारा अनियमितताएं सामने आई हैं। यह तरीका कांग्रेस शासनकाल की सोच थी, परंतु अब ऐसी गड़बड़ियों की कोई जगह नहीं है ।एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने समय रहते ड्रेनों की नियमित सफाई करवाई जिसके कारण किसानों की फसलों को बारिश में अपेक्षाकृत कम नुकसान हुआ। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, राजस्व विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, नगर एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के. सिंह, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष सचिव प्रभजोत सिंह, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव यशपाल, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री पार्थ गुप्ता, अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) श्रीमती वर्षा खांगवाल, मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय, कृषि विभाग के निदेशक राज नारायण कौशिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### इंडिगो संकट पर दिल्ली हाईकोर्ट की केन्द्र को फटकार ...

इस तरह की स्थिति दोबारा न पैदा हो। इधर, डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को बुलाया है।

**इंडिगो संकट के बीच स्पाइसजेट हर रोज 100 अतिरिक्त फ्लाइट्स करेगा शुरु**-इंडिगो संकट के बीच स्पाइसजेट एयरलाइन ने मौजूदा सर्दियों के मौसम में प्रमुख रूटों पर बढ़ती मांग को देखते हुए अपनी सेवाओं को बढ़ाने की योजना बनाई है। इसका मकसद भारतीय विमानन बाजार में पर्याप्त क्षमता सुनिश्चित करना है। इस कोशिश के चलते स्पाइसजेट ने नियामक अनुमोदन के अंतर्गत मौजूदा विंटर शेड्यूल के दौरान हर रोज 100 अतिरिक्त फ्लाइट्स शुरू करने की योजना बनाई है। पिछले दो महीनों में, एयरलाइन ने 17 विमानों को अपने एक्टिव ऑपरेशन में शामिल किया है।

यह विस्तार डैम्प-लीज पर लिए गए विमानों और अपने खुद के विमानों को सेवा में वापस लाने के जरिए किया गया है। इस बढ़ी हुई मांग से स्पाइसजेट को ज्यादा मांग वाले रूटों पर अतिरिक्त क्षमता तैनात करने में मदद मिलेगी। स्पाइसजेट ने कहा है कि वह सर्दियों में मजबूत और बढ़ती मांग को देख रही है। अपनी सेवाओं को बढ़ाने और भारतीय विमानन बाजार में पर्याप्त क्षमता सुनिश्चित करने के लिए, एयरलाइन ने नियामक अनुमोदन मिलने पर वर्तमान शीतकालीन शेड्यूल में प्रतिदिन 100 अतिरिक्त फ्लाइट्स शुरू करने की योजना बनाई है ।पिछले दो महीनों में स्पाइसजेट ने 17 विमानों को सक्रिय संचालन में शामिल किया है। इन विमानों को डैम्प-लीज के जरिए और एयरलाइन के अपने विमानों को सेवा में वापस लाकर जोड़ा गया है। चेन्नई और बेंगलुरु एयरपोर्ट पर बुधवार को कुल 131 फ्लाइट्स रद्द की गई हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। चेन्नई एयरपोर्ट पर कुल 70 फ्लाइट्स रद्द हुई हैं। इनमें 37 आगमन की और 33 प्रस्थान की उड़ानें हैं। वहीं, बेंगलुरु एयरपोर्ट पर कुल 61 उड़ानें रद्द की गई हैं। बेंगलुरु में 35 आगमन और 26 प्रस्थान की फ्लाइट्स रद्द हुई हैं। रद्द की गई फ्लाइट्स की कुल संख्या बहुत ज्यादा है। चेन्नई और बेंगलुरु जैसे प्रमुख एयरपोर्ट्स पर इतनी बड़ी संख्या में फ्लाइट्स का रद्द होना यात्रियों के लिए समस्या खड़ी कर रहा है।

**इंडिगो संकट: 5000 से ज्यादा उड़ानें रद्द को लेकर हो सकती है एंटीट्रस्ट जांच शुरू** - इंडिगो एयरलाइन पर संकट का एक नया दौर मंडरा रहा है। दिसंबर महीने की शुरुआत में ही 5000 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल होने और हजारों यात्रियों के एयरपोर्ट पर फंसे रहने के बाद अब कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया एयरलाइन पर एंटीट्रस्ट जांच शुरू करने पर विचार कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक यह जांच यह पता लगाने के लिए हो सकती है कि क्या इंडिगो ने बाजार में अपने वर्चस्व का गलत इस्तेमाल किया और यात्रियों के लिए सेवाओं में बाधा डाली या उन पर अनुचित शर्तें थोपीं।

# न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर के विद्यार्थियों ने किया आईआईएसएफ 2025 पंचकूला का शैक्षिक भ्रमण




यमुनानगर 10 दिसंबर ( प्रभदीप सिंह )- न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल, यमुनानगर के लगभग 75 विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने पंचकूला में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल 2025 का शैक्षिक भ्रमण किया। यह भारत सरकार के विभिन्न प्रमुख विज्ञान विभागों के सहयोग से आयोजित देश का सबसे बड़ा विज्ञान उत्सव है। इस वर्ष के 11वें आईआईएसएफ का मुख्य आयोजन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा किया गया, जबकि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग , जैव प्रौद्योगिकी विभाग , वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद , रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन , अंतरिक्ष विभाग ,परमाणु ऊर्जा विभाग (डेएई) तथा विज्ञान भारती सहित कई राष्ट्रीय संस्थान इसके प्रमुख सहभागी रहे ।यह भव्य वैज्ञानिक समारोह कई विशाल डोम्स, प्रदर्शनी क्षेत्रों, तकनीकी डेमो जोन और इंटरैक्टिव साइंस गतिविधियों से सुसज्जित था, जिसे देखकर विद्यार्थी अत्यंत उत्साहित हुए। डीआरडीओ द्वारा सैनिकों के लिए विकसित की गई उन्नत तकनीकों जैसे बुलेटप्रूफ जैकेट, हेलमेट, विभिन्न प्रकार के आयुध, रक्षा ड्रोन, संवेदी उपकरण एवं अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणालियों का प्रदर्शन किया गया ।इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा उच्च क्षमता वाले जैमर, संचार सुरक्षा उपकरण, सर्विलांस टेक्नोलॉजी और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम का प्रदर्शन किया गया। भारतीय भूकंप विज्ञान विभाग ने भूकंप मापने के अत्याधुनिक सिस्मोग्राफ, पूर्वानुमान तकनीक और AI आधारित अलर्ट सिस्टम का लाइव प्रदर्शन किया। मिनिस्ट्री ऑफ पोलर एक्सपेडिशन ने अंटार्कटिका और आर्कटिक मिशनों की तकनीक, जीवन-शैली, शोध उपकरण और मॉडल प्रदर्शित किए ।विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिकों, अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों से संवाद कर वास्तविक विज्ञान, शोध और नवाचार के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने रक्षा, अंतरिक्ष, ऊर्जा, भू-विज्ञान, पर्यावरण, AI, रोबोटिक्स और जैव प्रौद्योगिकी से संबंधित अत्याधुनिक तकनीकों को नज़दीक से देखा।

इसके साथ ही कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित आर्ट एंड साइंसप्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रेरित कलाकृतियाँ, हस्तशिल्प, पेंटिंग और मॉडलों का भी अवलोकन किया, जिसने विज्ञान और रचनात्मकता का सुंदर संगम प्रस्तुत किया ।विद्यालय की प्राचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने इस शैक्षिक भ्रमण को अत्यंत सफल बताते हुए कहा आईआईएसएफ 2025 केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि विज्ञान, नवाचार और अनुसंधान का विशाल मंच है। हमारे विद्यार्थियों ने वास्तविक विज्ञान को करीब से देखा, विशेषज्ञों से सीखा और भविष्य की तकनीकों को समझा। यह अनुभव उनके विचारों का दायरा बढ़ाएगा और उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। विद्यालय ऐसे शैक्षिक अनुभव सदैव प्रदान करता रहेगा ।विद्यालय के चेयरमैन श्री जी.एस. शर्मा ने कहा इस तरह के राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों में विद्यार्थियों की भागीदारी उनके व्यक्तित्व, ज्ञान और दृष्टिकोण को व्यापक बनाती है। आईआईएसएफ 2025 जैसे भव्य आयोजन हमारे बच्चों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ते हैं और उन्हें नवाचार की दिशा में प्रेरित करते हैं। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी लगातार ऐसे शैक्षिक अवसरों का लाभ उठा रहे हैं।

# एस.डी.एम. अशोक कुमार ने खाटू श्याम मंदिर में टेका माथा, ट्रस्ट के प्रयासों को बताया अनुकरणीय

## श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया एस.डी.एम. को सम्मानित




**तरावड़ी, 10 दिसम्बर ( छाया शर्मा ) :** एस.डी.एम. अशोक कुमार ने तरावड़ी रेलवे स्टेशन के निकट स्थित खाटू श्याम मंदिर में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट का कार्य वाकई अनुकरणीय है। ट्रस्ट जिस तरह से युवा पीढ़ी ही नहीं, बल्कि बच्चों तक को धार्मिक व संस्कारयुक्त वातावरण दे रहा है, वह समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। एस.डी.एम. ने मंदिर की भव्यता की सराहना करते हुए कहा कि तरावड़ी में बना यह सुंदर और शांतिमय खाटू श्याम मंदिर श्रद्धालुओं को न केवल आध्यात्मिक शांति देता है, बल्कि लोगों को एकजुट कर सामाजिक सौहार्द को भी मजबूत करता है। मंदिर में माथा टेकने के बाद ट्रस्ट की ओर से प्रमोद बंसल, विनित बंसल, चुनीत बंसल, अशोक बंसल और नितेश मंगल ने एस.डी.एम. अशोक कुमार व नगरपालिका चेयरमैन विरेंद्र बंसल का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस मौके पर नपा चेयरमैन विरेंद्र बंसल, विनित बंसल, अशोक बंसल, नितेश मंगल, अंकुर गर्ग, संजय सैन समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर परिसर में समय-समय पर सामाजिक, धार्मिक व मानव सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# राज्यस्तरीय जगतगुरु ब्रह्मानंद जयंती की तैयारियों की समीक्षा करेंगे विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण : सुमित ऐबला

**24 दिसंबर को गांव चुहड़ माजरा में राज्यस्तरीय भव्य समारोह में मुख्यातिथि होंगे मुख्यमंत्री नायब सैनी**



**तरावड़ी, 10 दिसम्बर ( छाया शर्मा ) :** भारतीय जनता पार्टी के नेता सुमित ऐबला ने बताया कि जगतगुरु ब्रह्मानंद जी महाराज की जयंती इस वर्ष 24 दिसंबर को कैथल जिले के गांव चुहड़ माजरा में राज्यस्तरीय भव्य समारोह के रूप में मनाई जाएगी। जयंती समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। सुमित ऐबला ने बताया कि यह समारोह हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की अगुवाई में गठित कमेटी द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश की अनेक राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक हस्तियां भाग लेंगी। समारोह को यादगार बनाने हेतु तैयारियाँ पूरे जोर-शोर से जारी हैं। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। सुमित ऐबला ने बताया कि जयंती महोत्सव की तैयारियों और समाज की भागीदारी को लेकर विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण 13 दिसंबर को दोपहर लगभग 2 बजे पंजाबी धर्मशाला, नीलोखेड़ी में समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक कर विशेष चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि जगतगुरु ब्रह्मानंद जी महाराज ने सत्य, भक्ति और सेवा के मार्ग पर चलकर समाज को प्रेम, एकता और सद्भाव का संदेश दिया। उनका जीवन दर्शन आज भी मानवता के लिए पथप्रदर्शक है। भाजपा नेता सुमित ऐबला ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में जयंती महोत्सव में पहुँचकर गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त करें और भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

### मुख्यमंत्री ने भारी बारिश से हुए फसल नुकसान की भरपाई के लिए 53,821 किसानों को 116 ...

हजार 199 किसानों ने 31 लाख एकड़ क्षेत्र का पंजीकरण करवाया है। सत्यापन के बाद 53 हजार 821 किसानों का 1 लाख 20 हजार 380 एकड़ कृषि क्षेत्र क्षतिग्रस्त पाया गया।

**सरकार हर स्थिति में किसानों के साथ खड़ी** - श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और यदि किसान का कोई नुकसान होता है तो सरकार उसकी भरपाई करती है। इसी सोच के साथ सरकार ने प्रदेश में फसल खराब होने पर गत 11 सालों में किसानों को मुआवजे और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब तक 15 हजार 448 करोड़ रुपये की राशि दी है।

**कांग्रेस किसानों के साथ करती थी भद्दा मजाक, मुआवजे के नाम पर किसानों को देते थे 2- 5 रुपए के चैक**

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस किसानों के साथ कैसा भद्दा मजाक करती थी ये लोग अच्छे से जानते हैं। कांग्रेस के समय तो पटवारी धरातल पर ठीक से सत्यापन भी नहीं करते थे जिसके कारण किसानों को पूरा मुआवजा नहीं मिलता था। जिन किसानों को मुआवजा दिया भी जाता था उनको भी 2- 2 रुपए और 5- 5 रुपए के चैक दिए जाते थे। कांग्रेस सरकार के 10 साल के शासनकाल में 1 हजार 138 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि जारी की गई थी ।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस सरकार तो किसानों के मुआवजा के 269 करोड़ रुपये की राशि भी नहीं दे पाई। वर्ष 2014 में जब प्रदेश के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को जनसेवा का मौका दिया उसके बाद वर्ष 2015 में राज्य सरकार ने कांग्रेस सरकार का पुराना पैसा 269 करोड़ रुपए किसानों के खातों में पहुंचाया।

**खरीफ सीजन-2025 में फसलों के नुकसान के सत्यापन के काम में लापरवाही बरतने वाले 6 पटवारियों को निलंबित किया गया**

मुख्यमंत्री ने कहा कि खरीफ सीजन-2025 में फसलों के नुकसान के सत्यापन के काम में लापरवाही बरतने वाले 6 पटवारियों को निलंबित किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का स्पष्ट एजेंडा है कि सरकार हर नागरिक के प्रति जवाबदेह है और आगे भी यदि कोई अपने काम में कोताही या गलती करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**भावान्तर भरपाई योजना के तहत बाजरा किसानों को 358 करोड़ 62 लाख रुपये की राशि की जारी** - मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में बाजरा किसानों को बाजरे की फसल का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए खरीफ सीजन 2021 में बाजरे को भावांतर भरपाई योजना में शामिल किया था। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुये खरीफ सीजन 2025-26 के दौरान बाजरे की खरीद गत 23 सितंबर से आरंभ की गई थी ।उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य देने के लिए सरकार ने बाजरा भावान्तर भरपाई योजना के तहत 575 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों को लाभ देने का निर्णय लिया। इसी निर्णय के तहत आज प्रदेश के 1 लाख 57 हजार किसानों को 358 करोड़ 62 लाख रुपये की राशि बाजरा भावान्तर के रूप में जारी की गई है। इस राशि का भुगतान तुरंत प्रभाव से शुरु कर दिया जाएगा तथा अगले एक सप्ताह में पूरी राशि लाभार्थी किसानों के खातों में चली जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सीजन में कुल 6 लाख 23 हजार मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की गई। अब तक किसानों को बाजरा भावांतर के रूप में 927 करोड़ रुपये की राशि दी जा चुकी है। आज की राशि को जोड़कर यह 1 हजार 285 करोड़ 62 लाख रुपये हो गई है ।इस अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग और वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री एके सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता, सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विजेंद्र कुमार, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष सचिव श्री प्रभजोत सिंह, कृषि विभाग के निदेशक श्री राजनारायण कौशिक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के निदेशक श्री अमित खत्री, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव श्री यश पाल, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री पार्थ गुप्ता, अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) श्रीमती वर्षा खांगवाल, मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय उपस्थित रहे।

# हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने राज्यस्तरीय युवा महोत्सव 2025 के समापन पर मुख्यअतिथि के रूप में करी शिरकत

## कृष्ण बेदी ने आडिटोरियम के प्रांगण में लगे स्टाल व प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**उत्सव ने युवाओं की उर्जा, प्रतिभा और संस्कारों की जीवंत झलक को निखारा : कृष्ण बेदी**




पंचकूला, 10 दिसंबर (सतीश मंगला) : हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने आज राज्यस्तरीय युवा महोत्सव 2025 के समापन अवसर पर सैक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष आडिटोरियम में मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की और कहा कि इस उत्सव ने युवाओं की उर्जा, प्रतिभा और संस्कारों की जीवंत झलक को निखारा है। मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि राज्य युवा महोत्सव 2025 के इस ऐतिहासिक समापन के अवसर पर जो युवा साथी इस मंच तक पहुँचे वे भी बहुत बधाई व शुभकामनाओं के पात्र हैं। उन्होने कहा कि यह समापन समारोह इस युवा महोत्सव का न केवल अंतिम पड़ाव है, अपितु एक सन्देश भी है- ये सन्देश है पूरे विश्व को, कि हरियाणा का युवा अपने साहस, प्रतिभा और शौर्य के बल पर न केवल हरियाणा को बल्कि पूरे भारत को एक नई दिशा की ओर ले जा सकता है। आज इस मंच से किसी साधारण कार्यक्रम का समापन नहीं हो रहा, बल्कि ये आगाज है एक संकल्प, एक चेतना, एक आंदोलन और एक उज्ज्वल भविष्य का। राज्य युवा महोत्सव 2025 केवल एक आयोजन नहीं रहा, यह हरियाणा के युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा, आत्मविश्वास और संस्कारों की जीवंत झलक बन गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र को उसकी बड़ी बड़ी इमारतें महान नहीं बनाती बल्कि उसे महान बनाता है युवाओं की शक्ति व चरित्र। देश की महानता के इस यज्ञ में आहुति डालती है आपके संकल्प और श्रम की। आज संपन्न हुए इस महोत्सव में मैंने ये तो निश्चित रूप से अनुभव किया है कि न तो हमारे युवाओं में संकल्प की कमी है और न ही वे मेहनत करने में किसी प्रकार की कमी रहने देंगें। उन्होने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विकसित भारत बनाने का जो महान लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य की सबसे मजबूत शक्ति आज इस इस सभागार में मेरे सामने उपस्थित युवा वर्ग है। उन्होने कहा कि 2047 का भारत केवल समृद्ध नहीं होगा, वह संस्कारी, सशक्त, आत्मनिर्भर और विश्व गुरु होगा, और यह परिवर्तन किसी एक सरकार से नहीं, बल्कि आप जैसे करोड़ों युवाओं की तपस्या से आएगा। जब यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृतकाल और राम राज्य की बात करते हैं तो उसके केंद्र में जो विचार है वो मैं इन पंक्तियों के माध्यम से व्यक्त करना चाहता हूँ। संविधान का विधान हो, सेवक स्वयं प्रधान हो, उपलब्ध सबको ज्ञान हो, उद्देश्य जन कल्याण हो हर हाथ रोजगार हो, सशक्त नौजवान हो।

उन्होने कहा कि वे मुख्यमंत्री नायब सैनी का भी हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करते हैं। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व का ही कमाल है जिसने हरियाणा को देश के अग्रणी राज्यों की पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया। उन्होंने युवा कल्याण के लिए जो भी योजनाएं चलाई है, उनका क्रियान्वन भी सुनिश्चित किया है उन्होंने ये भी सुनिश्चित किया है कि ये योजनाएं केवल फाइलो तक ही सीमित न रहे, बल्कि हर जरुरतमंद युवा तक इसका लाभ पहुँचे, और सरकार का ये भी संकल्प है कि हम सब उन योजनाओं को युवाओं तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हम हर युवा के जीवन को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। आज तक लोग हरियाणा को सिर्फ खेलों और खेतों का प्रदेश समझते थे, पर मुख्यमंत्री ने यह साबित कर दिया कि हम संस्कृति, साहित्य, विज्ञान या उद्यमिता में किसी से भी कम नहीं। उन्होने कहा कि इस महोत्सव में आप लोगों की प्रतिभा और उर्जा को देखकर पूर्ण विश्वास, गर्व और आत्मसम्मान के साथ यह कह सकता हूँ कि हरियाणा का युवा किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है व प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में हरियाणा ही सबसे अग्रणी भूमिका अदा करेगा। हरियाणा सरकार का समाजिक न्याय एवंम अधिकारिता विभाग, जिसकी जिम्मेवारी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें सौंपी हुई है, अनेकों छात्रवृति, जन कल्याण तथा युवा कल्याण की योजनाएं चला रहा है, जो युवाओं को भी हर तरह से समर्थ और सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। इन योजनाओं से उन युवाओं को भी आगे बढ़ाने हेतु बराबर के अवसर मिल रहें है जो आर्थिक या सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों से संबंध रखते है। हरियाणा का किसान मजबूत होगा तो भारत की थाली मजबूत होगी। हरियाणा का खिलाड़ी मजबूत होगा तो तिरंगा विश्व में सबसे ऊँचा लहराएगा। हरियाणा का युवा मजबूत होगा तो भारत विश्वगुरु बनेगा। कृष्ण बेदी ने कहा कि आज यह मंच शांत हो जाएगा, पर आपकी उड़ान नहीं रुकनी चाहिए। यह रोशनी मंद जाएगी, पर आपके भीतर की ज्योति जलती रहनी चाहिए। यह महोत्सव समाप्त हो रहा है, पर आपका संघर्ष, आपका संकल्प और आपकी साधना आज से और भी तेज होनी चाहिए। इससे पूर्व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने इंद्रधनुष आडिटोरियम के प्रांगण में लगे स्टाल व प्रदर्शनी का अवलोकन किया। एग्रोटैक पर लगे सिरसा के बच्चों के स्टाल पर श्री बेदी ने बच्चों से भी जानकारी प्राप्त की और उनकी सराहना की। श्री बेदी ने विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृठ प्रदर्शन के लिए प्रथम, द्वितिय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को मौमेंटो व नकद ईनाम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्राओं ने हरियाणवी व सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से माहौल को रंगारंग कर दिया। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति के लिए उनकी सराहना की और सम्मानित किया। इस अवसर पर राजीव रंजन, प्रधान सचिव, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) जे. एस. नैन, विभाग में मुख्यमंत्री के सलाहाकार, डा. विवेक अग्रवाल, महानिदेशक, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, डा. वन्दना दिसोदिया, अतिरिक्त निदेशक, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण समारोह में उपस्थित थे।

# इसराना, मडलौडा क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार होगी तेज

पानीपत, 10 दिसंबर (हरप्रीत छत्तवाल) जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण सिंह की अध्यक्षता में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास



योजना के तहत इसराना विधानसभा क्षेत्र के खण्ड इसराना और मडलौडा में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के उपमंडल अभियंता व दोनों खंडों के कनिष्ठ अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सांसद से प्राप्त सभी विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। सीईओ ने कहा कि जिन कार्यों की प्रगति जारी है, उन्हें शीघ्रातिशीघ्र पूरा करवाया जाए, जबकि अब तक शुरू न हुए कार्यों को एक सप्ताह के भीतर शुरू किया जाए। इसके साथ ही जिन विकास योजनाओं के तकनीकी अनुमान/प्राक्कलन तैयार कर ई-साक्षी पोर्टल पर अपलोड नहीं किए गए हैं, उन्हें भी एक सप्ताह के भीतर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। बैठक में उपस्थित इंचार्ज, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना को भी निर्देश दिए गए कि सांसद द्वारा अनुमोदित विकास कार्यों की तुरंत प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त की जाए और योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करवाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में पंचायती राज विभाग के इसराना और मडलौडा के उपमंडल अभियंता, दोनों खंडों के समस्त कनिष्ठ अभियंता तथा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के इंचार्ज मौजूद रहे।

# रायपुररानी में ट्रैफिक पुलिस का कड़ा एक्शन, बुलेट पटाखा चालकों की बढ़ी टेंशन

**12 बिना नंबर प्लेट बुलेट पर चालान, 5 बाइक इम्पाउंड और 34,500 रुपये का भारी जुर्माना जारी**



**रायपुररानी, 10 दिसम्बर (देवेन्द्र सिंह) :** रायपुररानी में सड़क सुरक्षा और बढ़ते शोर-प्रदूषण पर कड़ा प्रहार करने के लिए सूरजपुर ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का मुख्य फोकस संशोधित साइलेंसर लगे बुलेट चालकों और नियम तोड़ने वालों पर रहा। टीम ने कुल 20 चालान जारी किए, जिनमें 12 चालान बिना नंबर प्लेट वाली बुलेट पर और 5 बुलेट बाइकें इम्पाउंड की गईं। इसी दौरान एक बुलेट चालक पर 34,500 रुपये का भारी चालान भी जारी किया गया। जबकि यातायात जागरूकता के उद्देश्य से पुलिस ने सरकारी स्कूल, बस स्टैंड और महाविद्यालय के बाहर छात्रों और आम लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट की अनिवार्यता और स्पीड लिमिट का पालन करने के संबंध में जानकारी दी। ट्रैफिक एसएचओ अभिषेक ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं है, बल्कि लोगों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध साइलेंसर और खतरनाक ड्राइविंग के खिलाफ कार्रवाई भविष्य में ओर भी सख्ती से की जाएगी।

# रायपुररानी, गढ़ी-कोटाहा और श्यामटू में निर्माण मजदूरों की बैठकों में उबाल, 14 दिसंबर को कुरुक्षेत्र में सीएम आवास घेराव का ऐलान



**रायपुररानी,10 दिसंबर ( देवेन्द्र सिंह ):** हरियाणा सरकार की मजदूर-विरोधी नीतियों और बंद पड़े निर्माण मजदूर पोर्टल के खिलाफ़ रायपुररानी, गढ़ी-कोटाहा और श्यामटू क्षेत्रों में निर्माण मजदूरों में भारी रोष देखने को मिला। भवन निर्माण कामगार यूनियन की जिला टीम ने तीनों क्षेत्रों में व्यापक अभियान चलाते हुए मजदूरों की बैठकों का आयोजन किया। उन्होंने 14 दिसंबर को कुरुक्षेत्र में प्रस्तावित राज्य स्तरीय प्रदर्शन में अधिक से अधिक मजदूरों के शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला सचिव लच्छी राम शर्मा ने मजदूरों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि कई महीनों से निर्माण मजदूरों का ऑनलाइन पोर्टल बंद है। इसके कारण लाखों मजदूरों का पंजीकरण, नवीनीकरण और कल्याण योजनाओं का भुगतान पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि पेंशन, प्रसूति लाभ, शिक्षा सहायता, कन्यादान और मृत्यु सहायता जैसी योजनाएँ बंद हैं। वहीं, भवन निर्माण कल्याण कोष में लगभग 6 हजार करोड़ रुपये जमा होने के बावजूद मजदूर अपने अधिकारों से वंचित हैं। सरकार इस राशि पर कुंडली मारकर बैठी है और असली लाभार्थियों को राहत नहीं दी जा रही है। हालांकि, गढ़ी-कोटाहा में हुई बैठक में मजदूर नेताओं ने आरोप लगाया कि बोर्ड में भ्रष्टाचार चरम पर है। कई जिलों में फर्जी पंजीकरण कर लाभ उठाने के मामले सामने आए हैं, जबकि असली मजदूरों को उनके हक से वंचित रखा गया है। बैठकों में जिला प्रधान जय चंद, तेजपाल सचिव गढ़ी-कोटाहा यूनिट, मांगेराम प्रधान बालदवाला, बरखा राम और ज्ञान चंद सहित कई मजदूर नेता उपस्थित रहे।

# ईएसआईसी की स्प्री-2025 योजना की अंतिम तिथि 31 दिसंबर

## नियोक्ताओं के लिए सुनहरा अवसर : बिना पेनल्टी के करा सकते हैं पंजीकरण, योजना अब अंतिम चरण में



पानीपत, 10 दिसंबर (हरप्रीत छत्तवाल) केंद्र ने जुलाई में स्प्री-2025 (नियोक्ताओं और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना) शुरू की थी। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ई.एस.आई.सी.) द्वारा शुरू की गई स्प्री-2025 (नियोक्ता एवं श्रमिकों के लिए पंजीकरण की प्रोत्साहन योजना) का सार ई.एस.आई.सी. द्वारा स्वीकृत समयबद्ध पहल है, जिसका उद्देश्य ई.एस.आई.सी. में अभी तक अपंजीकृत चल रहे प्रतिष्ठानों और कर्मचारियों को बिना पूर्व देयताओं या निरिक्षण के पंजीकृत करना है। यह स्कीम नियोक्ताओं को ई.एस.आई.सी. पोर्टल और श्रम सुविधा पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप से अपने प्रतिष्ठान और पात्र कर्मचारियों को पंजीकृत करने का सरल विकल्प देती है, जिसमें पूर्व अवधि के लिए निरीक्षण व बकाया योगदान की मांग नहीं की जाएगी।अब जब से यह योजना शुरू हुई है तो संस्थान, विभिन्न कारखानों के ठेकेदार, होटल, रेस्टोरेंट, अस्पताल/नर्सिंग होम, शैक्षणिक संस्थान, राइस मिल, कोल्ड स्टोरेज, गैस एजेंसीज, पेट्रोल पंप, ईंट भट्ठा, पोल्ट्री फार्म, रेलवे के ठेकेदार एवं सभी सरकारी कार्यालयों के ठेकेदार स्वयं को तथा अपने श्रमिकों/कर्मचारियों को सीधा पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण के साथ ही कर्मचारी का ईएसआई कार्ड बना दिया जाता है। सामाजिक सुरक्षा ढांचे को और सशक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने नियोक्ताओं और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष जुलाई में योजना की शुरुआत की थी। इस योजना की अंतिम तारीख 31 दिसंबर, 2025 है। ईएसआई कॉरपोरेशन के उप-क्षेत्रीय कार्यालय करनाल के संयुक्त निदेशक (प्रभारी) हरिओम प्रकाश ने बताया कि ऐसे में ईएसआईसी की ओर से जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं और छोटे-बड़े उद्योगपतियों को योजना का लाभ लेने को कहा जा रहा है। बता दें कि इस समय उप क्षेत्रीय कार्यालय, करनाल में लगभग चार लाख ईएसआई कार्डधारक हैं। कार्ड बनाए जाने पर कर्मचारी के वेतन 0.75 प्रतिशत और नियोक्ता का 3.25 प्रतिशत अंशदान ईएसआईसी के खाते में जमा होता है। इस समय उप क्षेत्रीय कार्यालय, करनाल के अधीन 7 जिलों पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल, अम्बाला, यमुना नगर एवं पंचकुला में विभिन्न संस्थानों में बहुत से ऐसे कर्मचारी हैं, जिनका मासिक वेतन 21 हजार रुपए तक है और उनका ईएसआई कार्ड नहीं बना हुआ है। ऐसे संस्थान पंजीकरण के लिए आगे आए, जो होटल, रेस्टोरेंट, अस्पताल/नर्सिंग होम, शैक्षणिक संस्थान, राइस मिल, कोल्ड स्टोरेज, गैस एजेंसीज, पेट्रोल पंप, ईंट भट्ठा, पोल्ट्री फार्म, रेलवे के ठेकेदार एवं सभी सरकारी कार्यालयों के ठेकेदार जिनके द्वारा अभी तक कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकरण नहीं करवाया गया है । उन्होंने कहा कि नव वर्ष 2026 में सर्वे/औचक निरिक्षण के दौरान अगर ऐसे संस्थान पंजीकृत नहीं पाए गए तो उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी ।संयुक्त निदेशक (प्रभारी) हरि ओम प्रकाश ने बताया कि ट्रेड यूनियन और कंपनी प्रबंधकों, कारखाने एवं राइस मीलों के मालिकों के साथ बैठकें की जा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया की सभी जिला शिक्षा अधिकारीयों को पत्र लिख कर अनुरोध किया गया है की वे अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले निजी स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थानों को ईएसआईसी में पंजीकरण कराएँ। उनका उद्देश्य है कि अधिक से अधिक कर्मचारियों के ईएसआई कार्ड बनाए जाएं, ताकि वह जरूरत पड़ने पर ईएसआई डिस्पेंसरियों, अस्पतालों एवं सम्बद्ध नर्सिंग होम तथा सुपर स्पेसीलिटी अस्पतालों में कैशलेस इलाज करा सकें तथा दुर्घटना की स्थिति में उनको उचित पेंसन एवं हितलाभ दी जा सके ।संयुक्त निदेशक (प्रभारी) हरि ओम प्रकाश ने सभी नियोजकों से अनुरोध किया है कि यह उनके लिए एक सुनहरा अवसर है कि वे जल्दी से जल्दी पंजीकरण की प्रक्रिया में शामिल होकर लाभ उठाएं ताकि सभी कर्मचारी सामाजिक सुरक्षा से लाभान्वित हो सकें। इसलिए, सभी नियोक्तों से अनुरोध किया गया है कि वे 31 दिसंबर 2025 से पूर्व पंजीकरण अवश्य करवा लें। यदि नियोक्ता इस योजना के दौरान ईएसआईसी के तहत पंजीकरण नहीं करते हैं तो कानूनी/अभियोजन की कार्रवाई और आर्थिक नुकसान, ईएसआईसी पुराने समय से देय सभी अंशदान वसूल कर सकता है, इसके साथ ब्याज और पेनल्टी भी वसूली की जा सकती है ।उप-क्षेत्रीय कार्यालय करनाल के संयुक्त निदेशक (प्रभारी) हरिओम प्रकाश ने सभी निरीक्षकों एवं शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि वे इस योजना को हर फैक्ट्री, दुकान और प्रतिष्ठान तक पहुँचाए और नियोक्ताओं तथा कर्मचारियों की पूरी मदद करें। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह है कि 10 या अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठान, जो अभी तक ई.एस.आई.सी. के अंतर्गत अपंजीकृत थे, वे प्रतिष्ठान स्वैच्छिक रूप से बिना भय के या पिछली अवधि के लिए कोई बकाया जमा किए बिना ईएसआई योजना में शामिल हो सकते हैं। पंजीकरण की तिथि वही मानी जाएगी जो नियोक्ता द्वारा घोषित की जाएगी; पूर्व अवधि के लिए कोई योगदान देय नहीं होगा। इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत कर्मचारियों व उनके आश्रितों को ई.एस.आई.सी. की चिकित्सा, बीमारी, मातृत्व, अपंगता एवं आश्रित लाभ जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। स्प्री-2025 के अंतर्गत ऐसे नियोक्ता जो ईएसआईसी में पंजीकृत है परन्तु किसी वजह से वे किसी कारण वश अपने सभी पात्र कार्मिकों का पंजीकरण नहीं किए थे, वे भी बिना किसी भय के शेष कार्मिकों का पंजीकरण करा सकते हैं।

## COURT NOTICE

**In the Court of**
**Sh. Bhuvnesh Saini**
**Civil Judge (Jr.Divn.), Narnaul**
**CNR No.HRNR02-001775-2025**
**CS/1351/2025**
**Next Date: 15.12.2025**
**Previous date: 30.10.2025**
Dharampal Singh
Vs.
General Public
Notice to: General Public, Narnaul
In above titled case the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **15.**12.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https:// highcourtchd.gov.in/ ?trs=district_ notice&district=Mahendragarh
Dated, this day of 14-11-2025
**Sd/-Civil Judge (Jr.Divn.), Narnaul**

---

**In the Court of**
**Ms. Archana**
**Addl. Civil Judge (Sr. Division), Rewari**
**CNR No.HRRE02-001831-2025**
**Next Date: 17.02.2026**
Suman Yadav
Vs.
General Public
Notice to: General Public, Rewari.
In above titled case the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **17.**02.2026 at 10:00 A.M.
For details logon to https:// highcourtchd.gov.in/ ?trs=district_ notice&district=Rewari
Dated, this day of 08-12-2025
**Sd/- Addl. Civil Judge (Sr. Division), Rewari.**

---

**In the Court of**
**Sh. Vikas Sharma**
**Civil Judge Junior Division-cum-JMIC, Ist Class, Panipat**
**CM/64/2025**
**CNR No.HRPP02-000655-2025**
**Next Date: 06.01.2026**
Ram Chander
Vs.
Rajbir
Notice to: Rajbir s/o Sh. Nihal Singh Proprietor of Vijay Hatchery Farm village Dahar r/o H.No. 247-A Sec 40 Panipat. Mob. 8930500003
In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **06.**01.2026 at 10:00 A.M.
For details logon to https:// highcourtchd.gov.in/ ?mod=district_ notice&district=Panipat
Dated, this day of 09-12-2025
**Sd/- Sh. Vikas Sharma**
**Civil Judge Junior Division-cum-JMIC, Ist Class, Panipat**

---

**In the Court of**
**Sh. Rajan Walia**
**Additional District and Sessions Judge-I, Sirsa**
**CNR No.HRSI01-009650-2021**
**Next Date: 22.12.2025**
Jaspal Singh
Vs.
Dakshin Haryana Bijli Nigam
Notice to: Ranjit Kaur widow r/o Kothi No. 71, Phase 6, Near Dara Studio, Mohalli, Punjab
Gurmeet Singh s/o Gurdev Singh r/o Kothi No. 71, Phase 6, Near Dara Studio, Mohalli, Punjab
In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **22.**12.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https:// highcourtchd.gov.in/ ?mod=district_ notice&district =Sirsa
Dated, this day of 10-12-2025
**Sd/- Additional District and Sessions Judge-I, Sirsa**

## बेदखली सूचना

मैं सुभाष पुत्र श्री बाबू राम निवासी ऋषि नगर नजदीक दून वैली कॉलेज करनाल सूचित करता हूं कि मेरा लड़का अमन व इसकी पत्नी प्रियंका जोकि ये दोनों मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इन दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन दोनों से लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
**-शपथकर्ता**

## बेदखली सूचना

मैं सुखदेव सिंह पुत्र श्री बसावा सिंह निवासी गांव सरदारेवाला तहसील रतिया जिला फतेहाबाद सूचित करता हूं कि मेरा लड़का जसपाल सिंह जोकि मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार की किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **-शपथकर्ता**

## बेदखली वापिसी

मैं भीम बहादुर पुत्र मान बहादुर निवासी गली नं. 18 कर्ण विहार तहसील व जिला करनाल सूचित करता हूं कि मैंने अपने लड़के विष्णु को बेदखल कर दिया था, लेकिन अब यह मेरे कहने सुनने में है। इसलिए मेरे द्वारा की गई इसकी बेदखली को अब मैं वापिसी लेता हूं। मेरी चल-अचल संपत्ति में मेरे बेटे विष्णु का पूरा हक ओर अधिकार है। **-शपथकर्ता**

## COURT NOTICE

**In the Court of**
**Sh. Prashant Rana**
**AD and SJ, Principal Judge, Family Court, Ambala**
**CNR No.HRAM01-004054-2025**
**Next Date: 04.02.2026**
**GW-34-2025**
Manju Devgan Aged About 52 Years Wife Of Late Shri Sanjeev Kumar Devgan Resident Of Huse No 1712, Geeta Nagari, Ambala City, Haryana
Vs.
General Public, Ambala City
Petition Under Section 7 And 10 Of The Guardian And Wards Act 1890 And Hindu Minority And Guardianship
Notice to: General Public:- Ambala City
In above titled case the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **04.**02.2026 at 10:00 A.M.
For details logon to https:// highcourtchd.gov.in/ ?mod=district_ notice&district=Ambala
Dated, this day of 09-12-2025
**Sd/- Sh. Prashant Rana**
**AD and SJ, Principal Judge, Family Court, Ambala**

---

**In the Court of**
**Ritika Sharma**
**Civil Judge (Junior Division), Karnal**
**CNR No.HRKR02-001673-2025**
**Next Date: 17.01.2026**
State Bank of India
Vs.
Maa Vaishno Traders
Notice to: 1. Maa Vaishno Traders:- Anand Vihar Colony, New Anaj Mandi Karnal, Teh And Disti Karnal Through Its Prop. Shiv Kumar S/O Okil Sahni 2 Shiv Kumar S/O Okil Sahni, R/O H No 38, Gali No 3 Mangal Colony, Karnal
In above titled case the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **17.**01.2026 at 10:00 A.M.
For details logon to https:// highcourtchd.gov.in/ ?mod=district_ notice&district=Karnal
Dated, this day of 08-12-2025
**Sd/- Civil Judge (Junior Division), Karnal**

---

**In the Court of**
**Ritika Sharma**
**Civil Judge (Junior Division), Karnal**
**CNR No.HRKR02-001672-2025**
**Next Date: 17.01.2026**
State Bank of India
Vs.
Lovely Denting and Painting shop
Notice to: 1 lovely Denting And Painting Shop :- Shop No7, Near Guru Nanak Girls School, Lik Road, Dyal, Singh Colony, Karnal Through Its Prop. Harish Grower S/O Darshan Lal 2 Harish Grover S/O Darshan, R/O H. No 74, Krishna Nagar, Near Hanuman Mandir, Karnal
In above titled case the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **17.**01.2026 at 10:00 A.M.
For details logon to https:// highcourtchd.gov.in/ ?mod=district_ notice&district=Karnal
Dated, this day of 08-12-2025
**Sd/- Civil Judge (Junior Division), Karnal**

---

**In the Court of**
**Sh. Ashutosh**
**Additional Civil Judge (Senior Division), Hansi**
**CNR No.HRHSA0-000439-2025**
**Next Date: 20.01.2026**
**Succ/2/2025**
1-Aman Kumar, 2- Shubham Miner Sons Of Baljeet Son Of Dharma Minor Through His Next Friend And Natural Guardian Real Brother Aman Kumar Resident Of Village Madha, Tehsil Narnaund, District Hisar
Vs.
General Public/Relatives
Petition Under Section 372 Of The Succession Act, For The Grant Of Succession Certificate Relating To Debts Of Baljeet Son Of Dharma s/o Hetia Resident Of Village Madha, Tehsil Narnaund, District Hisar
Notice to: General Public Relatives:- General Public
In above titled case the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **20.**01.2026 at 10:00 A.M.
For details logon to https:// highcourtchd.gov.in/ ?mod=district_ notice&district=Hisar
Dated, this day of 02-12-2025
**Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Hansi**

# सम्पादकीय

## चुनाव सुधार और 'वोट चोरी' पर संसद में बहस

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान हाल ही में हुई बहस में 'वोट चोरी' और व्यापक चुनाव सुधारों का मुद्दा जिस गंभीरता से सभी पक्षों के सांसदों द्वारा उठाया गया, वह भारत की लोकतांत्रिक यात्रा के लिए इसे एक निर्णायक अवसर माना जा सकता है। मतदान प्रक्रिया पर बढ़ते सवाल, तकनीकी, पारदर्शिता को लेकर विपक्ष की आशंकाएँ निराधार नहीं है। चुनाव में अर्थतंत्र की भूमिका का असर, चुनाव के यह मुद्दे लंबे समय से देश की राजनीति और चुनाव में गहरी जड़ें जमा चुके हैं। इस बार संसद में जिस तीखेपन और स्पष्टता के साथ इन सभी प्रश्नों को सांसदों ने रखा है, उससे सरकार और चुनाव आयोग दोनों के ऊपर चुनाव में सुधारों की दिशा में ठोस कदम उठाने का दबाव बनाने का काम किया है। चुनाव आयोग और सरकार की जवाबदेही तय करने की दिशा में संसद आगे बढ़ी है। बहस का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह रहा, कि चर्चा में वोट चोरी मामले को लेकर सभी गंभीर दिखे। लगभग सभी दलों ने 'वोट चोरी' चुनाव में सरकार के 'अनुचित प्रभाव' तथा चुनाव आयोग का सत्ताधारी दल के प्रति समर्पण जैसे आरोपों की पृष्ठभूमि में चुनाव प्रक्रिया के भरोसे को लेकर विपक्ष की चिंता देखने लायक थी। विपक्ष ने हर बात को बड़ी सूक्ष्मता के साथ संसद में रखा है। इस बहस में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में जिस तरह की तलखी देखने को मिली है। सरकार को घेरते हुए विपक्ष ने जिस तरह की एकजुटता मजबूती के साथ दिखाई है, उससे चुनाव आयोग और सरकार की परेशानी निश्चित रूप से बढ़ी है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं कुछ सदस्यों ने ईवीएम से जुड़ी पारदर्शिता को बढ़ाने, वीवीपैट की संख्या में वृद्धि करने, 100 फ़ीसदी मतपत्रों की गिनती करने, और स्वतंत्र ऑडिट की आवश्यकता पर जोर दिया है। संसद में विपक्ष के सदस्यों ने डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के बढ़ते खतरे का उल्लेख करते हुए मतदान प्रणालियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुधार करने एवं जवाबदेही तय करने की बात कही है। सदन में स्वीकार किया गया है, चुनावी सुधार केवल तकनीकी बदलावों तक सीमित नहीं हो सकते। काले धन और चुनावी खर्च की सीमा के उल्लंघन ने चुनाव को बुरी तरह से प्रभावित करते हुए लोकतांत्रिक संतुलन को बिगाड़ा है। राजनीतिक दलों के चुनावी चंदे में पारदर्शिता, चुनावी बॉन्ड, सरकारी खजाने से चुनाव के दौरान मतदाताओं के खाते में राशि ट्रांसफर करने एवं पैसे के बल पर चुनाव को प्रभावित करने, विवादित तंत्रों एवं पैसे के बल पर चुनाव को प्रभावित करने का उल्लेख संसद में करते हुए इनमें सुधार की मांग की गई है। उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड पर कड़े नियम बनाने के मांग और बहस ने सभी का ध्यान आकर्षित किया है। कई सदस्यों ने मांग दोहराई, दोषी राजनीतिक व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए समयबद्ध न्यायिक प्रक्रिया को विकसित किया जाना जरूरी है। वोट चोरी' से जुड़े आरोप लोकतंत्र में जनता के विश्वास को चोट पहुँचाते हैं। सदस्यों की मांग थी, संसद में उठे मुद्दों को केवल चर्चा और बहस की औपचारिकता नही माना जाए। संसद में चुनाव सुधार और वोट चोरी को लेकर जो चर्चा हुई है, उस पर तुरंत गंभीरता के साथ आधार बनाकर चुनावी प्रणाली को विश्वसनीय बनाने के लिए और चुनाव में लोगों का भरोसा बना रहे, उसके लिए आवश्यक परिवर्तन करने की जरूरत है। सरकार और चुनाव आयोग को सभी राजनीतिक दलों को भरोसे में लेकर चुनाव सुधार की दिशा में ठोस, समयबद्ध, पारदर्शी सुधार लागू किए जाने की दिशा में तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। लोकतंत्र की शक्ति तभी सुरक्षित रह सकती है जब चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, विश्वासप्रद और भविष्य की तकनीकी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो। इस पर सभी राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को विश्वास हो। संसद में हुई बहस ने देश को एक बड़ा संदेश दिया है। भारत सरकार और चुनाव आयोग के पास अब चुनाव सुधारों को टालने का विकल्प नहीं बचा है। जिस तरह के हालात पूरे देशभर में बने हैं। एसआईआर के बाद जिस तरह से मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा रहे हैं। मतदाता सूची समय पर राजनीतिक दलों और आम जनता के समक्ष नहीं रखी जा रही है। मतदान के बाद जिस तरह से मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जाता है। वीवीपीएटी की मशीनों के पर्चियों की गणना नहीं की जाती है। उसके कारण राजनीतिक दलों और आम जनता का भरोसा चुनाव प्रक्रिया से खत्म होता जा रहा है। मतदाताओं का भरोसा पुनः मजबूत करने के लिए संसद में विपक्ष ने जिस तरह के सुझाव दिए हैं उन पर तुरंत सुधार किए जाने की जरूरत है। चुनाव आयोग की नियुक्ति और एसआईआर को चुनाव आयोग सरकार और न्यायपालिका की भूमिका को लेकर भी संसद में बहुत कुछ कहा गया है। जिस तरह से मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की गई है, न्यायपालिका से चुनाव से संबंधित मामलों की सुनवाई को लंबे समय तक टाला जा रहा है। उसके कारण चुनाव और चुनाव की विश्वसनीयता को लेकर लगातार शक-सुबहा बढ़ता ही चला जा रहा है। संसद में हुये इस विमर्श ने केंद्र सरकार, चुनाव आयोग तथा न्यायपालिका को एक मौका दिया है। समय रहते इस पर सार्थक पहल हो जाती है तो लोगों का इस पर भरोसा बना रहेगा। जिस तरह की हालत वर्तमान में देखने को मिल रही है सरकार चुनाव, आयोग और न्यायपालिका ने यदि अपनी भूमिका का सही तरीके से निर्वाह जिम्मेदारी के साथ नहीं किया तो आगे चलकर भारत में भी वही स्थिति बन सकती है जिस तरह की स्थिति बांग्लादेश में बनी थी। चुनावी व्यवस्था लोकतंत्र का आधार है। जहां पर नागरिक अपने अधिकार निर्वाचित प्रतिनिधियों को सौंपते हैं। यदि आम जनता को यह विश्वास नहीं होगा कि उसने जिसे वोट दिया है उसे वोट नहीं मिला तो ऐसी स्थिति में एक विद्रोह पनपता है। जनता के विद्रोह के सामने कोई भी शक्ति टिकती नहीं है। संसद में जिस तरह से चुनाव सुधार पर बहस हुई है, उसके बाद सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। चुनाव आयोग द्वारा पारदर्शिता के साथ चुनाव कराए जाएं।

# गोवा के नाइट क्लब में आगजनीः आखिर कब जागेगी सरकार

**ललित गर्ग**

एक बार फिर एक भीषण आग ने 25 मासूम जिंदगियों को छीन लिया। गोवा के नाइट क्लब में हुई यह त्रासदी केवल आगजनी नहीं, बल्कि हमारे सिस्टम की विफलता, गैर-जिम्मेदारी और नैतिक पतन की ज्वलंत मिसाल है। गोवा का जो नाइट क्लब आग की चपेट में आया, वह नियमों की अनदेखी करके तो चलाया ही जा रहा था, उसमें आग से बचाव के उपाय भी नहीं किए गए थे। रही-सही कसर इससे पूरी हो गई कि नाइट क्लब में आने और जाने का रास्ता बेहद संकरा था। आग की चपेट में आने वालों की संख्या इसलिए अधिक बढ़ गई, क्योंकि बचने के लिए उन्होंने जिस रास्ते को सुरक्षित समझा, वहां पहले से ही लोग फंसे हुए थे। इस तरह से आनंद और उत्सव का स्थल अचानक जीवन समाधि में बदल गया, वह अनेक सवाल हमारे सामने खड़े करता है, क्या हम सीखने की क्षमता खो चुके हैं? क्यों हर हादसे के बाद जांच समितियां बनती हैं, मुआवजा घोषित होता है, कुछ दिन हंगामा होता है और फिर सब कुछ पहले जैसा हो जाता है? पूर्व में मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, सूरत और अनेक शहरों में समान दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। होटल, मॉल, थिएटर, अस्पताल, फैक्ट्री, कोचिंग सेंटर-लापरवाही की आग में झूलसनों वालों की संख्या बढ़ी है, लेकिन हमारी संवेदनशीलता का स्तर छोटा होता जा रहा है। आगजनी की घटनाओं का सिलसिला तो लगातार है, परंतु सुरक्षा मानकों के प्रति हमारी उदासीनता और घोर लापरवाही भी उतनी ही स्थायी है। यह बात स्पष्ट है कि हादसे किसी तकनीकी गलती का परिणाम भर नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और राजनीतिक मिलीभगत की देन भी हैं। गोवा अपनी पहचान पर्यटन से बनाता है। नाइट लाइफ, समुद्री तटों का आनंद, मनोरंजन गतिविधियां और विदेशी पर्यटक इसका स्वाभाविक आकर्षण हैं। ऐसे प्रदेश में इस प्रकार का हादसा केवल मानवीय त्रासदी नहीं, बल्कि छवि और अर्थव्यवस्था का गहरा नुकसान भी है। भारत की टूरिज्म इंडस्ट्री पहले ही प्रतिस्पर्धा और सुरक्षा को लेकर चुनौतियों से जूझ रही है। यह घटना विश्व के सामने एक सवाल बनकर खड़ी है-क्या भारत सुरक्षित पर्यटन देश है? क्या यहां गैर-जिम्मेदाराना ढांचे और भ्रष्ट तंत्र के बीच किसी का जीवन सुरक्षित रखा जा सकता है? इस प्रकार के हादसों में दो बड़े चरित्र सामने आते हैं-सरकार की सुस्ती और आयोजकों की लालचपूर्ण



मानसिकता। अधिकांश नाइट क्लब, बार, पार्क या मनोरंजन स्थल ऐसे होते हैं जहां प्रवेश शुल्क, अवैध संचालन और आर्थिक लाभ का ब?ा खेल चलता है। इमारतों की मंजूरी, फायर सुरक्षा की अनुमति, बिजली के तारों का रखरखाव, निकास मार्ग-ये सभी चीजें फाइलों में तो दर्ज होती हैं, लेकिन जमीन पर गायब रहती हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की सजगता की जगह 'संबंध' और 'सुविधा शुल्क' काम करता है। निरीक्षण के नाम पर औपचारिकता ढहती है और बीते हुए हादसे केवल याद बनकर रह जाते हैं। नाइट क्लब तक पहुंचने का रास्ता इतना संकरा है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को 400 मीटर दूर खड़ा होना पड़ा। सजावट के लिए ताड़ के सूखे पत्तों का इस्तेमाल किया गया था, जिसने आग और भ?का दी। भी?भा? वाली जगहों पर एंट्री से ज्यादा महत्वपूर्ण इमरजेंसी एग्जिट पॉइंट्स होते हैं, लेकिन इस क्लब में लगता है कि इसकी भी कोई व्यवस्था नहीं थी, जिससे कई लोग भटक कर किचन में पहुंच गए, जहां से बाहर निकलने का रास्ता नहीं था। यह नाइटक्लब बिना मंजूरी के चल रहा था। लोकल अथॉरिटी के मुताबिक, निर्माण अवैध था। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर हम हादसों को नियति क्यों मान लेते हैं? हर घटना के बाद नेताओं के बयान आते हैं- दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, उच्च स्तरीय जांच की जाएगी, मुआवजा दिया जाएगा, लेकिन क्या कभी हमने दोषियों को सजा होते देखा है? कभी किसी अधिकारी को बर्खास्त होते देखा है? क्या किसी क्लब या होटल की अनुमति स्थायी रूप से रद्द की गई? जवाब अधिकतर 'नहीं' है। यही वह सत्य है जो बताता है कि हमारा समाज हादसे को दुख तो मानता है पर समस्या नहीं मानता। अजीब विडंबना यह है कि हादसे के शिकार गरीब या आम नागरिक होते हैं, लेकिन इस त्रासदी से गुजरी व्यवस्थाओं को कोई चोट नहीं लगती। वे फिर उठते हैं, नए सजावटी बोर्ड लगा लेते हैं और जनता को फिर से आकर्षित कर लेते हैं। व्यवस्था में भ्रष्टाचार और मानव-मूल्यों का ह्रास दोनों मिलकर ऐसी घटनाओं को जन्म देते हैं। यह केवल प्रशासनिक नाकामी नहीं, बल्कि सामूहिक नैतिक ह्रास भी है। आयोजक केवल लाभ देखते हैं; प्रशासन केवल कागजों पर निशान देखता है; समाज घटना को क्षणिक दुख समझकर भूल जाता है। वैश्विक स्तर पर देखें तो किसी भी विकसित या उत्तरदायी समाज में जन-स्थलों पर सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। नियमित निरीक्षण, कठोर दंड, मानकों का अनिवार्य पालन और पारदर्शिता बुनियादी तत्व हैं। भारत में ये मानक केवल कानूनी पुस्तकों में रहते हैं। सवाल यह नहीं कि हादसे क्यों होते हैं, सवाल यह है कि सीख क्यों नहीं ली जाती। गोवा का यह हादसा एक चेतावनी है, अकेले गोवा के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए। हम विकास, पर्यटन और आधुनिक जीवनशैली की बात करते हैं, लेकिन सुरक्षा, नियंत्रण और मानवीय संवेदनशीलता को हाशिए पर छोड़ देते हैं। यह घटना बताती है कि यदि व्यवस्था की लापरवाही और लालच के बीच नागरिक की सुरक्षा कुचलती रही तो हम आधुनिक ढांचे बनाकर भी असुरक्षित रहेंगे। किसी भी राष्ट्र की उन्नति उसके नागरिकों की सुरक्षा पर टिकी होती है, न कि केवल चमक-दमक पर। गोवा घटना ने सरकार की छवि को ध्वस्त किया है। पर्यटन उद्योग की नींव हिलाई है और नागरिक विश्वास को चोट पहुंचाई है। गोवा के जीडीपी में पर्यटन का हिस्सा 16 प्रतिशत से ज्यादा है। सरकारी आंक?ों के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में इस साल जनवरी से सितंबर के बीच 6.23 प्रतिशत ज्यादा टूरिस्ट गोवा पहुंचे। ऐसे में यह घटना राज्य की अच्छी छवि पेश नहीं करती, जहां पहले ही टैक्सी चालकों की मनमानी और पर्यटकों के साथ अभद्रता की कुछ समस्या रही है।यदि घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकनी है तो कुछ कठोर कदम उठाने होंगे, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई, वास्तविक निरीक्षण प्रणाली, भ्रष्टाचार पर अंकुश और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर दंड। परंतु दुख यह है कि हमारा इतिहास बताता है, हम कठोर कदम उठाने से बचते हैं। आज इस त्रासदी के बाद शोक जताना पर्याप्त नहीं है। इस पर गंभीर चिंतन जरूरी है।

# मानवाधिकार वैश्विक मानचित्र पर स्याह धब्बे एवं उम्मीद की किरण

**- दिलीप कुमार पाठक**

शांति केवल वहीं कायम रह सकती है जहां मानवाधिकारों का सम्मान किया जाता है, जहां लोगों को भोजन मिलता है, और जहां व्यक्ति और राष्ट्र स्वतंत्र हैं - दलाई लामा दुनिया में मानवाधिकारों की स्थिति चिंताजनक है, जहाँ आधुनिक दासता, संघर्षों में उल्लंघन, अभिव्यक्ति पर रोक और भेदभाव जैसे मुद्दे बढ़ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद ताइवान में यौन उत्पीड़न कानून और बुयुकाडा मानवाधिकार रक्षकों की रिहाई जैसी कुछ सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिले हैं, जिससे पता चलता है कि मानवाधिकारों के लिए वैश्विक स्तर पर जागरूकता और संघर्ष जारी है द्य दुनिया के कई हिस्सों में सरकारों द्वारा असहमति की आवाजों को दबाने और नागरिक स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाने के मामले बढ़े हैं। नस्ल, रंग, लिंग, जातीयता, धर्म, या अन्य स्थिति के आधार पर भेदभाव अभी भी व्यापक रूप से मौजूद है, जिससे कमजोर आबादी प्रभावित हो रही है। मानव अधिकारों को लेकर आज का दिन काफ़ी अहम हो जाता है क्योंकि 10 दिसम्बर, 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी कर प्रथम बार मानवाधिकार व मानव की बुनियादी मुक्ति पर घोषणा की थी। साल 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष की 10 दिसम्बर की को विश्व मानवाधिकार दिवस तय किया। 65 वर्ष से पहले हुआ पारित विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर है, जिसने समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित की है। आज यही घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्र संघ का एक बुनियादी भाग है। मानवाधिकार का मतलब किसी भी इंसान की ज़िंदगी, आज़ादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार है द्य भारतीय संविधान इस अधिकार की न सिर्फ़ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोड़ने वाले को कानून सजा भी देता है द्य मानव अधिकारों के बारे में जानना ज़रूरी हो जाता है जैसे -हर इंसान को जीवन, स्वतंत्रता, समानता और




सम्मान का अधिकार है। भारत में 28 सितंबर 1993 को मानव अधिकार अधिनियम लागू हुआ। 12 अक्टूबर 1993 को सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग बनाया। इस आयोग का काम नागरिक-राजनीतिक अधिकारों के साथ-साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों की देख-रेख करना है। इसमें बाल-मज़दूरी, एचआईवी/एड्स, स्वास्थ्य, भोजन, बाल-विवाह, महिला अधिकार, हिरासत में मौत, अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार आदि शामिल हैं। इन सभी अधिकारों को बचाना और उनका सम्मान सुनिश्चित करना आयोग का मुख्य लक्ष्य है। हर इंसान को शिक्षा, स्वास्थ्य, काम, घर, संस्कृति, खाना और मनोरंजन जैसी बुनियादी चीज़ों का अधिकार है—इन्हें ही विश्व मानवाधिकार घोषणा में बताया गया है। लेकिन दुनिया के कई हिस्सों में बहुत गरीबी है, और यही गरीबी बहुत सारे लोगों को उनके बुनियादी अधिकारों से दूर रखती है। इन जगहों पर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की ज़रूरतें अक्सर पूरी नहीं हो पातीं। साथ ही, नस्लवाद और जाति-भेद भी मानवाधिकारों की रक्षा में बड़ी रुकावट बनते हैं। सरल शब्दों में- गरीबी और भेदभाव लोगों को उनका हक नहीं मिलने देते।मानव के जन्म लेने के साथ ही उसके अस्तित्व को बनाये रखने के लिए कुछ अधिकार उसको स्वतः मिल जाते हैं और वह उनका जन्मसिद्ध अधिकार होता है। इस दुनिया में प्रत्येक मनुष्य के लिए अपनी बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए अधिकार एक मनुष्य होने के नाते प्राप्त हो जाता है। चाहे वह अपने हक के लिए बोलना भी जानता हो या नहीं। एक नवजात शिशु को दूध पाने का अधिकार होता है और तब वह बोलना भी नहीं जानता। लेकिन माँ उसको स्वयं देती है और अगर नहीं देती है तो उसके घरवाले, डॉक्टर सभी उसको इसके लिए कहते हैं, क्योंकि ये उस बच्चे का हक है और ये उसे मिलना ही चाहिए। एक बच्चे के अस्तित्व को बनाये रखने के लिए ये ज़रूरत सबसे अहम होती है। लेकिन उसके बड़े होने के साथ-साथ उसके अधिकार भी बढ़ने लगते हैं। बच्चे के पढ़ने-लिखने और अपनी परवरिश आदि के लिए उसको समुचित सुविधाएँ और वातावरण देना भी ज़रूरी अधिकारों में आता है। उन्हें आत्म-सम्मान के साथ जीने के लिए, अपने विकास के लिए और आगे बढ़ने के लिए कुछ हालात ऐसे चाहिए, जिससे की उनके रास्ते में कोई व्यवधान न आये। पूरे विश्व में इस बात को अनुभव किया गया है और इसीलिए मानवीय मूल्यों की अवहेलना होने पर वे सक्रिय हो जाते हैं। इसके लिए हमारे संविधान में भी उल्लेख किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 14,15,16,17,19, 20, 21, 23, 24, 39,43,45 देश में मानवाधिकारों की रक्षा करने के सुनिश्चित हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, इस दिशा में आयोग के अतिरिक्त कई एनजीओ भी काम कर रहे हैं और साथ ही कुछ समाजसेवी लोग भी इस दिशा में अकेले ही अपनी मुहिम चला रहे हैं। मानवाधिकार दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि यह मानवता के लिए एक प्रेरणा है। यह हमें याद दिलाता है कि हर व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के समान अधिकार मिलना चाहिए। मानवाधिकारों की रक्षा करना और इसे बढ़ावा देना सभी का कर्तव्य है, ताकि हम एक न्यायपूर्ण और समान समाज का निर्माण कर सकें।

# नए श्रम कानूनों को लेकर पनप रहीं कुछ आशंकाएं....

**डॉ रामजीलाल, सामाजिक वैज्ञानिक ,पूर्व प्राचार्य , दयाल सिंह कॉलेज,करनाल ( हरियाणा-भारत )**

**गतांक से आगे ..अंतिम भाग-**

के अनुसार, भारत में सन् 2023 में महिलाओं के खिलाफ 4,48,211 अपराध दर्ज हुए, जो सन् 2022 के 4.45 लाख मामले से अधिक हैं. अहम सवाल यह है कि क्या ऐसी स्थिति में महिलाएं नाइट ड्यूटी पर सुरक्षित रह सकती हैं? चतुर्थ, 'न्यायपूर्ण और मानवीय' परिस्थितियों के विरुद्ध- पुराने श्रमिक कानूनों की भांति वर्तमान कोड़ में भी प्रतिदिन 8 घंटे और सप्ताह में 48 घंटे काम के निर्धारित किए गए हैं. श्रमिकों का यह सार्वभौमिक अधिकार है. परंतु श्रमिकों की सहमति से ओवर टाइम करने स्वीकृति दी जा सकती है तथा ओवर टाइम में दो गुणा दर से वेतन दिया जाएगा. ओवर टाइम श्रमिकों के हित में नहीं है क्योंकि एक ओर उनके स्वास्थ्य बुरा प्रभाव पड़ेगा व दूसरी ओर परिवार के प्रति दायित्वों को समुचित निर्वाह नहीं कर सकेगा . प्रबंधकों के दबाव के कारण श्रमिक ओवर टाइम करेगें .परिणामस्वरूप रोजगार के नए अवसरों पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा. नई संहिताओं में 12 घंटे कार्य दिवस को वैधता प्रदान करना निश्चित रूप में भारत के संविधान के चौथे अध्याय में वर्णित अनुच्छेद 42 के विरूद्ध है.क्योंकि यह अनुच्छेद 'न्यायपूर्ण और मानवीय' परिस्थितियों को कार्य के लिए अनिवार्य मानता है .

पंचम , युवा पीढी के भविष्य को अंधकारमय -इन नई श्रम संहिताओं में स्थाई रोजगारऔरसुरक्षा के अधिकार की अपेक्षा रोजगार की नियत अवधि को वैधता प्रदान करके युवा पीढी के भविष्य को अंधकारमय बनाना है. केवल यही नहीं अपितु नई कार्य संहिताएं ठेका श्रम (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 को निष्प्रभावी कर देती हैं. छटा, करोड़ों कामगार सामाजिक सुरक्षा के दायरे से बाहर- भारत सरकार का यह दावा है कि नयी संहिताओं से सभी श्रमिकों को सुरक्षा प्राप्त होगी . परन्तु




सरकार का दावा सरकार द्वारा संग्रहित आंकड़ो की कसौटी पर खरा नहीं उतरता. इकोनामिक सर्वे वर्ष 2021-22 के अनुसार सन् 2019-20 में 43.99 करोड़ श्रमिक थे जो भारत के कुल कार्य बल का लगभग 81 प्रतिशत शहरी व ग्रामीण असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत है.वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण सन् 2021 -22के अनुसार 100 से कम रोजगार देने वाले भारत के कुल कारखानों का 79.2 प्रतिशत है. नई कार्य संहिताएं इन कारखानों में कार्य करने वाले श्रमिक 'सामाजिक सुरक्षा' की परिधि से बाहर है.

संक्षेप में सांझा मंच के द्वारा भारत के राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को सौंपें गए ज्ञापन के अनुसार "ये संहिताएं हमारे हड़ताल करने के अधिकार को खत्म करती हैं, यूनियन पंजीकरण के काम को मुश्किल बनाती हैं, यूनियनों की मान्यता खत्म करना आसान बनाती हैं, सुलह और फैसले की प्रक्रिया को मुश्किल बनाती हैं, श्रम अदालतों को बंद करती हैं और कामगारों के लिए न्यायाधिकरण लाती हैं, रजिस्ट्रार को यूनियनों का पंजीकरण खत्म करने की पूरी शक्ति देती हैं.यही कारण है कि चार नए श्रम संहिताओं को वापस लेने पर प्राथमिक ध्यान केंद्रित करते हुए देशव्यापी विरोध प्रदर्शन आयोजित किए. दस प्रमुख केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के 'संयुक्त मंच' और समर्थक 40 किसान संगठनों की मुख्य मांगें- कर्मचारी यूनियनों और समर्थक किसान संगठनों की मुख्य मांगें निम्नलिखित हैं-

1.श्रम संहिताओं को निरस्त करना- चार नई श्रम संहिताओं को तत्काल निरस्त किया जाए, क्योंकि ये संहिताएं श्रमिकों के अधिकारों को नकारती हैं, नौकरी दो और निकाल दो (Hire andFire) की नीतियों को बढ़ावा देती हैं, तथा यूनियन पंजीकरण और हड़ताल को और अधिक कठिन बनाती हैं.

**2.न्यूनतम वेतन वृद्धि-** 26,000 प्रति माह का राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन और 60 वर्ष की आयु में 10,000 की न्यूनतम मासिक पेंशन का कार्यान्वयन;

**3.सामाजिक सुरक्षा-** संगठित, असंगठित और कृषि क्षेत्र के श्रमिकों सहित सभी श्रमिकों के लिए व्यापक सामाजिक सुरक्षा लाभ;

4.आकस्मिकीकरण का अंत- सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्रों में स्थायी नौकरियों के आकस्मिकीकरण, आउटसोर्सिंग और संविदाकरण का अंत, और 65 लाख (6.5 मिलियन) रिक्त सरकारी पदों को भरना;.

5.निजीकरण रोकें- सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और रक्षा, रेलवे, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सार्वजनिक सेवाओं के निजीकरण को रोकें और राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) को समाप्त करें; 6.मूल्य नियंत्रण और पीडीएस- मूल्य वृद्धि को रोकने, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को मजबूत करने और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा सुनिश्चित करने के उपाय;

8.किसानों की मांगें- संयुक्त विरोध प्रदर्शन में किसानों की मांगें भी शामिल थीं, जिनमें 2+50 प्रतिशत फार्मूले के आधार पर सभी फसलों के लिए कानूनी रूप से गारंटीकृत न्यूनतम समर्थन मूल्य , व्यापक ऋण माफी , कृषि पंपों के लिए मुफ्त बिजली आदि

# पीएम विश्वकर्मा योजना से कारीगरों और शिल्पकारों के हुनर को मिल रही नई पहचान : उत्तम सिंह

**करनाल, 10 दिसंबर ( यशपाल कादियान ) :** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही है, जिससे उनके हुनर को पहचान मिल रही है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना भारत की पारंपरिक कला और शिल्पकला को जीवित रखने और देश के कारीगरों और शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायक है। पीएम विश्वकर्मा योजना का मुख्य लक्ष्य कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों की पहुंच को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक बढ़ावा देना और उनकी गुणवत्ता में सुधार लाना है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना कि वे घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत हों। यह योजना पूरे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करती है। पात्र आवेदक कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर जाकर मोबाइल सत्यापन और आधार ई-केवाईसी के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल पर पंजीकरण करके पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 18 विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यवसायों को शामिल किया गया है, जिनमें नाव बनाना, शस्त्राकार, लुहार, हथौड़ा व लोहे के औजार बनाना, ताला बनाना, सुनार, कुंभकार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी, सुथार, चटाई बनाना, गुडिया व खिलौने बनाना, बारबर, धोबी, दर्जी और मछली पकडने के लिए जाल बनाने का काम आदि शामिल है। उन्होंने योजना के पात्र सभी कारीगरों को आह्वान किया कि वे तुरंत इस योजना को लेकर अपना रजिस्ट्रेशन करें और लाभ उठाएं।

**पीएम-विश्वकर्मा योजना से श्रमिकों के बच्चों को इस प्रकार मिलता है लाभ**

उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि पीएम-विश्वकर्मा योजना के तहत श्रमिक की बेटी के लिए जो कॉलेज पढ़ती है, उसको इलेक्ट्रिक स्कूटी के लिए 50 हजार रूपए तथा श्रमिक को साइकिल खरीदने के लिए पांच हजार रुपए दिए जाते हैं।

इसी प्रकार से महिला श्रमिक को सिलाई मशीन खरीदने के लिए 4500 रुपए, श्रमिक के स्कूल जाने वाले बच्चों को 9वीं तथा 10वीं और आईटीआई व डिप्लोमा के विद्यार्थियों को 10 हजार रुपए दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को 12 हजार रुपए दिए जाते हैं। इसी प्रकार से बीए, पॉलिटेक्निक, डिप्लोमा, सीए, एएनएम, जीएनएम, अंडर ग्रेजुएट डिप्लोमा करने वाले विद्यार्थियों को 15 हजार रुपए का लाभ दिया जाता है। फार्मेसी व इंजीनियरिंग डिग्री वाले विद्यार्थियों को 20 हजार रूपए तथा एमबीबीएस, बीएएमएस व बीडीएस करने वाले छात्र-छात्राओं को 21 हजार रुपए वार्षिक लाभ इस योजना के तहत दिया जाता है। इस योजना के तहत, विश्वकर्मा भाई-बहनों को 3 लाख तक का बिना गारंटी ऋण की सुविधा, 15 हजार रुपये तक की टूलकिट सहायता राशि, कौशल विकास के लिए ट्रेनिंग के साथ ही प्रतिदिन 500 रुपये स्टायफंड, उत्पादों के लिए क्वालिटी सर्टिफिकेशन, ब्रांडिंग और मार्केटिंग सहायता सुनिश्चित कर उन्हें आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बना रही है।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से केंद्र सरकार विश्वकर्मा भाई-बहनों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने अजमेरों देवी व कमला देवी के निधन पर शोक जताया

**बाबैन, 10 दिसंबर ( राजेश कुमार ) :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी व हरियाणा बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने रामसरन माजरा में भाजपा युवा मोर्चा बाबैन के अध्यक्ष विकास सैनी की दादी अजमेरों देवी व संदीप दहिया की माता कमला देवी के निधन पर उनके आवास पर जाकर शोक जताया। सुमन सैनी ने कहा कि अजमेरों देवी व कमला देवी एक सरल, स्नेही और समाजसेवी विचारधारा की महिलाएं थीं, जिन्होंने अपने पूरे जीवन में परिवार व समाज के प्रति समर्पण भाव से कार्य किया। उनका निधन



केवल उनके परिवार ही नहीं, बल्कि समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। सुमन सैनी ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में वे पूरी तरह से शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़े हैं।

उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि जीवन में इस तरह की क्षति की भरपाई संभव नहीं है, लेकिन ईश्वर परिवार को यह अपार दु:ख सहन करने की शक्ति अवश्य देगा। उन्होंने दोनों परिवारों के सदस्यों के साथ अपनी गहरी संवेदना प्रकट की और शोक संतप्त परिवारों को ढांढस बधाया।

सुमन सैनी ने कहा कि अजमेरों देवी व कमला देवी का इस दुनिया से चला जाना बहुत ही दुखद है फिर भी हमे इसे परमात्मा की इच्छा मानते हुए स्वीकार करना ही पड़ेगा। उन्होंने दोनो परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा था कि अजमेरों देवी व कमला देवी ने अपने-अपने परिवारों को जो अच्छे संस्कार दिए है उन्ही के दिखाए रास्ते पर चलकर आज दोनो परिवार तरक्की के पथ पर अग्रसर हो रहे है। इस अवसर पर मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वंदना गौरी, भाजपा मंडल प्रधान विकास शर्मा, रीना सैनी, पुनम सैनी, नेहा सैनी, गुढ़ा मंडल प्रधान नरेंद्र दबखेड़ा, पिपली मंडल प्रधान अमरेन्द्र सिंह, मार्कीट कमेटी के चेयरमैन जसविन्द्र जस्सी, जिला अध्यक्ष दुनी चन्द टाटका, अनिल टाटकी, भीम बेरथला, डिम्पल सैनी, कौशल सैनी, रिंकू कश्यप, प्रदीप बिन्ट, सतबीर मंगौली, सरपंच सुखश्याम धनानी, लज्जा राम के अलावा अनेक भाजपा कार्यकर्त्ता एंव गण्यमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

# आरटीए विभाग ने ओवरलोडिड वाहनों पर किया 65 लाख 18 हजार 500 रुपए का जुर्माना : विश्राम कुमार मीणा

**कुरुक्षेत्र, 10 दिसंबर ( करणदीप सिंह ) :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ओवर लोडिड वाहनों की चालकों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सभी वाहन चालक नियमानुसार ही वाहनों में समान को लोड करें, अगर किसी भी स्तर पर नियमों के विपरीत ओवर लोडिड वाहन पाए गए तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अहम पहलू यह है कि आरटीए विभाग ने नवंबर-2025 माह में 223 ओवर लोडिड वाहन चालकों से 65 लाख 18 हजार 500 रुपए का जुर्माना वसूल किया है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बुधवार को रोड सेफ्टी की मासिक बैठक में जानकारी देते हुए कहा कि आरटीए विभाग की तरफ से लगातार वाहनों की चेकिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए विभाग की तरफ से विशेष टीम का गठन किया गया है, जो दिन-रात ओवरलोडिड वाहनों पर नजर रखती है। इस टीम के प्रयासों से नवंबर-2025 माह में 223 ओवर लोडिड वाहनों के चालान किए है और इन चालानों से विभाग ने 65 लाख 18 हजार 500 रुपए की राशि का जुर्माना भी वसूल किया है। उन्होंने कहा कि सडकों पर स्वीकृत लोड से ज्यादा सामान ले जाने वाले वाहनों को किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा। इसलिए विभागीय अधिकारियों द्वारा समय-समय पर वाहन चालकों से अपील की जाती है कि वाहन के लिए स्वीकृत लोड के हिसाब से ही समान रखना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि आरटीए विभाग की तरफ से समय-समय पर लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए वर्कशॉप और सेमिनारों का आयोजन किया जाता है। इन सेमिनार का आयोजन स्कूल और कालेजों में शिक्षा विभाग और कॉलेज प्रशासन के माध्यम से किया जाता है। विभाग की तरफ से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करके ट्रैफिक नियमों की पालना करवाने के प्रति शपथ दिलाई गई है। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों में भी स्लोगन लेखन, क्विज और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन निरंतर किया जाता है।

# करनाल मानव सेवा संघ द्वारा गरीब विधवा व बेसहारा महिलाओं को भरण पोषण के लिए किया अन्न व वस्त्र दान

*करनाल मानव सेवा संघ ने सर्दी के मौसम को देखते हुए वितरित किए अन्न के साथ गर्म कंबल*

**करनाल, 10 दिसंबर ( संदीप रोहिला ) :** करनाल मानव सेवा संघ के पवित्र प्रांगण में गरीब विधवा व बेसहारा महिलाओं को उनके परिवारों के भ्रण पोषण के लिए अन्न दान किया गया। तथा सर्दी के मौसम को देखते हुए गर्म कंबल भी वितरित किए गए। ज्ञात्वय है कि मानव सेवा संघ द्वारा प्रति माह गरीब बेसहारा महिलाओं को अन्न व अन्य सामग्री दान की जाती है। ताकि वे अपने परिवार का गुजर बसर कर सके। इस प्रकार की सेवा का सैंकड़ों परिवार लाभ उठा रहे है। स्वामी प्रेममूर्ति ने सर्दी की शुरूआत होते ही ऐसे परिवारों की चिंता करते हुए उनको अन्न के साथ प्रति परिवार एक-एक गर्म कंबल भी प्रेम स्वरूप भेंट किया, ताकि वे सर्दी से अपना बचाव कर सके।




डॉ. भगतराम खण्डवाल एडवोकेट ने बताया कि करनाल मानव सेवा संघ में बिना किसी बेदभाव के समाज के सभी वर्गो की निस्वार्थभाव से सेवा की जाती है। प्रति दिन दोपहर व शाम को भोजन प्रसाद भंडारा चलता है।

तथा समय-समय पर लोगों के लिए मेडिकल जांच एवं इलाज हेतु कैंप लगाए जाते है तथा जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं की शादी की जाती है। आने वाली 14 दिसंबर को जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं के लिए विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। जरूरतमंद परिवार इसका लाभ उठा सकते है। स्वामी प्रेममूर्ति जी ने सभी लाभार्थियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उनके साथ उपस्थित रहे डॉ. भगतराम खण्डवाल एडवोकेट, रामप्रकाश शर्मा, दुलीचंद शर्मा, बालकिशन कौशिक, महेंद्र सिंह नरवाल, नवीन संदुजा, सतपाल, समेरचंद, धर्मपाल सेठी तथा अन्य महानुभाव उपस्थित रहे।

# महिलाओं को श्रीमती सुषमा स्वराज अवार्ड के मिलेंगे 5 लाख रुपए 15 दिसंबर तक करें आवेदन : डीसी डाक्टर वीरेंद्र दहिया

**पानीपत, 10 दिसंबर ( हरप्रीत छतवाल ) :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च को महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया जाएगा।

इन अवार्ड को पाने की इच्छुक महिलाएं 15 दिसंबर तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में आवेदन कर सकती हैं।

डीसी डाक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर यह अवार्ड हरियाणा की महिलाओं को उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिए जाएंगे। उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को श्रीमती सुषमा स्वराज अवार्ड के तौर पर 5 लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

इस अवार्ड के लिए नामांकित महिला का जन्म हरियाणा में होना चाहिए और महिलाओं के लिए विशेष कार्य किया हो।

नामांकित महिला को संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी, आईसीडीएस को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना होगा।

डीसी ने बताया कि श्रीमती सुषमा स्वराज अवार्ड के तहत 5 लाख रुपए की राशि, इंदिरा गांधी शक्ति महिला अवार्ड के तहत 1 लाख 50 हजार रुपए की राशि, कल्पना चावला शौर्य अवार्ड के तहत एक लाख रुपए की राशि से विजेता महिला को सम्मानित किया जाएगा। बहन शन्नो देवी पंचायती राज अवार्ड के तहत एक लाख रुपए की राशि, लाइफ टाइम अचीवर्स अवार्ड के तहत 51 हजार रुपए की राशि, एएनएम, नर्स, महिला एमपीडब्लयू के तहत 21 हजार रुपए की राशि और महिला खिलाड़ी के तहत 21 हजार रुपए की राशि से सम्मानित किया जाएगा।

इसी तरह सरकारी कर्मचारी के तहत 21 हजार रुपए की राशि, सामाजिक कार्यकर्ता अवार्ड के तहत 21 हजार रुपए की राशि और महिला उद्यमी के तहत 21 हजार रुपए की राशि से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खंड स्तर पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय से भी इस संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसी तरह जिला स्तर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं।

उन्होंने बताया कि आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए डब्लूसीडीएचआरवाई डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट पर विजिट करें।

# सफीदों मंडी डाकघर में आधार कार्ड संबंधित सेवाएं शुरू



**सफीदों, 10 दिसंबर ( एस. के. मित्तल ) :** सफीदों की पुरानी अनाज मंडी स्थित डाकघर में अब लोगों को आधार कार्ड संबंधी सुविधाएं प्राप्त होंगी। यह जानकारी देते हुए पोस्ट मास्टर अजमेर सिंह ने बताया कि डाकघर में अब सरकार व विभाग के निर्देशानुसार आधार कार्ड से संबंधित सभी सेवाएं शुरू कर दी गई है। भारतीय डाक विभाग ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सहयोग से यह सुविधा शुरू की गई है। कोई भी आमजन अपने बच्चों का आधार कार्ड बनवाना चाहता है तो उसका आधार कार्ड यहीं पर बनाया जाएगा। अब उसे कहीं ओर जाने की आवश्यकता नहीं है। आधार कार्ड बनवाने वाले को अपने साथ आवश्यक दस्तावेज लाने होंगे। इसके अलावा आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि, पता, अन्य विवरण, मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक (फिंगर प्रिंट्स, आईरिस स्कैन, फोटो) को भी यहां पर अपडेट करवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार व विभाग की यह एक अच्छी पहल है और इस सेवा का मंडी क्षेत्र के कई वार्ड के लोगों को बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे इस डाकघर में आकर आधार कार्ड संबंधी सेवाओं का लाभ प्राप्त करें।

# भाजपा वोट चोरी कर सत्ता में आई है : सांसद गुरजीत औजला

*– दिल्ली रैली की तैयारियों को लेकर करनाल में कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक*

**करनाल, 10 दिसंबर ( संदीप रोहिला ) :** कांग्रेस पार्टी द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को लेकर पूरे देश में माहौल बनाया जा रहा है। इस अभियान को लेकर एक बड़ी शक्ति प्रदर्शन रैली 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने जा रही है। रैली की तैयारियों को मजबूती देने और संगठन को सक्रिय करने के उद्देश्य से कांग्रेस ने अलग-अलग जिलों में ऑब्जर्वर नियुक्त किए हैं। इसी क्रम में करनाल स्थित मानव सेवा संघ में आज कांग्रेस पार्टी की एक अहम और विस्तृत बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में अमृतसर से लोकसभा सांसद गुरजीत औजला और वरिष्ठ नेता सतनाम विर्क बतौर ऑब्जर्वर पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं का बुके देकर उत्साहपूर्वक स्वागत किया। बैठक में कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं और रैली में करनाल जिला संगठन की भागीदारी को लेकर रणनीति तय की गई। नेताओं ने बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और अधिक से अधिक संख्या में लोगों को दिल्ली रैली में पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद गुरजीत औजला और सतनाम विर्क ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा वोट चोरी कर सत्ता में आई है और अब



जनता से किए गए वादों से मुंह मोड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं, मजदूरों की कठिनाइयां और कर्मचारियों की मांगें आज भी अनसुनी पड़ी हैं। इसके बावजूद सरकार केवल अपनी वाहवाही में लगी है, जबकि अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है और आमजन असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की आगामी रैली सिर्फ राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता की आवाज़ को देश की राजधानी तक पहुंचाने का बड़ा मंच होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे लोगों को इस रैली के उद्देश्य से अवगत कराएं और बड़ी संख्या में दिल्ली पहुँचकर सरकार को कड़ा संदेश दें। इस मौके पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजेश वैद्य, शहरी जिलाध्यक्ष पराग गाबा, दिव्यांशु बुद्धिराजा, बख्शीश सिंह विर्क, धर्मपाल गोंदर, राकेश कंबोज, नाहर सिंह संधू, सामिल संधू, रजत लाठर, डॉ. नवजोत कश्यप, रघुबीर संधू, पप्पू लाठर, रामफल कमालपुर, सचिन बुढ़नपुर, पंकज गाबा, सुनील कौशिक, सोनी शर्मा कुटेल, अनदय प्रताप, निश्चय सोही, दीपक चौधरी, अनिल शर्मा, नवनीत रंधवा, तेजी मान, दीपक महाजन, ललित आहूजा, राहुल गुप्ता, कपिल, ललीत अरोड़ा, सुरजीत सैनी, बहल सिंह डाचरा, सरपंच गुरविन्द्र सिंह, सरपंच सुभाष सहित अनेक नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जयस्तंभ चौक में किया शहीद वीर नारायण सिंह के त्याग और संघर्ष का स्मरण

**रायपुर, 10 दिसम्बर ( निस ) :** छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जननायक अमर शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित जयस्तंभ चौक पहुँचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह का जीवन त्याग, साहस और न्याय की अनुपम मिसाल है।

अंग्रेजी शासन के अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध शहीद वीर नारायण सिंह ने जिस अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया, वह छत्तीसगढ़ की गौरवमयी विरासत का स्वर्णिम अध्याय है। मातृभूमि की रक्षा और समाज के वंचित वर्गों के प्रति उनकी निष्ठा हमारे लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सोनाखान के ज़मींदार परिवार में जन्म लेने के बाद भी शहीद वीर नारायण सिंह का हृदय सदैव आदिवासियों, किसानों और गरीब परिवारों के दुःख-संघर्ष से जुड़ा रहा।

वर्ष 1856 के विकट अकाल में जब आमजन भूख से व्याकुल थे, तब उन्होंने मानवता को सर्वोपरि मानते हुए अनाज गोदाम का अनाज ज़रूरतमंदों में बाँटकर करुणा, त्याग और साहस का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। यह कदम केवल विद्रोह नहीं था, बल्कि सामाजिक अन्याय, शोषण और असमानताओं के विरुद्ध एक ऐतिहासिक उद्घोष था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ की अस्मिता, स्वाभिमान और जनप्रतिरोध की जीवंत प्रेरणा हैं। गरीबों, किसानों और वंचितों के अधिकारों की रक्षा के लिए उनका जीवन-संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को सदैव न्याय, मानवता और राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर अग्रसर करता रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहीद वीर नारायण सिंह के आदर्शों और उनके सपनों के अनुरूप छत्तीसगढ़ के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक पुरन्दर मिश्रा, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पॉलिथीन का त्याग कर जूट व कपड़े के थैले को अपनाने की आदत डाले

**यमुनानगर, 10 दिसंबर ( दिनेश कुमार ) :** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में अव्वल स्थान लाने के लिए नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियां की जा रही है। जहां डोर टू डोर घर घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं, जागरूकता रैलियां निकालकर शहरवासियों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर निगम की आईईसी टीम द्वारा वार्ड-10 की गली नंबर 11 व 12 और आजाद नगर मुख्य बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सफाई निरीक्षक बिट्टू सिंह, आईईसी एक्सपर्ट दुर्गेश, पार्षद प्रतिनिधि पवन प्रताप




यादव, समाज सेवी ममता सेन समेत क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने स्थानीय नागरिकों व दुकानदारों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ जागरूक किया और उन्हें जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्होंने उन्हें प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग न करने और इसके स्थान पर जूट या कपड़े का थैले का इस्तेमाल करने के बारे समझाया। इस दौरान निगम की टीम द्वारा लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान बताते हुए इसका इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक किया। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे पॉलीथिन, प्लास्टिक के चम्मच, डोने, गिलास, आइसक्रीम की स्टिक, प्लेट, कप, कांटे, स्ट्रा, ट्रे, मिठाई के डिब्बे पर लगने वाली पन्नी, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट, थर्माकोल का सजावटी सामान, पीवीसी बैनर, प्लास्टिक स्टिक वाले ईयरबड, गुब्बारे में लगने वाले प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक के झंडे समेत 19 प्लास्टिक आइटम के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध है। यदि कोई भी दुकानदार इन्हें बेचता हुआ मिलता है तो नगर निगम द्वारा उन पर कार्रवाई की जाती है। नगर निगम द्वारा समय समय पर प्रतिबंधित पॉलीथिन बेचने पर चालान व सामान जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है। आमजन से अपील है कि वह बाजार से सामान लाने के लिए घर के थैला लेकर जाए। दुकानदार भी प्रतिबंधित पॉलिथीन की जगह कपड़े के थैले का इस्तेमाल करें।

उन्होंने कहा कि पॉलिथीन हमारे व पशुओं के लिए बहुत नुकसानदायक है। इसके इस्तेमाल से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी उत्पन्न होती है। इसका त्याग करें। बाजार से सामान लाने के लिए घर से जूट व कपड़े के थैले को लेकर जाना अपनी आदत बनाए। इसके अतिरिक्त घर व दुकान में सूखा व गीला कचरा अलग अलग एकत्रित करें और इसे डोर टू डोर आने वाले निगम के वाहनों में डाले।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर जूस की रेहड़ियों पर वाहन रोकने वाले चालकों के खिलाफ होगी कार्रवाई : विश्राम कुमार मीणा

### *सीएसआरएफ फंड के तहत पिपली चौक का किया जाएगा सौन्दर्यीकरण, ढाबों के सामने सड़क पर खड़े होने वाले ट्रक चालकों पर कसा जाएगा शिकंजा*

**कुरुक्षेत्र, 10 दिसंबर ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अब एनएच-44 पर जूस की रेहडियों पर वाहन रोकने वाले चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इन वाहनों के रूकने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में ईजाफा हो रहा है। किसी बड़ी सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। हालांकि एनएचआई के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए है कि जूस की रेहडियों और खोकों को तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले आरटीए सचिव एवं एसडीएम थानेसर शाश्वत सांगवान व आरटीए इंस्पेक्टर जोगिन्द्र सिंह ढुल ने जिला सड़क सुरक्षा समिति के पुराने एजेंडों को विस्तार से हाउस के समक्ष रखा और कुछ नए एजेंडे के विषयों को भी बैठक में रखा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि धुंध के सीजन के दौरान सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस को पूरी तरह सर्तक रहकर काम करना होगा। सभी विभागों के अधिकारी अपने अधीनस्थ सड़कों पर सफेद पट्टी लगाने के साथ-साथ रिफलेक्टर टेप को लगाना सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने कहा कि पिपली चौक के आस-पास के क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने लिए सीएसआर फंड से रोड सेफ्टी के कार्य किए जाएंगे और इसके साथ ही पिपली चौक का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। इस कार्य को जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां रम्बल स्टींपस की जरूरत है वहां पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारी जल्द कार्य करवाना सुनिश्चित करे, वन विभाग के अधिकारी ढांड रोड, झांसा रोड व अन्य स्थानों पर पेड़ों की कटिंग करवाना सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम अनुभव मेहता, एसडीएम डा. चिनार सनसनवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




**ढाबों के सामने सडक् पर खड़े होने वाले ट्रक चालकों पर कसा जाएगा शिकंजा :**-सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय व राज्य मार्गों पर ढाबों के सामने खड़े होने वाले ट्रक चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस और सम्बन्धित एसडीएम के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि इस विषय पर फोकस रखकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

**शाहबाद बस स्टैंड के सामाने वाले क्षेत्र में ग्रिल तोड़ने वाले लोगों के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई**

शाहबाद बस स्टैंड के सामने वाले ऐरिया में ग्रिल तोड़ने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यहां पर एनएएचआई की तरफ से ग्रिल की रिपेयर की जाती है लेकिन कुछ लोग सड़क क्रॉसिंग के लिए जानबूझकर ग्रिल को तोड़ रहे है। इस विषय पर कड़ा संज्ञान लिया गया है।

**शाहबाद बस स्टैंड के सामने एनएएचआई पर बस रोकने वाले चालक के खिलाफ भी होगी कार्रवाई :-** शाहबाद बस स्टैंड के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर रात्रि के समय हरियाणा डिपो के साथ-साथ अन्य राज्यों के डिपो के बस चालक बस को रोक कर सवारियों को उतराते और बस में चढाते है, इससे सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है और कई बार सड़क दुर्घटना भी हो जाती है। इस विषय को संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए गए है कि जो भी चालक एनएच-44 पर बस रोकेगा उस चालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**शहर में अब ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले चालकों पर रहेगी सीसीटीवी कैमरों की नजर**

शहर में ट्रैफिक नियमों की पालना करवाने के उद्देश्य से 135 सीसीटीवी कैमरे ठीक हो चुके है। अब हर चौक पर ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों के खिलाफ सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखी जाएगी और ऑन लाइन प्रणाली से चालान भी किए जाएंगे।

**जलेबी पुल पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश**

जलेबी पुल पर ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए है। इसके लिए पुलिस प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से मौके का मुयाना करके सीसीटीवी कैमरे लगाने की संभवना को देखेंगे।

**म्हारी सड़क एप का प्रयोग करे अधिकारी**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सभी एसडीएम और ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी म्हारी सडक् एप को डाउनलोड करेंगे और इस एप पर आने वाली शिकायतों का तुरंत निवारण करेंगे। इस विषय को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गंभीरता से नजर रखे हुए है। अगर किसी अधिकारी की लापरवाही मिली तो कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

**सड़कों पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जारी होंगे नोटिस**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि रेलवे रोड, थीम पार्क के सामने, मोहन नगर चौके के साथ-साथ अन्य जगहों पर बोर्ड या सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी किए जाएंगे। इससे पहले एसडीएम और पुलिस प्रशासन के अधिकारी व्यापार मंडल और दुकानदारों को इस विषय में जागरूक करेंगे ताकि शहर से अतिक्रमण को हटाया जा सके।

**एनएच-44 पर अवैध कट बनाने वाले ढाबा मालिकों पर दर्ज होगी एफआईआर**

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कहा कि एचएच-44 पर सभी अवैध कट को बंद करवा दिया गया था। इसके बावजूद 7 से 8 ढाबा मालिक नियमों को ताक पर रखकर अवैध कट बना रहे है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए गए है जो भी ढाबा मालिक अवैध कट बनाएंगा उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

**मैरिज पैलेस के बाहर ट्रैफिक व्यवस्था बनाने के आदेश**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सम्बन्धित एसडीएम और डीएसपी अपने-अपने क्षेत्र के मैरिज पैलेस के मालिकों और व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों को बुलाकर बैठक करे और इस बैठक में हिदायत दी जाए कि मैरिज पैलेस के बाहर वाहनों की पार्किंग के बारे में व्यवस्था बनाई जाए ताकि शादी व अन्य कार्यक्रमों के दौरान राहगिरों को सडक़ों पर वाहन ना खड़े हो।

# सुशासन दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी होंगे पुरस्कृत : डीसी

**पानीपत, 10 दिसंबर ( हरप्रीत छतवाल ) :** हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना के अंतर्गत आगामी 25 दिसंबर 2025 को साल 2024-2025 में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को 'गुड गवर्नेंस अवॉर्ड' दिए जाएंगे। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है।

डीसी डाक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना के अंतर्गत उन अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरस्कृत कर शासन में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है, जिनके अभिनव, अभ्यास और असाधारण प्रयास पूरे राज्य में बेहतर शासन में योगदान करते हैं।

डीसी ने योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सुशासन पुरस्कार के लिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्ड, निगम, सोसाइटी, विश्वविद्यालय, हरियाणा सरकार के अधीन उपक्रम के सभी पात्र कर्मचारी (रेगुलर या अनुबंधित) अपने-अपने ऑफिस-हेड या विभागाध्यक्ष या संबंधित एडमिनिस्ट्रेटिव सेक्रेटरी के जरिए ऑनलाइन पोर्टल हरियाणा गुड गवर्नस अवार्डस डॉट हरियाणा डॉटजीओवीडाटइन पर 13 दिसंबर 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। इसमें प्रोजेक्ट/स्कीम/प्रोग्राम का चयन करने उपरांत नॉमिनेट किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एडमिनिस्ट्रेटिव सेक्रेटरी, विभागाध्यक्ष और आईएएस ऑफिसर को इनमें शामिल नहीं किया गया है।

डीसी ने बताया कि सभी इच्छुक अधिकारियों/अधिकारियों या कर्मचारियों की टीम, जिन्होंने बहुत अच्छा और इनोवेटिव काम किया है, वे अपने आवेदन विभागाध्यक्ष/विभाग के कार्यालय/संगठन को भेज सकते हैं, जिनकी उनके द्वारा जांच की जाएगी और अपनी सिफारिशों के साथ आगे भेजी जाएगी। स्टेट अवॉर्ड सभी कर्मचारियों के लिए पोर्टल पर अपलोड करने के लिए खुला है, जो स्टेट लेवल पर दिए जाएंगे और हर जिले के लिए डिस्ट्रिक्ट-लेवल अवॉर्ड डिस्ट्रिक्ट लेवल पर दिए जाएंगे। कोई भी डिपार्टमेंट अपने-अपने डिपार्टमेंट में एक से ज़्यादा स्कीम के लिए कर्मचारी का नाम प्रस्तावित कर सकता है।

उन्होंने बताया कि सभी विजेताओं को एक ट्रॉफी, मुख्य सचिव के हस्ताक्षर किया हुआ अवॉर्ड सर्टिफिकेट और नकद इनाम दिया जाएगा। इससे संबंधित विस्तार से जानकारी एचटीटीपीएस=// सीएसहरियाणाडाटजीओवीडॉटइन और हरियाणा गुड गवर्नस अवार्डस डाट हरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन पर उपलब्ध हैं।

# अपने घर के बुजुर्गों, माता-पिता और सास ससुर की ऐसी सेवा करो कि उन्हें कभी किसी वृद्ध आश्रम में जाना ना पड़े : सुमन सैनी

### *उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम में पहुंचकर जाना बुजुर्गों का हालचाल*

**लाडवा, 10 दिसंबर ( राम गोपाल ) :** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि हम सभी को विरासत और संस्कार बुजुर्गों से मिले हैं, जिसकी बदौलत हर मनुष्य अपने जीवन में आगे बढ़ रहा है। प्रत्येक परिवार के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने घर के बुजुर्गों, माता-पिता और सास ससुर का आदर, मान सम्मान करें। उनकी ऐसी सेवा करें कि उन्हें कभी किसी वृद्ध आश्रम में जाना ना पड़े।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी बुधवार को बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम में बोल रही थी। उपाध्यक्षा सुमन सैनी का महिलाओं ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बुजुर्गों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। इस मौके पर उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने लोगों की समस्याओं को भी सुना। बाबा बांसी वाला वृद्ध आश्रम की कमेटी को आश्वासन दिया कि वह आश्रम में सुविधाओं के लिए किसी भी काम को शुरू करें, सरकार की तरफ से उन्हें पर्याप्त मात्रा में ग्रांट उपलब्ध करवाई जाएगी। बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम एवं अन्न क्षेत्र के प्रधान विकास सिंघल ने बताया कि आश्रम में 45 बुजुर्ग रह रहे हैं। समिति की तरफ से बुजुर्गों के रहने, खाने पीने, कपड़े, दवा सहित अन्य सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता ऐसे परिवारों के साथ समय बिताएंगे, जहां पर अकेले बुजुर्ग रहते हो ताकि उनका अकेलापन दूर हो। आज बहुत से लोग अपने काम में इतना व्यस्त हो गए हैं कि वह अपने बुजुर्गों को अकेला छोड़कर काम पर गए हैं। उनके पास अपने परिवार के साथ रहने का समय नहीं है। उन्होंने कहा कि संत बाबा बंसी वृद्ध आश्रम के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का बहुत लगाव है। मुख्यमंत्री खुद भी समय-समय पर यहां आते रहते हैं। इस आश्रम में रहने वाले किसी भी नागरिक को कोई दिक्कत परेशानी नहीं होनी चाहिए। यहां पर सभी सुविधाओं को मुहैया करवाया जाएगा।



उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने घोषणाओं में स्वास्थ्य, शिक्षा, सडक़ें सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी है। अब तक लाडवा के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों को किया जा चुका है। कुछ विकास कार्यों पर अभी काम चल रहा है। आने वाले समय में लाडवा की तस्वीर पूरे प्रदेश में अलग और अग्रणीय होंगी। प्रदेश के अन्य विधानसभा लाडवा को मॉडल के रूप में जानेंगी। इस मौके पर मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, चेयरमैन डॉ गणेश दत्त, नपा चेयरपर्सन साक्षी खुराना, महिला जिला अध्यक्ष वंदना गोरी, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम एवं अन्न क्षेत्र के प्रधान विकास सिंघल, उप प्रधान मदनलाल गोयल, सचिव अनुज गोयल, कोष अध्यक्ष सुरेश कंसल, जॉइंट सेक्रेटरी कंवर सिंघल, पूनम सैनी, संजय सिंगला, राजकुमार सैनी, मनीराम, पवन गोयल, अशोक मित्तल, सुरेश कंसल, वीरेंद्र सिंघल, मोनिका बंसल, नरेंद्र सिंघल, सन्नी कालड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित

**करनाल, 10 दिसंबर ( सोनी दुआ ) :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा व जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सौजन्य से मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सैक्स वकर्स व किन्नर वर्ग के लिए किया गया। शिविर की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने की। रेडक्रॉस सोसाइटी में पहुंचने पर रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक व स्टाफ ने उनका स्वागत किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने श्रोतागणों को मानवाधिकार दिवस की बधाई दी। इस दौरान सीजेएम ने उन्हें उनके अधिकारों से अवगत करवाते हुए संबंधित नालसा की योजनाओं व मुफ्त कानूनी सेवाओं की जानकारी दी। उन्होने संबधित वर्गो के लिए सरकारी योजनाओं, मैडिकल सुविधा व आधारभूत सुविधाओं बारे भी जानकारी दी और संबंधित वर्गों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होने उपस्थित श्रोताओं को नशा मुक्त हरियाणा मिशन से अवगत करवाया, नशे से होने वाले नुकसानों बारे जानकारी दी और नशे से दूर रहने हेतु शपथ दिलाई। इसी कड़ी में असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउसल सोनू कुमार ने सिविल लाईन थाना में जनसाधारण को मानवाधिकार दिवस की जानकारी दी और एफ आई आर मुफ्त कानूनी सेवाओं व महिला हैल्प डैस्क से अवगत करवाया। असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउसल बिंदिया ने बलदेव मिशन स्कूल के विद्यार्थियों को मानवाधिकार दिवस के बारे जानकारी दी और बच्चों के अधिकारों से अवगत करवाते हुए नशा न करने की शपथ दिलाई। इसके उपरांत आज दोपहर बाद सभी कानूनी सहायता केंद्रों पर पैला लीगल वालंटियर द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन कर जन साधारण को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक किया और नशा न करने की शपथ दिलाई। पैरा लीगल वालंटियर अज्ञा पाल ने नजदीक रेलवे स्टेशन पर जागरूकता शिविर लगाकर जन साधारण को नशा करके वाहन चलाने के नुक्सानों बारे जानकारी दी और नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस मौके पर उपस्थित ट्रैफिक इंस्पेक्टर रोशन लाल व टीम द्वारा चालान ड्राइव का आयोजन किया गया और 13 दिसंबर को लगने वाली नेशनल लोक अदालत के जरिए अपने लंबित चालानों व मुकदमों का निपटारा करने बारे जागरूक किया। पैनल अधिवक्ता नरेश रंगा व फ्रंट ऑफिस कोर्डिनेटर बलकार सिंह ने कोर्ट परिसर करनाल जन साधारण को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक किया।




# स्वच्छता के दुश्मनों से रेलवे ने वसूले 12 लाख

**जबलपुर, 10 दिसम्बर ( निस ) :** जबलपुर रेल मंडल द्वारा स्वच्छता के प्रति यात्रियों में जागरूकता लाने एवं रेलवे परिसरों को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। मंडल के अंतर्गत सभी प्रमुख स्टेशनों एवं ट्रेनों में नियमित रूप से साफ-सफाई की जा रही है। स्वच्छता के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। अप्रैल 2025 से नवंबर 2025 की अवधि में जबलपुर मंडल में कुल 6,126 मामलों में कार्रवाई की गई, जिससे रेलवे को रुपए 12 लाख 26 हजार का राजस्व प्राप्त हुआ। केवल नवंबर माह में ही 660 यात्रियों को ट्रेनों या स्टेशनों पर गंदगी फैलाने के लिए पकड़ा गया, जिन पर आर्थिक दंड लगाकर रेलवे को रुपए 1 लाख 32 हजार का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ।

# कीस्टोन रिपोर्ट में खुलासा, देश में सबसे बड़े निवेश की योजना

**जबलपुर, 10 दिसम्बर ( निस ) :** 'संभव समिट' में जारी की गई कीस्टोन स्ट्रैटेजी की एक आर्थिक प्रभाव रिपोर्ट से पता चलता है कि 2010 से भारत में अमेजन का 40 बिलियन का संचयी निवेश, जिसमें कर्मचारियों को मुआवजा और बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है, ने भारत के 'आत्मनिर्भर' विजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

कीस्टोन के अनुसार, इन निवेशों ने अमेजन को भारत में सबसे बड़े विदेशी निवेशक, ई-कॉमर्स निर्यात के सबसे बड़े प्रवर्तक और देश के शीर्ष नौकरी सृजनकर्ताओं में से एक के रूप में स्थापित किया है। कंपनी ने पूर्ति केंद्रों, परिवहन नेटवर्क, डेटा केंद्रों, डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी विकास सहित भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर निवेश किया है।

# पावर मैनेजमेंट कंपनी के अरूण तिवारी ने जीता कांस्य पदक

**जबलपुर, 10 दिसम्बर ( निस ) :** विद्युत कंपनी जबलपुर में पदस्थ पहलवान अरूण तिवारी ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अंतरक्षेत्रीय विद्युत कुश्ती स्पर्धा के 97 से अधिक किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतने का गौरव पाया है।

संजय गांधी ताप विद्युत गृह, बिरसिंहपुर में गतदिवस हुई विद्युत क्षेत्र की इस प्रतियोगिता में पावर मैनेजमेंट कंपनी के अरूण तिवारी ने खंडवा के गुलाब राव उगादे को पराजित करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर एम.पी. पावर मैनेजमेंट कंपनी के सी.जे.एम. राजीव गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुये उन्हें बधाई दी है।

# मानव अधिकार दिवस पर जेल में स्वास्थ्य शिविर

**जबलपुर, 10 दिसम्बर ( निस ) :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस केन्द्रीय कारागार में मानव अधिकार दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा आयोजित समारोह के दौरान स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से बंदियों का चैक अप कर उन्हें जरूरी दवाएँ उपलब्ध करायी गयीं।

संगठन के अध्यक्ष व समारोह के सूत्रधार डा. अजय वाधवानी ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कैदियों को उनके अधिकारों की जानकारी दी. साथ ही भविष्य में हर तरह की नि:शुल्क लीगल सहायता का भरोसा दिलाया. डा. वाधवानी ने कहा हालात चाहे जैसे भी हों, हर हाल में मानव अधिकारों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस मौके पर जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर, उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश एवं रूपाली मिश्रा, डा. लक्ष्मण शाह, अन्जु लता गोस्वामी, टीआई कलदीप सिंह ठाकुर, अरविंद डांगी को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया. समारोह में एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डा. अभिषेक जैन, डा. अशोक मेठवानी, डा. आनन्द बहरानी, एड. अंकित मिश्रा, डा. स्नेहा टी. मेठवानी, डा. कमल विश्वास एवं राजीव शर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जबलपुर, 10 दिसम्बर ( निस ) :** पाटन थाना अतंर्गत ग्राम खमदेही में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खमदेही निवासी 55 वर्षीय रामकिशन पचैरी ने गत दोपहर लगभग 2.30 बजे अपने घर के अंदर वालें कमरे की छत में लगे हुक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके साले पुष्पराज भुर्रक ने हंसिया से फंदा काटकर शव नीचे उतारा। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# जमीन के सौदे के नाम पर 51 लाख रुपए की धोखाधड़ी

### *एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने किया मामला दर्ज*

**सफीदों, 10 दिसंबर ( एस. के. मित्तल ) :** सफीदों में एक दंपति ने दो प्रॉपर्टी डीलरों के साथ मिलकर जमीन के सौदे के नाम पर 51 लाख रुपए की ठगी कर दी। सफीदों शहर थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पानीपत जिले के गांव सिठाना के रहने वाले जय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसके साले अजमेर निवासी गांव रजाना खुर्द ने पिल्लूखेड़ा में हार्डवेयर की दुकान कर रखी है। प्रॉपर्टी डीलर किस्मत देशवाल का उसके साल के पास आना जाना था। जून 2025 में किस्मत ने कहा कि उसके पास एक पार्टी है जो अपनी जमीन बेचना चाहती है और उचित रेट में जमीन मिल सकती है। जब किस्मत ने यह बात कही उस समय सफीदों निवासी विकास भी उसके साथ था। उन्होंने जमीन की रजिस्ट्री और इंतकाल की जिम्मेवारी लेने की भी बात कही। जयकुमार से उसके साले ने बात की और उसके बाद किस्मत देशवाल और विकास मुंडलाना के श्री भगवान और उसकी पत्नी सोनू को साथ लेकर आए तथा 34 कनाल जमीन का सौदा 69 लाख रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से कर दिया। उसने 50 लख रुपए बयान के तौर पर दिए और 30 अक्टूबर 2025 रजिस्ट्री की तारीख तय की गई। जब वह रजिस्ट्री करवाने के लिए सफीदों तहसील कार्यालय में पहुंचा तो वहां पर जमीन के मालिक और प्रॉपर्टी डीलर नहीं पहुंचे जबकि प्रॉपर्टी डीलर भी एक लाख रुपए कमीशन के ले चुके थे। बाद में उसे पता चला कि जमाबंदी के अनुसार जमीन के मालिक श्री भगवान और उनकी पत्नी सोनू नहीं है। इसके बाद उसने इन चारों से बात की और अपने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसों को भूल जाने की बात कही और कहा कि अगर पैसों की मांग की तो वह किसी ट्रक ड्राइवर को एक-दो लाख रुपए देकर उसको मरवा देंगे। सफीदों शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर श्री भगवान और उसकी पत्नी सोनू तथा प्रॉपर्टी डीलर किस्मत देशवाल और उसके साथी विकास कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महाविद्यालय में मनाया मानवाधिकार दिवस



सफीदों, 10 दिसंबर ( एस. के. मित्तल ) : नगर के राजकीय महाविद्यालय में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लीगल अवेयरनेस सेल, लीगल लिट्रेसी क्लब और ह्यूमन राइट्स सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य विषय पर क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डा. सविता पूनिया ने की। प्रतियोगिता में कुल पांच टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मेहक, ज्योति और रानी (बी.एससी. तृतीय वर्ष) की टीम विजेता रही। वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को मानवाधिकारों व संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर अजय प्रकाश, ज्योति कंवल, राजीव कुमार, दीपक कुमार व मोनिका कुंडू विशेष रूप से मौजूद थे।

# राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक ने उठाया बड़ा मुद्दा

जबलपुर, 10 दिसम्बर ( निस ) : राज्यसभा में मंगलवार को मध्यप्रदेश के जबलपुर और महाकौशल क्षेत्र से जुड़े एक गंभीर और जमीनी मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया गया। जबलपुर की राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक ने शून्यकाल के दौरान ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को परीक्षा केंद्रों की दूरी के कारण होने वाली तकलीफों को सदन के सामने रखा।

सांसद ने कहा कि डिजिटल इंडिया के दौर में भी दूर-दराज के गांवों के बच्चों को जेईई, नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं देने के लिए 300 किलोमीटर तक की यात्रा करनी पड़ती है, जो किसी भी दृष्टि से न्यायसंगत नहीं है।

सांसद सुमित्रा बाल्मीक ने कहा कि महाकौशल के सिहोरा, कुंडम, शहपुरा, मझौली और कई आदिवासी-बहुल क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवारों के बच्चों के लिए राष्ट्रीय परीक्षाएं देना आर्थिक और मानसिक रूप से बेहद कठिन हो गया है।

उन्होंने सदन में कहा, यहाँ से 300 किलोमीटर दूर भोपाल या इंदौर में परीक्षा केंद्र मिलता है। उस 17 साल के बच्चे की हालत सोचिए, जिसे परीक्षा से पहले रात भर बसों में धक्के खाने पड़ते हैं। उसे परीक्षा की नहीं, धर्मशाला मिलने की चिंता होती है। सांसद ने यह भी कहा कि कई माता-पिता दो दिन की दिहाड़ी छोड़कर अपने बच्चे को परीक्षा दिलाने जाते हैं। ऐसे में परीक्षा देना गरीबों के लिए 'आर्थिक संकट' जैसा बन जाता है।

बाल्मीक ने संसद में यह सवाल भी उठाया कि , जब देश के गांव-गांव तक 5जी और तेज इंटरनेट पहुंच चुका है, जब हर प्रक्रिया ऑनलाइन हो रही है, ऐसे में बच्चों को परीक्षा देने के लिए इतनी दूर क्यों भेजा जा रहा है? उन्होंने कहा फॉर्म भरने की प्रक्रिया ऑनलाइन करने से लोकतंत्र मजबूत हुआ, लेकिन परीक्षा केंद्रों की कमी ने इसे फिर अमीरों तक सीमित कर दिया है। सुमित्रा बाल्मीक ने शिक्षा मंत्रालय और एनटीए से मांग की हर ब्लॉक में एक डिजिटल परीक्षा केंद्र स्थापित किया जाए। उन्होंने इसके लिए तीन मजबूत तर्क रखे हर ब्लॉक में सरकारी स्कूल, आईटी रूम, पंचायत भवन जैसे संसाधन उपलब्ध हैं, जिन्हें सुरक्षित डिजिटल परीक्षा केंद्र में बदला जा सकता है। यदि लोकतंत्र के लिए ईवीएम मशीनें जंगलों तक ले जाई जा सकती हैं, तो देश के भविष्य बनाने वाले बच्चों तक कंप्यूटर क्यों नहीं पहुंच सकता? रिमोट प्रॉक्टरिंग तकनीक उपलब्ध है, इसलिए 300 किमी यात्रा कराने का कोई तर्क नहीं बनता। सांसद ने भावुक अपील करते हुए कहा, असमानता से लड़ने का एकमात्र हथियार शिक्षा है। सरकार ऐसी व्यवस्था करे जिससे छात्र की ऊर्जा परीक्षा पास करने में लगे, परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में नहीं। अंत में उन्होंने सरकार से इस दिशा में ठोस नीति बनाने और ग्रामीण-अंचल के छात्रों के लिए परीक्षा केंद्रों की उपलब्धता को आसान करने की मांग की।

# 2 सड़क दुर्घटनाओं में 4 घायल

जबलपुर, 10 दिसम्बर ( निस ) : शहपुरा और बरेला में सड़क दुर्घटना की दो मामलें प्रकाश में आए हैं। शहपुरा में एक हाईवा ने एक बुलेरो में सामने से टक्कर मार दी, जिससे बुलेरो वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और दो युवक घायल हो गए। वहीं बरेला में टोल नाके के आगे रोड पर एक लोडिंग वाहन ने दो भाईयों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहजपुर निवासी 48 वर्षीय राजेश कुमार जैन गत रात अपनी बुलेरो क्रमांक एमपी 20 सीई 9833 से शेख अमित एवं राकेश जैन के साथ करकबेल के पास मटर की गाडी फेल हो जाने के कारण लेबर लेकर जा रहे थे, रात्रि 11 बजे टेढ चौकी के पहले शहपुरा के पास पहुंचे तभी गोटेगॉव की ओर से आ रहा हाईवा क्रमांक एमपी 20 एचबी 8155 के चालक ने तेज गति से चलाते हुये उसकी बुलेरो में सामने से टक्कर मारते हुए एक खेत में हाईवा घुस गया, टक्कर से बुलेरो क्षतिग्रस्त हो गयी, राजेश कुमार जैन एवं राकेश जैन को हाथ, चेहरे में चोटे आ गयी। इसी तरह बरेला में गंगा सागर गढ़ा निवासी 33 वर्षीय हरीश परस्ते अपने चचेरे भाई श्याम सिंह के साथ गत दिवस रिश्तेदारी मे बरेला से जन्म दिन कार्यक्रम से लौट रहा था, टोल नाके के आगे रोड पर काम चलने की वजह से डायवर्सन होने के कारण अपनी मोटर सायकिल खड़ी कर रूका तभी लोडिंग वाहन एमपी 20 जीबी 5378 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए रोड किनारे खड़े उसके बड़े भाई श्याम सिंह को टक्कर मारते हुये उसके पैर पर चका चढाते हुये भाग गया। जिससे दोनों के हाथ पैर कमर में चोटे आ गयी। श्याम सिंह को अधिक चोट आने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी हाईवा चालक व लोडिंग वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281(1), 125 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# जुआ, सट्टा, अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई

जबलपुर, 10 दिसम्बर ( निस ) : शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी, एवं मारपीट करने वालें आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 395 पाव देशी, अंग्रेजी, 7 लीटर कच्ची शराब, 2 चाकू व जुआड़ियों से नगदी 5 हजार 305 रुपए जब्त किए है। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 49 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 57 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 11 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है। इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 2 गैरम्यादी, 16 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 7 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 395 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 7 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 2 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये एवं 7 जुआरियों को जुआ खेलते हुये एवं 5 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया जुआरियो एवं सटोरियो के कब्जे से 5 हजार 305 रूपये जप्त किये गये।

# डीएवी कॉलेज की कोनिका ने एमए अर्थशास्त्र अंतिम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में पहला व इशिता ने तीसरा स्थान अर्जित किया

### *आत्मविश्वास, दृढ इच्छाशक्ति और लगन के साथ किसी भी लक्ष्य को भेदा जा सकता है : डॉ. आरपी सैनी*

### *वर्तमान समय में समाज में जागरूकता के कारण लड़कियों के प्रति बदल रहा है नजरिया*

करनाल, 10 दिसंबर ( संदीप रोहिला ) : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा घोषित एमए अर्थशास्त्र चौथे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में डीएवी पीजी कॉलेज की दो छात्राओं कोनिका ने प्रथम और इशिता ने तीसरा स्थान अर्जित कर अपने माता-पिता के साथ-साथ जिले भर में कॉलेज का नाम भी रोशन किया है। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति एंव कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. रामपाल सैनी ने दोनों छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनको उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ रामपाल सैनी ने कहा कि दृढ़ संकल्प और सच्ची लगन से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर पूर्ण आत्मविश्वास और दृढ इच्छाशक्ति और लगन के साथ अपने लक्ष्य को साधने के लिए प्रयास करना चाहिए जब हमारी लगन सच्ची होती है तो हमें सफलता निश्चित रूप से मिलती है। डॉ. आरपी सैनी ने दोनों छात्राओं कोनिका व इशिता को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की। उन्होंने दोनों छात्राओं की परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में



लड़को से पीछे नही बल्कि उनसे बेहतर तरीके से अपने हर काम को करने में सक्षम है। वर्तमान समय में समाज में जागरूकता पनप रही है जिससे लोगों की लड़कियों के प्रति मानसिकता में भी बदलाव आ रहा है। जिसके फलस्वरूप आज हमारी बेटियां बडे से बडे पद पर विराजमान होकर अपनी काबिलियत को दिखा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी मेहनत करें। कॉलेज की ओर से उन्हें हर संभव मदद, सुविधा, प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध हैं। डॉ. रामपाल सैनी ने अर्थशास्त्र विभाग के सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों की मेहनत और समर्पण का ही प्रतिफल है जिसके बदौलत विद्यार्थी बुलदिंयो का छू रहे है। इस मौके पर डॉ. राजबीर कौर, केशवी राजपाल व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# पुलिस ने नवंबर माह में 17046 चालान कर लगाया 4 करोड़ 47 लाख 40 हजार 600 रुपए का जुर्माना : विश्राम कुमार मीणा

कुरुक्षेत्र, 10 दिसंबर ( करणदीप सिंह ) : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ट्रैफिक नियमों की सख्ती से पालना करवाने के लिए पुलिस प्रशासन दिन-रात मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहा है। जिसके फलस्वरूप पुलिस ने नवंबर-2025 में कुल 17046 चालान किए गए और इसके तहत 4 करोड़ 47 लाख 40 हजार 600 रुपए का जुर्माना भी किया गया। इतना ही नहीं ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने पर 65 स्कूल बसों के भी चालान किए गए है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ट्रैफिक नियमों की पालना करवाने के लिए कुरुक्षेत्र जिले को विभिन्न जोन में विभाजित किया गया जिसमें ईस्ट, वेस्ट और हाईवे शामिल है। इन जोनों में यातायात पुलिस की पीसीआर, राइडर व अन्य यातायात पुलिस दिन-रात कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कुल 17046 चालान किए है और इन वाहन चालकों पर 4 करोड़ 47 लाख 40 हजार 600 रुपए का जुर्माना किया है। इन चालान में हेलमेट, सीट बेल्ट और अन्य तरह के चालान शामिल है। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस ने ओवर स्पीड के 9523 चालान, बिना हेलमेट के 1171 चालान, बिना सीट बेल्ट के 53 चालान, गाड़ी चलाते हुए मोबाइल का प्रयोग करने पर 12 चालान, शराब पीकर गाड़ी चलाने पर 36 चालान, लैन चेंज के 1336 चालान किए गए है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार ट्रिपल राइडिंग 793 चालान, गलत साइड ड्राइविंग के 102 चालान, गलत स्थान पर पार्किंग के 315 चालान,गाडी पर ब्लैक फिल्म व ब्लैक शीशे के 25 चालान, नियमों की पालना ना करने पर स्कूल बसों के 65 चालान, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ना होने पर 1004 चालान, रेड एवं ब्ल्यू लाइट के 02 चालान व अन्य 2609 चालान किए गए है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि गाड़ी चलाते और पार्किंग करते समय नियमों की पालना करे ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। अगर कोई व्यक्ति ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करेगा तो उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# राजस्व कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उत्तम सिंह

करनाल, 10 दिसंबर ( सुनील कुमार ) : उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि राजस्व संबंधी कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी व कर्मचारी जनहित में पूरी तत्परता के साथ दायित्वों का निर्वहन करें ताकि नागरिकों को समय पर सेवाएं मिल सकें। सिविल कोर्ट में लंबित मामलों, रजिस्ट्री और इंतकाल के लंबित कार्यों को भी शीघ्रता से निपटाया जाए। इसके साथ ही जमाबंदी से संबंधित लंबित मामलों को 15 दिन से ज्यादा लंबित न रखा जाए। उपायुक्त उत्तम सिंह आज लघु सचिवालय सभागार में




आयोजित राजस्व विभाग की मासिक बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सिविल कोर्ट में लंबित मामलों के साथ-साथ राजस्व से संबंधित मामलों का निपटारा तय समय सीमा में किया जाए।उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील कार्यालयों में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही तहसील कर्मचारियों द्वारा औपचारिक पोशाक (फॉर्मल) पहनना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि 47 ए के लंबित मामलों को तेजी से निपटान सुनिश्चित किया जाए।साथ ही स्टांप डयूटी, कोर्ट केस, रिकवरी सर्टिफिकेट आदि से संबंधित सरकारी बकाया राशि की वसूली के कार्य में भी तेजी लाई जाए।उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लें और प्राथमिकता से उनका निपटारा करें। किसी भी मामले में अनावश्यक देरी व उसे जानबूझकर लटकाए रखना स्वीकार्य नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति दोबारा उनके पास शिकायत लेकर नहीं आना चाहिए। बैठक में घरौंडा एसडीएम राजेश सोनी, इंद्री के एसडीएम अशोक मुंजाल, असंध के एसडीएम राहुल, नीलोखेड़ी के एसडीएम अशोक कुमार, डीआरओ मनीष यादव, डीडीपीओ कंचनलता सहित तहसीलदार व नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

# कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा गैर सब्सिडी खाद व कीटनाशको की किसानों को जबरदस्ती बिकी करने के विरुद्ध मे कड़ी कार्यवाही : डॉ.वजीर सिंह

करनाल, 10 दिसंबर ( यशपाल कादियान ) : उप कृषि निदेशक डा0 वजीर सिंह ने बताया कि कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा को लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि कुछ खाद निर्माता कम्पनियों द्वारा यूरिया व डी.ए.पी. खाद के साथ कीटनाशक दवाईयां इत्यादि की जबरन टैगिंग तथा अनियमित बिकी की जा रही है। इस सम्बंध में चम्बल फर्टिलाईजर व कैमिकल लिमिटेड के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों पर कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा द्वारा कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने बताया कि कृषि तथा किसान कल्याण विभाग को जिला अम्बाला से प्राप्त शिकायत व अन्य शिकायतकर्ताओं के आधार पर जांच उपरांत शिकायत ठीक पाये जाने पर कृषि निदेशक, कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा, पंचकूला द्वारा खाद निर्माता कम्पनी चम्बल फर्टिलाईजर व कैमिकल लिमिटेड द्वारा निर्मित / विपणन बिना सब्सीडी वाले खाद जैसे की मैग्निशियम सल्फेट, सल्फर 90 प्रतिशत, जिंक सल्फेट, माईकोराईजल बायो फर्टिलाईजर इत्यादि खादो के भण्डारण व बिकी की स्वीकृति वापिस ले ली गई है तथा चम्बल फर्टिलाईजर व कैमिकल लिमिटेड द्वारा बिकी की



जाने वाली कीटनाशक दवाईयों की बिकी पर रोक लगाते हुए एक सप्ताह के अन्दर अन्दर बाजार से स्टॉक हटाने के निर्देश भी जारी कर दिये गये है। उन्होंने बताया कि निदेशालय कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा, पंचकूला से निर्देश प्राप्त होते ही जिला करनाल का कृषि विभाग भी उक्त खाद निर्माता कम्पनी के खिलाफ कार्यवाही को लेकर सक्रिय हो गया है। आज उपरोक्त कंपनी के कीटनाशक दवाईया व खाद के भण्डारण का निरीक्षण किया गया तथा मौके पर 06 कीटनाशक दवाइयों व 06 खाद के नमूने लेते हुए आगामी भण्डारण व विकी पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने सभी खाद निर्माता कम्पनी या खुदरा व थोक खाद विक्रेताओं द्वारा गैर कानूनी व जबरदस्ती तरीके से सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ अन्य कृषि उत्पाद टैगिंग न करने के आदेश दिये हैं यदि कोई आदेशों की अवहेलना करता पाया गया तो उनके खिलाफ कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, करनाल द्वारा कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# सरकार श्रमिकों का रख रही पूरा ख्याल : उपायुक्त

पानीपत, 10 दिसंबर ( हरप्रीत छतवाल ) : मुख्यमंत्री घोषणा के तहत पानीपत और समालखा में दो नए लेबर चौक बनाए जाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसी को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने श्रम विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की। बैठक में दोनों स्थानों पर लेबर चौक के ढांचे, सुविधाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया गया।

उपायुक्त ने बताया कि नूरवाला और समालखा मंडी में लेबर चौक स्थापित किए जाएंगे, जहां श्रमिकों के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन चौंकों पर शौचालय, पीने के पानी की व्यवस्था, बस क्यू शेल्टर जैसी आधुनिक शेड, तथा अन्य जरूरी




सुविधाएं विकसित की जाएंगी ताकि दैनिक श्रमिकों को बेहतर वातावरण मिल सके। बैठक के दौरान उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने स्पष्ट कहा कि सरकार श्रमिकों का पूरा ख्याल रख रही है। नूरवाला और समालखा मंडी में बनने वाले लेबर चौक श्रमिकों को सुरक्षित, सुविधाजनक और सम्मानजनक कार्य-स्थल उपलब्ध कराएंगे। इन चौंकों पर हर जरूरी सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उपायुक्त डॉ दहिया ने श्रम विभाग को लेबर चौक निर्माण से संबंधित सभी कार्यों की मुख्य जिम्मेदारी सौंपी और समयबद्ध तरीके से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि लेबर चौक इस तरह बनाए जाएंगे कि वहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में पहुंचने वाले श्रमिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। भीषण गर्मी, बरसात व सर्दी को ध्यान में रखते हुए मजबूत शेड तैयार किया जाएगा। श्रमिकों की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखकर पेयजल व्यवस्था और साफ-सुथरे शौचालय भी विशेष रूप से शामिल किए गए हैं। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ जल्द से जल्द कार्य योजना को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए गए। बैठक में एडिशनल निगम आयुक्त विवेक चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, डीआरओ कनब लाकड़ा, उप निदेशक डी.पी. सिंह, एसडीओ सूबे सिंह, अजय सिंह सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कृष्णा विहार कालोनीवासियों ने सुभाष कलसाना को सौंपा मांग पत्र

शाहाबाद मारकंडा, 10 दिसंबर ( रूबी ) : शाहाबाद की कृष्णा विहार कॉलोनी में विकास कार्यों को नई रफ्तार देते हुए भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने 73 लाख रुपये की लागत से होने वाले कार्यों का ऐलान किया।

कालोनी वासियों की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में पहुँचे कलसाना ने कॉलोनी की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की सुनिश्चितता देते हुए मौके पर ही गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि शाहाबाद का कोई भी गांव, वार्ड या कॉलोनी अब विकास से अछूता नहीं रहेगा। हमारी प्राथमिकता है कि हर घर तक मूलभूत सुविधाएं पहुँचें। हरियाणा



के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूरे प्रदेश की चिंता करते हैं और रात दो-दो बजे तक जनता की समस्याएं सुनकर उनके समाधान में जुटे रहते हैं।

कार्यक्रम में मौजूद पार्षद ईशु सचदेवा ने भी कॉलोनीवासियों को भरोसा दिलाते हुए कहा सुभाष कलसाना के नेतृत्व में कृष्णा विहार की एक-एक मांग पूरी होगी। यहां की गली, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट से लेकर हर सुविधा को प्राथमिकता देकर पूरा किया जाएगा।

एडवोकेट अशोक वत्स ने कहा कि वह सदैव इस कॉलोनी की आवाज उठाते रहे हैं और उन्हें पूरा विश्वास है कि सुभाष कलसाना यहां का मुकम्मल विकास करवाएंगे। कॉलोनीवासियों तरसेम कटारिया, राकेश कलसाना, सुखवंत सिंह बग्गी, रवनीश कटारिया, पंडित राजेश शर्मा ने कालोनी के विकास से सम्बंधित मांग पत्र सुभाष कलसाना को सौंपा। जिस पर सुभाष कलसाना ने सभी मांगों को पूरा करने की सहमति जताई। इस अवसर पर नगरपालिका के पूर्व प्रधान बलदेव राज चावला, मंडल अध्यक्ष यादविन्द्र लक्की राणा, एडवोकेट अशोक वत्स, अशोक खुराना, सोनिया मेहंदीरत्ता, एडवोकेट मनदीप रावा, सरपंच प्रतिनिधि रिंकू बैरागी, राकेश कलसाना नरेश खेड़ा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# अल्पाईन स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 12 दिसम्बर को

**शाहाबाद मारकंडा, 10 दिसंबर ( रूबी ) :** अल्पाईन पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम 12 दिसंबर को मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए स्कूल प्रबंधक दीपक सिंघल ने बताया कि इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी मुख्यातिथि होंगे।

# पुत्रों ने अपने पिता की इच्छा पूर्ण करते हुए मरणोपरांत पिता के नेत्र दान में दिए

**नीलोखेड़ी, 10 दिसंबर ( सुरेश कुमार मिड्ढा ) :** केनाल एरिया के समाजसेवी गोपीचंद मदान (92)की बिमारी से मृत्यु होने पर उनके पुत्रों ने अपने पिता की इच्छा को पूरा करते हुए पिता के नेत्र दान में दिए। गोपीचंद मदान ने जीवित रहते अपने नेत्रों को दान में देने का संकल्प लिया था। अर्पणा आई बैंक व अर्पणा रिसर्च चैरिटी ट्रस्ट मधुबन की टीम डाक्टर राजकुमार के नेतृत्व में यहां पहुंचीं और नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की। 92 वर्षीय गोपी चंद की एक दिन पहले बिमारी की वजह से मृत्यु हो गई थी। उनके पुत्र बलवंत राय, लाजपत राय व राकेश कुमार ने बताया कि उनके पिता ने जीवित रहते नेत्रदान करने का संकल्प किया था। उनकी अंतिम इच्छा को पूरा करने के लिए उनके नेत्रदान किए गए हैं। डाक्टर राजकुमार ने कहा कि नेत्रदान में जनकल्याण सेवा सोसायटी का सहयोग प्रशंसनीय है। सोसाइटी नेत्रदान के लिए लोगों को प्रेरित करने में अहम भूमिका निभा रही है। नेत्र दान से किसी की दुनिया रोशन होती है। सोसाइटी के अध्यक्ष हरविंदर मोहन ने कहा कि नेत्रों का दान बहुत बड़ा दान है। सोसाइटी नेत्रदान और अंग-दान के लिए लोगों को प्रेरित कर रही है।

# हैल्पिंग हैंड की ओर से स्कूल में स्वैटर, शूज व स्टेशनरी वितरित



**शाहाबाद मारकंडा, 10 दिसंबर ( रूबी ) :** हैल्पिंग हैंड्स संस्था की ओर से राजकीय माध्यमिक विद्यालय कतलाहरी के विद्यार्थियों को स्वैटर, शूज, स्टेशनरी व अन्य सामान वितरित किया गया। संस्था के संस्थापक सदस्य प्रदीप कुकरेजा ने बताया कि 78 बच्चों को स्टेशनरी, 50 बच्चों को स्वैटर, जुराबें, टोपी व शूज वितरित किये गये। प्रदीप कुकरेजा ने कहा कि हैल्पिंग हैंड संस्था का प्रयास है कि कोई भी असहाय छात्र शिक्षण साम्रगी और गर्म कपड़ों से वंचित नहीं रहना चाहिए। स्कूल के मुख्याध्यापक अनिल कुमार ने संस्था द्वारा आयोजित समाज सेवी प्रकल्पों की सराहना की और कहा कि इस तरह के सहयोग से निश्चित शिक्षण संस्थाओं को मजबूत सहयोग मिलता है। इस अवसर पर चिराग अरोड़ा, प्रिंस, संगीत राणा, मोहन लाल, विजय पासी, नवनीत सांगवान, गुलाब सिंह, शिव कुमार, पंकज, सोहन लाल, रूकमणि, सीमा आदि मौजूद रहे।

## तीन छात्रों ने अखिल भारतीय द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त किया



**कुरुक्षेत्र, 10 दिसंबर ( करणदीप सिंह ) :** बी. आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के तीन छात्रों ने अखिल भारतीय नागरिक विकास केंद्र, छत्रपति संभा जी नगर, औरंगाबाद द्वारा आयोजित आल इंडिया ड्राईंग, हैडराईटिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त कर अपनी विजय का परचम लहराया है। इसमें कक्षा चतुर्थ की छात्रा रिद्धि को कला श्री सम्मान, कक्षा छटी की छात्रा निमरत को कला रत्न सम्मान तथा कक्षा नौवीं के छात्र रोहण कौशिक को विद्या भूषण सम्मान मिला है। विद्यालय की प्राध्यापिका मधु शर्मा को भी सर्वश्रेष्ठ अध्यापिका का पुरस्कार दिया गया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने छात्रों को अपना शुभाशीष देते हुए उनकी भरपूर सराहना की। विद्यालय प्राचार्या पूजा कंबोज ने विजेता छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में सही मार्ग पर चलते हुए इससे भी शानदार परिणाम लाने को प्रोत्साहित किया।

# खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में रोबोट बनाकर गुमटी स्कूल का छात्र रहा प्रथम

**शाहाबाद मारकंडा, 10 दिसंबर ( रूबी ) :** पी.एम. श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद में खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी बिजेन्द्र सिंह ने की। प्रदर्शनी में प्राचार्य लक्ष्मी प्रसाद शास्त्री एवं डी.एस.एस. तरसेम कौशिक ने मुख्यातिथि व विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की। नोडल अधिकारी बी.आर.पी. सुमन ने बताया कि प्रदर्शनी में सभी कलस्टरों के लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। प्रदर्शनी में मॉडल मेकिंग, पोस्टर मेकिंग एवं रोल प्ले प्रतियोगितायें करवाई गयीं। मॉडल मेकिंग में रोबोटिक्स विषय में राजकीय माध्यमिक विद्यालय गुमटी के दीपक ने प्रथम, स्पेस साईंस में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय त्यौड़ा के विनित ने प्रथम, हेल्थ एंड हाईजीन में ठोल स्कूल की जिज्ञासा, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंट में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के रविन्द्र तथा वेस्ट मेनेजमैंट में भी त्यौड़ा प्रथम रहा। मुख्यातिथि लक्ष्मी प्रसाद शास्त्री एवं डी.एस.एस. तरसेम कौशिक ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और नन्हें वैज्ञानिकों द्वारा तैयार मॉडलों की प्रशंसा की। लक्ष्मी प्रसाद शास्त्री ने कहा कि आज का युग वैज्ञानिक हैं और नयी पीढ़ी को विज्ञान के साथ जोडने् के लिए इस तरह की प्रदर्शनियों का निरंतर आयोजन नितांत आश्यक है। इस अवसर पर राकेश सपरा, ए.बी.आर.सी. सीमा, विष्णु, मनीष शर्मा, ए.बी.आर.सी. अणु, ए.बी.आर.सी. भावना बंसल सहित अनेक अध्यापक मौजूद रहे।

# संपत्ति कर के बकाएदारों पर निगम की सख्ती जारी, पेट्रोल पंप समेत चार दुकानें सील

**यमुनानगर, 10 दिसंबर ( दिनेश कुमार ) :** संपत्ति कर के बकाएदारों पर नगर निगम की सख्ती जारी है। नगर निगम की टीम ने फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए जिमीदारा पेट्रोल पंप समेत चार दुकानों को सील कर दिया। इन बकाएदारों पर नगर निगम का 56 लाख 96 हजार 966 रुपये संपत्ति कर बकाया था। इन बकाएदारों को नगर निगम ने कई बार नोटिस जारी किए थे। टैक्स जमा न कराने पर बकाएदारों को सुनवाई के लिए निगम कार्यालय भी बुलाया गया था। फिर भी संपत्ति कर जमा न कराने पर नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर सीलिंग कार्रवाई की गई। जिस भी संपत्ति मालिक का संपत्ति कर एक लाख रुपये अधिक बकाया है, उन्हें निगम द्वारा नोटिस भेजे गए है। जिन्हें नोटिस दिए गए है, उनकी संपत्ति सील की जा रही है। सीलिंग कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। नगर निगम क्षेत्र में एक लाख रुपये से अधिक बकाया प्रॉपर्टी टैक्स के संपत्ति मालिकों को कुछ माह पहले हरियाणा नगर निगम अधिनियम-1994 के तहत नोटिस जारी किया था। नोटिस मिलने के बाद कुछ संपत्ति मालिकों ने टैक्स जमा करा दिया, लेकिन कुछ संपत्ति मालिकों ने प्रॉपर्टी टैक्स अभी तक जमा नहीं कराया। जिनकी प्रॉपर्टी सील करने की नगर निगम कार्रवाई कर रहा है। प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों की संपत्तियां सील करने के लिए नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर यमुनानगर जोन में क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया और जितेंद्र मल्होत्रा व जगाधरी जोन में क्षेत्रीय कराधान अधिकारी एवं कार्यालय अधीक्षक संजय



कुमार व रघुवीर सिंह के नेतृत्व में टीमें गठित की गई। क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया व जितेंद्र मल्होत्रा की टीम देर शाम बाईपास रोड स्थित जिमीदारा पेट्रोल पंप पर पहुंची। संपत्ति कर जमा न कराने पर नगर निगम की टीम ने पेट्रोल पंप को सील कर दिया। इस संपत्ति पर नगर निगम का 2963699 रुपये संपत्ति कर बकाया है। सील लगाने के बाद निगम कर्मियों ने पेट्रोल पंप के ऑफिस के गेट पर चेतावनी नोटिस भी चस्पा किया। जिस पर निगम की अनुमति बिना सील खोलने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात लिखी हुई था। इससे पूर्व निगम की टीम ने महाराणा प्रताप चौक स्थित कपिल भवन दुकान को सील किया। इस पर निगम का 2300384 रुपये बकाया है। इसी तरह शिव कुमार की दुकान को सील किया। इस संपत्ति पर निगम का 236684 रुपये बकाया है। इनसे पहले निगम की टीम ने वार्ड 17 के कैंप स्थित कुलदीप कुमार की दुकान को सील किया। इस पर निगम का 196199 रुपये संपत्ति कर बकाया है। संपत्तियां सील करने के साथ ही निगम द्वारा उन पर चेतावनी नोटिस चस्पाया कि यदि नगर निगम की अनुमति के बिना सील से छेड़छाड़ की या इसे खोलने का प्रयास किया गया तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**सीलिंग कार्रवाई से बचने को जमा कराए प्रॉपर्टी टैक्स : महाबीर प्रसाद**

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों पर नगर निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। एक लाख रुपये से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों की अब संपत्तियां सील की जा रही है। सीलिंग कार्रवाई से बचने के लिए संपत्ति मालिक अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराए। उन्होंने बताया कि जिनकी संपत्ति सील की गई है, उन्हें कई बार नोटिस जारी कर चेताया गया था। टैक्स जमा न कराने पर बकाएदारों को सुनवाई के लिए निगम कार्यालय बुलाया गया था। सुनवाई के बाद भी संपत्ति कर जमा न कराने पर सीलिंग कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इसलिए बकाएदारों से अपील है कि वे अपना संपत्ति कर नियमित जमा कराते रहे।

# शास्त्र और रोगी ही एक वैद्य के सबसे बड़े गुरु होते हैं : कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान

**कुरुक्षेत्र, 10 दिसंबर ( सुदेश कुमार ) :** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि शास्त्र और रोगी, दोनों ही एक वैद्य के सबसे बड़े गुरु होते हैं। शास्त्रों में लिखा प्रत्येक शब्द अनुभूति से उपजा है और पूर्णत-सार्थक है। एक योग्य वैद्य वह है, जो बिना अधिक औषधियों के भी रोगी को आहार-विहार और उचित परामर्श द्वारा स्वस्थ कर सके। आज दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोग केवल जीवनशैली में सुधार कर स्वयं को निरोग बना रहे हैं। कुलपति प्रो. धीमान बुधवार को विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयुष विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय आयुर्वेद संवाद (ष्टरूश्च) में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. चंदन दुआ, रिसोर्स पर्सन डॉ. दलीप मिश्रा, डॉ. गोपेश मंगल, श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शंकर, एनसीआईएसएम नई दिल्ली से डॉ. अतुल वाषणे, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू, डॉ. मोहित गुप्ता सहित अनेक विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. धीमान ने नव-चयनित आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक प्रतिष्ठा केवल निरंतर परिश्रम से ही प्राप्त होती है। गीता का प्रथम शब्द ही पुरुषार्थ का प्रतीक है-कर्म ही परिश्रम है और परिश्रम ही पुरुषार्थ है। पुरुषार्थ ही जीवन का मूल मंत्र है, क्योंकि उससे ही शारीरिक, मानसिक और नैतिक बल प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद केवल डिग्री का विषय नहीं, बल्कि जीवन में उतारने और समाज को स्वस्थ रखने की सतत प्रक्रिया है। प्रो. धीमान ने विद्या बल, चरित्र बल, नीति बल और धर्म बल को वैद्य जीवन के चार महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि इनका अर्जन



एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि लगातार अनुशासन, सीख और आत्ममंथन से संभव होता है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में आयुर्वेद की प्रभावशीलता को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया। आज विश्व समुदाय आयुर्वेद से आशा रखता है और आयुर्वेद को वैश्विक स्वास्थ्य मॉडल बनाने की जिम्मेदारी हम सबके कंधों पर है। आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता ने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों को निरंतर अध्ययन, अनुशासन और संवेदनशीलता को अपने व्यावसायिक जीवन का आधार बनाना चाहिए। एक वैद्य का व्यक्तित्व केवल ज्ञान से नहीं, बल्कि उसके आचरण, विनम्रता और रोगी के प्रति करुणा से पहचाना जाता है।

प्रो. मेहता ने सभी नव-चयनित अधिकारियों से आग्रह किया कि वे परंपरा और आधुनिकता के संतुलन के साथ आयुर्वेद को समाज तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस अवसर पर आयुष विश्वविद्यालय के प्रो.रवि राज, प्रो.सीमा रानी, प्रो.विदुषी त्यागी, प्रो.कृष्ण कुमार, प्रो.शीलत सिंगला समेत अन्य शिक्षक एवं आयुष विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

# राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरी की लड़कियों की कबड्डी टीम ने विधानसभा स्तर पर किया प्रथम स्थान हासिल

**बाबैन, 10 दिसम्बर ( राजेश कुमार ) :** कबड्डी प्रतियोगिता में राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरी की लड़कियों की कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी प्रतिद्वंद्वी टीमों को पराजित कर विधानसभा स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में जीत के बाद जब खिलाड़ी विद्यालय खैरी में पहुंची, तो स्कूल परिसर में उनका भव्य स्वागत किया गया। छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने पूरे उत्साह




के साथ विजेता टीम का अभिनंदन किया और विद्यालय परिवार ने बेटियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

विद्यालय की प्रिंसिपल सविता ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि बेटियों ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य संभव है।

उन्होंने खिलाड़ियों की पीठ थपथपाते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव में खैरी की टीम ने पहले ब्लॉक स्तर पर और उसके बाद विधानसभा स्तर पर प्रथत स्थान हासिल करने पर उन्हे गर्व है वहीं यह उपलब्धि पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की इन प्रतिभाशाली बेटियों ने अपने उत्कृष्ट खेल, टीम भावना और लगन से न केवल प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। प्रिंसिपल सविता ने टीम की कोच रोशनी द्वारा कराए गए कठिन अभ्यास और उत्कृष्ट मार्गदर्शन की विशेष सराहना की।

उन्होंने कहा कि कोच रोशनी के निरंतर प्रयासों और प्रशिक्षण के दम पर आज स्कूल की बेटियों ने यह ऐतिहासिक जीत हासिल की है। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी अपने विचार साझा किए और कहा कि इस जीत से निश्चित रूप से अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी। खेल कोच रोशनी ने कहा कि प्रतियोगिता में मिली इस शानदार सफलता ने विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है और उन्हें विश्वास है कि भविष्य में भी खिलाड़ी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज़

**नीलोखेड़ी, 10 दिसंबर ( सुरेश कुमार मिड्ढा ) :** हर घर के आंगन में पोषण वाटिका होना चाहिए। हमें विष-मुक्त अनाज, सब्जियां और फल अपने भोजन में शामिल करने चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम यह सुनिश्चित करें कि हमारे घरों तक पहुंचने वाली सब्जियां और फल कितने सुरक्षित और रसायन मुक्त हैं। ये बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान ने कही। वे संस्थान में मनरेगा ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों व कर्मचारियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उदघाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। महात्मा गांधी नरेगा एवं डीएनआरएलएम के समन्वय से कृषि पोषण उद्यानों एवं मोरिंगा रोपण (श्रेणी-सी) कार्यों व उन्नति योजना संबंधित कार्यशाला में राज्य के छह जिलों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।कार्यक्रम समन्वयक हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के संकाय सदस्य संदीप भारद्वाज ने डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया एवं कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया। डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने यह स्पष्ट

***पोषक सब्जियों का इस्तेमाल करना चाहिए : डा.चौहान***



कर दिया कि असली लड़ाई इम्युनिटी की है। अचानक आए कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया को हिला दिया, लेकिन जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत थी, वे सुरक्षित और स्वस्थ रहे। इसलिए आवश्यक है कि हमारा भोजन पोषक, प्राकृतिक और पूरी तरह विष-मुक्त हो। डॉ चौहान ने सभी प्रतिभागियों को संकल्प दिलवाया कि वे अपने-अपने घरों में पोषण वाटिका अवश्य स्थापित करेंगे और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि च्यहां से जाने के बाद हर व्यक्ति एक गांव को चुने और तय करे कि उस गांव के प्रत्येक घर में पोषण वाटिका स्थापित करवाई जाएगी—जहां सब्जियां, मोरिंगा (सहजन) और अन्य स्वास्थ्यवर्धक पौधे हों, ताकि हर परिवार स्वस्थ, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बने। कार्यक्रम समन्वयक संदीप भारद्वाज ने कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल प्रतिभागियों के तकनीकी ज्ञान को मजबूत करेगा, बल्कि उन्हें गांव स्तर पर पोषण संवर्धन, आत्मनिर्भरता और प्राकृतिक खेती के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर गुरबिंदर सिंह, कंसल्टेंट, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, हैदराबाद, गुरमीत सिंह, जिला परियोजना अधिकारी, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सौरभ खुराना एबीपीओ उकलाना, मनीषा देवी एबीपीओ रेवाड़ी, मनोज कुमार एबीपीओ हिसार सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थितरहे।

# प्रदेश की भाजपा सरकार युवाओं के साथ कर रही है छल : राव नरेंद्र सिंह

***14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली का दिया कार्यकर्ताओं को न्यौता***

**करनाल, 10 दिसम्बर ( संदीप रोहिला ) :** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह आज करनाल पहुंचे, जहां उन्होंने असंध के पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी के आवास पर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात की। उन्होंने बूथ स्तर को मजबूत करने, जनसंपर्क अभियान तेज करने और आने वाले महीनों की राजनीतिक रणनीति पर मंथन किया गया। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की स्थिति तेजी से मजबूत हो रही है और जल्द ही जनहित मुद्दों पर बड़े अभियान शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लगातार जनता के संपर्क में रहने का आह्वान किया। वहीं प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने 14




दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली को भाजपा सरकार की नाकामियों के खिलाफ जनआंदोलन बताते हुए कार्यकर्ताओं से भारी संख्या में पहुंचने की अपील की।

उन्होंने असिस्टेंट प्रोफेसर (इंग्लिश) भर्ती में 613 पदों में से केवल 151 उम्मीदवार पास किए जाने पर सरकार की परीक्षा प्रणाली और नीयत पर भी सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में 3 हजार से अधिक पद खाली हैं, लेकिन सरकार भर्तियों को अधूरा छोड़कर युवाओं के साथ छल कर रही है। राव नरेंद्र ने कहा कि कांग्रेस टीवी पैनलिस्ट और प्रवक्ताओं की नई टीम बना रही है। नैशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम शुरू किया जा चुका है, जिससे युवाओं को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता के रूप में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम को लेकर युवाओं और आम लोगों में खासा उत्साह है। इस अवसर पर चेयरमैन सुरजीत राणा, डॉ. मुनीश परवेज राणा, सुरेश चौधरी, जयपाल मान, विक्रमजीत चट्टा, विशाल चट्टा, जतिन, पाला राम मंजूरा, अरुण पंजाबी, आनंद मालिक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धान घोटाला करने वालों की हो जल्द गिरफ्तारी : बहादुर मेहला



**करनाल, 10 दिसंबर ( रविन्द्र मलिक ) :** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने हरियाणा सरकार को चेतावनी दी है कि अगर धान घोटाले में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार नही किया गया तो प्रदेश में किसान बड़ा आंदोलन करेंगे। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने कहा कि पैदावार कम होने के बावजूद हरियाणा में धान की खरीद अधिक दिखाई गई। करनाल में पिछले साल से 1.60 मेट्रिक टन से अधिक की खरीद दिखाई गई। पूरे प्रदेश में पिछले साल से लगभग 9 लाख मैट्रिक टन ज्यादा खरीद दिखाई गई और घोटाले को अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि घोटाला करने वाले राइस मिलर और आढ़ती घोटाले को अंजाम देकर आराम से सो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब सब कुछ साफ हो गया है। घोटाले के सभी सबूत प्रशासन को मिल चुके हैं तो क्यों कानूनी कार्रवाई नहीं की जा रही। ऐसा लग रहा है की शासन और सत्ता में बैठे लोग घोटालेबाजो की मदद कर रहे हैं। घोटाले में शामिल इक्का दुक्का कर्मचारियों पर कार्रवाई करके घोटाले को दबा दिया गया है। बहादुर मेहला ने कहा कि बिना सरकार के संरक्षण के इतना बड़ा घोटाला नहीं हो सकता। अगर जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेश में बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। किसानों को लूटने वाले हर व्यक्ति से सख्ती से निपटा जाएगा।

# धन्ना भगत पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स डे का उत्साहपूर्ण माहौल में समापन




**कुरुक्षेत्र,10 दिसंबर ( करणदीप सिंह ) :** धन्ना भगत पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स डे का बुधवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम दहिया एवं उप प्रधानाचार्या नीलम कुंडू द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और ऐसे आयोजन से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन व टीम भावना विकसित होती है। दो दिनों तक चले इस आयोजन में दौड़, खो-खो, लंबी कूद, रिले रेस, रस्साकशी, सहित कई प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। उत्कर्ष सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की, वहीं आरोहण सदन ने दमदार खेल से दूसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम की सफलता में कमेटी के प्रधान जगतार सिंह काजल एवं उप प्रधान टेक चंद, महासचिव सूरजभान, सहसचिव बलदेव सिंह, कोषाध्यक्ष दलबीर सिंह, रणधीर सिंह नैन, ईश्वर पूण्य, विशाल खुब्भड का विशेष सहयोग रहा। उनके मार्गदर्शन में आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। अंत में विजेताओं को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए गए तथा सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन प्रमाणपत्र दिए गए। प्राचार्या नीलम दहिया ने सभी खिलाड़ियों और स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन निरंतर आयोजित करता रहेगा। स्पोर्ट्स डे का यह दो दिवसीय उत्सव छात्रों के उत्साह, अनुशासन और खेल-भावना का यादगार उदाहरण बन गया।

## हंगोला पीएचसी में तीसरे दिन भी हड़ताल का असर
## डेंटल सर्जन और सीएचओ ने अकेले संभाली मरीजों की ज़िम्मेदारी





**रायपुररानी, 10 दिसम्बर ( देवेन्द्र सिंह ) :** सरकारी डॉक्टरों की दो दिवसीय हड़ताल के बाद भी मांगों का समाधान न होने के कारण आंदोलन का असर तीसरे दिन भी स्वास्थ्य सेवाओं पर बना रहा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हंगोला में नियमित चिकित्सा अधिकारियों की गैर-हाजिरी के चलते मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीसरे दिन भी केवल डेंटल सर्जन डॉ. शिल्पा गुगलानी और सीएचओ किरण ही स्वास्थ्य सेवाओं की कमान संभालते दिखाई दिए। दोनों ने मिलकर ओपीडी संचालन, मरीजों की प्राथमिक जांच और आवश्यक उपचार प्रदान करते हुए व्यवस्था को बनाए रखा। जबकि सीमित स्टाफ के बावजूद उन्होंने मरीजों को लौटने नहीं दिया और अपनी क्षमता के अनुसार पूरी जिम्मेदारी निभाई। इस दौरान कई ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी खल रही है, लेकिन उपलब्ध स्टाफ की मेहनत से उन्हें राहत भी मिल रही है।

# विद्युत हॉकी प्रतियोगिता 15 से जबलपुर में होगी

**जबलपुर, 10 दिसम्बर ( निस ) :** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 47 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मंडल हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 17 दिसंबर तक यहां रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स एस्ट्रो टर्फ में किया जा रहा है। अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन जबलपुर में तीसरी बार हो रहा है। इससे पूर्व यह प्रतियोगिता जबलपुर में 1975 व 1994 में आयोजित हुई थी। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव व आयोजन समिति के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने जानकारी दी 47 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मंडल हॉकी प्रतियोगिता में मेजबान एमपी पावर सहित छह पावर यूटिलिटी टीमों के भाग लेने की संभावना है। अभी तक पंजाब स्टेट पावर कार्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल), हरियाणा स्पोर्ट्स पावर ग्रुप, तेलंगाना ट्रांस्को, राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड (आर एस वी पी एनएल) व उत्तराखंड की टीमों के भाग लेने की संभावना है। पिछली बार आयोजित 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल हॉकी प्रतियोगिता में पंजाब विजेता व हरियाणा की टीम उपविजेता रही थी। एमपी पावर टीम तृतीय स्थान पर रही थी। आयोजन समिति के अध्यक्ष ने बताया कि यह प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट पद्धति के आधार पर खेली जाएगी। प्रतियोगिता के सभी मैच रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के एस्ट्रो टर्फ मैदान पर खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में खेले जाने वाले मैचों की रैफरीशिप एमपी हॉकी व जबलपुर जिला हॉकी संघ के मान्यता प्राप्त रैफरी करेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन 15 दिसंबर को और फाइनल मैच 17 दिसंबर को होगा। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# विधानसभा और कैबिनेट बैठक में सस्ती बिजली की घोषणा नदारद

**जबलपुर, 10 दिसम्बर ( निस ) :** राज्य सरकार ने बिजली सस्ती करने की घोषणा न तो 5 दिसंबर तक चले। विधानसभा सत्र में की, न ही 9 दिसंबर को खजुराहो में हुई, कैबिनेट बैठक में की, जबकि केंद्र सरकार ने बिजली उत्पादन के कोयले पर 40 रुपए प्रति टन कम्पेनसेशन सेस हटाकर कोयला सस्ता कर दिया है, जिससे बिजली उत्पादन में लागत घट गई है। इससे निराश होकर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच तथा अन्य जनसंगठनों ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र भेजकर राज्य सरकार द्वारा बिजली सस्ती करने के वादे की याद दिलाई। डॉ.पीजी नाजपांडे ने जानकारी दी कोल इंडिया द्वारा जारी 4 अप्रैल के कोयला कीमतों के नोटिफिकेशन के अनुसार जी-16 ग्रेड का कोयला 524 रुपए प्रति टन तथा जी-13 ग्रेड का कोयला 1218 रुपए प्रति टन के कीमत का था, बाद में 22 सितंबर को सेस हटाने के बाद जी-13 ग्रेड के कोयले की कीमत 987.66 रुपए प्रति टन हुई। स्पष्ट है कि कीमत 291.19 रुपए प्रति टन से घटी। जन संगठनों की ओर से रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, डीआर लखेरा, टीके रायघटक, डीके सिंह, संतोष श्रीवास्तव, सुभाष चंद्रा, केसी सोनी, एड.जीएस सोनकर, दिलीप कुंडे, हरजीवन विश्वकर्मा, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, पीएस राजपूत, विनायक सोरते, अर्जुन कुमार, राममिलन शर्मा ने बताया कि 22 सितंबर को जीएसटी 2.0 के अवसर पर प्रदेश सरकार की ओर से वादा किया गया था कि प्रदश में बिजली सस्ती की जाएगी।

# रांझी और संजीवनीनगर में चोरों ने लगाई सेंध

**जबलपुर, 10 दिसम्बर ( निस ) :** संजीवनी नगर और रांझी थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े दो सूने मकानों का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर एवं 60 हजार रुपए नगदी चोरी कर ले गए। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर कालोनी निवासी 49 वर्षीय अधिवक्ता श्रीमति अक्षय सक्सेना गत सुबह लगभग 11.30 बजे घर में ताला बंद करके अपने पिता डॉक्टर अर्जुन सक्सेना के घर महादेव परिसर के सामने धनवंतरीनगर गई थी। शाम लगभग 7 बजे वह अपने घर पहुंची और गेट का ताला खोलकर अंदर गई तो देखा मेन गेट का सेंट्रल लॉक ताला टूटा था। तीनों आलमारी के लॉक टूटे थे आलमारी में रखे सोने का मंगलसूत्र, हार, 3 रिंग जिसमें एक रिंग में पुखराज लगा हुआ था चांदी की करधन जिसमें सोने का पालिश है तथा नगदी रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इसी प्रकार रांझी में स्टॉफ कालोनी निवासी 50 वर्षीय इंजीनियरिंग कालेज मे निर्देशक के पद पर पदस्थ धीरेंद्र कुमार चौकीकर की पत्नी मानेगांव स्कूल में शिक्षिका है। गत सुबह 8.30 बजे उसकी बेटियां स्कूल चली गई थी और दोनों पति पत्नी अपनी अपनी ड्यूटी पर चले गए थे। दोपहर में जब वह घर आया ओर ताला खोलकर अंदर गया तो देखा कि पीछे के दरवाजा टूटा था। अलमारी में रखे सोने के 2 मंगलसूत्र, 1 चेन, 2 अंगूठी, 1 जोडी टाप्स, 2 जोडी बाली, चांदी की अंगूठी मोती लगा, 3 जोड़ी बिछिया, 2 जोड़ी पायल, तथा 2 कैमरे एवं नगदी 60 हजार, रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# स्वस्थ कर्मचारी-सशक्त कार्यालय कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, सीएससी लाडवा, पीएससी पिपली में आयोजित योग ब्रेक से मिला उत्साह : डा. मंजू शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 10 दिसंबर ( करणदीप सिंह ) :** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कुरुक्षेत्र डॉ मंजू शर्मा ने कहा कि महानिदेशक आयुष हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के तत्वाधान में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी स्कॉलरशिप डिपार्टमेंट कुरुक्षेत्र में बुधवार को योग ब्रेक का आयोजन करवाया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कुरुक्षेत्र डॉ मंजू शर्मा ने कहा कि विभिन्न विभागों में योग ब्रेक प्रशिक्षण दिया जा रहा है यह प्रशिक्षण जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ जागीर सिंह एवं योग विशेषज्ञ मनजीत सिंह के सहयोग से आयुष विभाग के योग सहायकों रोहतास कुमार डिंपल रानी द्वारा कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी स्कॉलरशिप डिपार्टमेंट के अधिकारी एवं कर्मचारी को वाइ ब्रेक का अभ्यास करवाया गया। इसके साथ-साथ आज वाइ ब्रेक का अभ्यास पीएससी पिपली पिपली में योग सहायक सविता द्वारा और योग सहायक पूजा द्वारा सीएससी लाडवा में वाइ ब्रेक का अभ्यास करवाया गया। वाइ ब्रेक में कुछ



आसान ताड़ासन, कटी चक्कर अनुलोम विलोम भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवाया जाता है उन्होंने कहा कि वाइ ब्रेक तनाव को कम करता है। जिसे आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कार्य स्थलों पर कर्मचारी को तनाव मुक्त और तरो ताजा रखने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि यह 5 मिनट का योग प्रोटोकॉल है जो आप कुर्सी पर बैठकर या खड़े होकर हल्के सूक्ष्म व्यायाम और प्राणायाम के द्वारा कर सकते है। इस मौके पर सीएससी लाडवा से डा. कृष्णकांत एसएमओ, डॉ महेंद्र एचएमओ, डॉक्टर पिंकी एमो पीएससी पिपली, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी स्कॉलरशिप डिपार्टमेंट से जगदीश खनोदा सुपरिटेंडेंट कपिल कुमार असिस्टेंट रोहित कुमार असिस्टेंट सुरेश बाली असिस्टेंट व अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# निगम के हर वार्ड के सर्वांगीण विकास को लेकर हम प्रयासरत : सुमन बहमनी

### 37.10 लाख की लागत से शिव नगर में बनेगी गली व नालियां, मेयर व विधायक ने किया शिलान्यास
### शिव नगर में आमजन की राह होगी आसान, पानी निकासी व्यवस्था होगी सुदृढ़

**यमुनानगर, 10 दिसंबर ( दिनेश कुमार ) :** नगर निगम द्वारा जनहित में हर वार्ड में गलियों, नालियों, स्टॉर्म वाटर लाइन, सामुदायिक केंद्र बनाने समेत विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे है। इसी कड़ी में नगर निगम द्वारा वार्ड नंबर 17 के शिव नगर में 37.10 लाख की लागत से गली व नालियों का नव निर्माण किया जाएगा। बुधवार को विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी ने इस विकास कार्य का शिलान्यास किया और नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। शिव नगर में पक्की गली व नालियां बनने से जहां आमजन की राह आसान होगी, वहीं, पानी निकासी की व्यवस्था सुदृढ़ होगी। मेयर सुमन बहमनी व विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। इसलिए सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर हम प्रयासरत है। सभी 22 वार्डों में समान रूप से विकास कार्य किए जा रहे है। हर नियमित कॉलोनी में गलियों, नालियों, सीवरेज लाइन बिछाने, स्टॉर्म वाटर लाइन डालने व अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। विकास कार्यों में सड़कों की मरम्मत, जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार, स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना, साफ-सफाई और पार्कों के



सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनके सुझावों को भी योजनाओं में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में अभी करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जाने है। जिनके टेंडर जारी किए गए है। हम शहर में चल रहे विकास कार्यों को और अधिक विकसित और आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहे है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि सरकार की प्राथमिकता है। हम इस नारे को धरातल पर उतारने का कार्य कर रहे हैं। हर गली, हर मोहल्ले तक विकास की रोशनी पहुंचे, यही हमारा लक्ष्य है। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि नगर निगम के हर वार्ड की हर नियमित कॉलोनी में पक्की सड़कें व गलियां, निकासी के लिए अंडरग्राउंड नालियां, पेयजल व बिजली की सुविधा उपलब्ध कराने का जो संकल्प लिया था, उसे पूरा किया जा रहा है। जिन गलियों व सड़कों में कीचड़ रहता था, आज वहां पक्की सड़कें बनने से शहरवासियों की राह सुगम हुई है। भाजपा सरकार ने प्रदेश के हर जिले में बिना भेदभाव करोड़ों रुपये का विकास कराया। सभी जिलों को नेशनल हाईवे से जोड़ा गया है। केंद्र, राज्य और नगर निगम की सरकार समन्वय के साथ काम कर रही हैं, जिससे शहर का सर्वांगीण विकास संभव हो सके। मौके पर निगम अभियंता सुरेंद्र दहिया, पार्षद दीक्षित धीमान, मंडल अध्यक्ष शुभम राणा, उमा शर्मा आदि मौजूद रहें।

# रैपिड मेट्रो निर्माण प्रोजेक्ट करनाल जिला की तस्वीर बदलने के लिए महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट : उत्तम सिंह

**करनाल, 10 दिसंबर ( सुनील कुमार ) :** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि नमो भारत कॉरिडोर (रैपिड मेट्रो) निर्माण प्रोजेक्ट करनाल जिला की तस्वीर बदलने के लिए महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, जिससे आने वाले समय में करनाल आर्थिक उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा। कुल 136 किलोमीटर लम्बे कॉरिडोर के अंतर्गत करनाल जिला में 5 स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके साथ-साथ इन सभी स्टेशनों पर पार्किंग व अन्य सुविधाओं से संबंधित इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी ध्यान




में रखा जा रहा है। उपायुक्त उत्तम सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में नमो भारत कॉरिडोर (रैपिड मेट्रो) के निर्माण योजना की समीक्षा को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में रैपिड ट्रांस सिस्टम के निर्माण के लिए जरूरी जमीन के अधिग्रहण को लेकर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि आमजन के परिवहन को सुगम बनाने के दृष्टिगत हर महत्वपूर्ण विषय को ध्यान में रखकर काम को आगे बढ़ाया जाएगा। प्रोजेक्ट से आमजन को मिलने वाली यह सुविधा किफायती व गुणवत्ता की दृष्टि से सुदृढ़ हो। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत अधिग्रहण होने वाली जमीन कुछ राज्य सरकार के विभागों तथा केन्द्रीय संस्थानों के अंतर्गत आती है, जिनके अधिग्रहण के लिए केन्द्रीय मंत्रालयों से संपर्क किया जा रहा है। इसके लिए संबंधित विभाग अपने मुख्यालय में इस प्रोजेक्ट के निर्माण से संबंधित जानकारी उपलब्ध करवाये। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बैठक में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने -अपने मुख्यालय पर पत्र भेजते हुए, इस प्रोजेक्ट के बारे में स्वीकृति प्राप्त करने के लिए जानकारी दे ताकि जमीन अधिग्रहण के कार्य को शीघ्र शुरू किया जा सके। इस बैठक में एसडीएम असंध शुहुल, डीडीपीओ कंचन लता, उप-नगर आयुक्त अभय सिंह, जीएम रोडवेज कुलदीप, एन सी आर टीसी के अधिकारी व संबंधित गांवों के सरपंच मौजूद रहे।

# संतुलित आहार-विहार अपना कई बीमारियों से जा सकता है बचा : प्रो. अमित कटारिया

**कुरुक्षेत्र, 10 दिसंबर ( करणदीप सिंह ) :** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में बाल संरक्षण व स्वास्थ्य जागरूकता को समर्पित बाल रक्षा अभियान के दूसरे दिन बुधवार को वात्सल्य वाटिका में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में भारत विकास परिषद एवं अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के सहयोग से आयोजित हुआ। शिविर का नेतृत्व आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के बाल रोग विशेषज्ञ प्रो. अमित कटारिया ने किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में संतुलित जीवन शैली, सही पोषण, रोग प्रतिरोधक क्षमता और स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति सही समझ विकसित करना रहा। इस दौरान डॉ. अमन, डॉ. ऐश्वर्या, डॉ. नीरजा, डॉ. श्रुति और डॉ. शुभम की टीम ने बच्चों को सरल भाषा में बताया कि कैसे संतुलित आहार,



उचित दिनचर्या और आयुर्वेदिक जीवन शैली अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। विशेषज्ञों ने आहार-विहार से जुड़े नियमों, दैनिक दिनचर्या के महत्व और प्राकृतिक रूप से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उनके स्वास्थ्य एवं संपूर्ण विकास को ध्यान में रखते हुए बाल रक्षा किट भी प्रदान की गई, जिसमें आवश्यक स्वास्थ्य सामग्री शामिल थी। इस दौरान भारत विकास परिषद से विजयंत बिंदल, रमेश गुलाटी, कृष्ण पांचाल व सौरभ चौधरी समेत अन्य उपस्थित रहे।

# युवा पीढ़ी नशे से दूर रहकर खेलों में अपनी ऊर्जा लगाएं : विकास शर्मा

**बाबैन, 10 दिसम्बर ( राजेश कुमार ) :** जालखेड़ी क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत बड़े उत्साह और उमंग के साथ हुई। इस प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्रों से कुल 24 टीमों ने हिस्सा लेकर टूर्नामेंट को रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक बना दिया। उद्घाटन समारोह में भाजपा मंडल प्रधान विकास शर्मा जालखेड़ी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। रिबन काटकर मंडल प्रधान विकास शर्मा ने टूर्नामेंट का शुभारंभ किया



और जैनपुर व छपरा की टीमों के बीच पहला मुकाबला शुरू करवाया और जैनपुर की टीम ने इस मैच में जीत हासिल की। मुख्य अतिथि विकास शर्मा ने खिलाड़ियों और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहकर खेलों में अपनी ऊर्जा लगाएं। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देते हैं, बल्कि अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास भी निर्माण करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस आवश्यकता है उन्हें उचित मंच और प्रोत्साहन देने की यदि ग्रामीण युवा आगे बढ़कर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करें तो वे किसी भी स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं। टूर्नामेंट आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में विभिन्न टीमों के बीच लीग व नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे। फाइनल मैच में विजेता टीम को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार दिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने जालखेड़ी क्रिकेट क्लब की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर अनिल टाटकी, भीम बेरथला, प्रदीप बिंट, सरपंच पिंकू, अंग्रेज सिंह, हनी सिंह, अतुल शर्मा, साहिल शर्मा, राहुल कुमार, जिलेदार, अभेश कुमार व अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब रतिया डायनामिक ने बलियाला में जरुरतमंद बच्चों को बांटी जर्सियां

**रतिया, 10 दिसंबर ( अमन सेठी ) :** गांव बलियाला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को रोटरी क्लब रतिया डायनामिक द्वारा जर्सी वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनेक बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु जर्सियां बांटी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान राजपाल ग्रोवर व प्रोजेक्ट चेयरमैन रमेश कक्कड़ ने की। इस मौके पर असिस्टेंट गवर्नर मोहन लाल ग्रोवर व प्रधान राजपाल ग्रोवर ने कहा कि रोटरी क्लब रतिया डायनामिक का उद्देश्य जरुरतमंदों की सेवा व मदद करना है। रोटरी क्लब रतिया डायनामिक द्वारा समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों की सेवा की जा सके।

उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए रोटरी क्लब रतिया डायनामिक द्वारा जर्सी वितरण का निर्णय लिया गया था। जिसके बाद आज स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को जर्सियां बांटी गई। उन्होंने कहा कि अन्य लोगों को इस तरह के सेवा कार्यों के लिए आगे आना चाहिए ताकि जरुरतमंदों की अधिक से अधिक मदद की जा सके। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य बिछू राम व स्कूल स्टाफ ने रोटरी क्लब रतिया डायनामिक के कार्यों की सराहना करते हुए स्कूल में बच्चों को जर्सियां वितरित करने पर धन्यवाद किया। इस मौके पर सचिव राजेंद्र मोंगा,




कोषाध्यक्ष राजेश गोदारा एडवोकेट, दविंद्र ग्रोवर एडवोकेट, पवन चौहान एडवोकेट, सुमित ग्रोवर रम्मी, अश्वनी कुमार, राकेश सैनी, रमेश कक्कड़, आदर्श ग्रोवर, डॉ पीयूष अरोड़ा, डॉ सुखजीत अरोड़ा सहित रोटरी क्लब रतिया डायनामिक के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# सर्दियों के मौसम में इस प्रकार होंठ बने रहेंगे कोमल



सर्दियों के मौसम में अधिकतर महिलाएं होंठ फटने से परेशान रहती हैं। होठों को नरम बनाने के लिए बाजार में लिप बाम आदि कई चीजें आती हैं पर अधिकतर महिलाएं घरेलू तरीका अपनाना चाहती हैं जिससे उनके होंठ का रंग भी बरकरार रहे और वह कोमल बने रहें। ठंडी हवाओं और शुष्क वातावरण के कारण होंठ अक्सर फटने, सूखने लगते हैं जिससे जलन भी होने लगती है। इसका कारण सर्दी के मौसम
में हवा और वातावरण में नमी और कुछ समय बाद धो लें। यह
की कमी होना है, जिससे त्वचा, होंठों को मुलायम और स्वस्थ
विशेषकर होंठों की त्वचा सूखने बनाए रखता है।
लगती है और वह फटने लगती नारियल तेल = नारियल तेल में
है। इस समस्या से बचने के लिए एंटीऑक्सिडेंट्स और
कई घरेलू और आयुर्वेदिक उपाय एंटीइंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो सूखे
उपलब्ध हैं। इन उपायों का और फटे होंठों को ठीक करने में
अपनाकर कोई भी इस समस्या मदद करते हैं। सर्दियों में दिन में
से छुटकारा पा सकता है और कई बार नारियल तेल का उपयोग
अपने होंठो को मुलायम रख करें।
सकता है। एलोवेरा जेल = एलोवेरा जेल का
घी या मक्खन = घी और मक्खन उपयोग होंठों की सूजन और जलन
दोनों ही त्वचा के लिए अत्यंत को कम करने के लिए किया जा
पौष्टिक होते हैं। सर्दियों में रात को सकता है. इसमें ठंडक देने वाला
सोने से पहले थोड़ा घी या मक्खन गुण होता है जो होंठों को राहत
होंठों पर लगाएं। यह प्राकृतिक प्रदान करता है और फटने से भी
मॉइस्चराइजर का काम करता है बचाता है।
और होंठों को नमी भी प्रदान पानी = दिन में पर्याप्त पानी पीने से
करता ह। पूरे शरीर में नमी बनी रहती है,
शहद = शहद एक प्राकृतिक और होंठों के फटने की समस्या
हाइड्रेटिंग एजेंट है और यह कम होती है।
एंटीबैक्टीरियल गुणों से भी भरपूर तिल तेल = आयुर्वेद में तिल का
है। शहद को सीधे होंठों पर लगाएं तेल बहुत उपयोगी माना गया है।

यह होंठों को गहरी नमी देता है और फटी त्वचा को ठीक करता है। सर्दियों में तिल के तेल को नियमित रूप से होंठों पर लगाने से वह मुलायम बने रहते हैं

बादाम तेल = बादाम तेल में विटामिन ई और एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं जो होंठों को मुलायम बनाते हैं और उन्हें ठंडे मौसम से बचाते हैं। रात को सोने से पहले बादाम तेल लगाएं।

गुलाब जल = गुलाब जल में त्वचा को ठंडक और नमी देने के गुण होते हैं। इसे एक कपास के रुई से होंठों पर लगाएं, यह होंठों को हाइड्रेटेड रखेगा और उन पर सूजन भी कम करेगा।

**इस प्रकार मेंहदी लगेगी खूबसूरत**

मेंहदी लगाना न केवल सोलह श्रृंगार में से एक है बल्किर इसे शुभ शगुन के तौर पर भी देखा जाता है। हमारे देश में कोई भी खास मौका हो, हाथों में मेंहदी रचाए बिना पूरा नहीं माना जाता। पर मेंहदी तभी खूबसूरत लगती है, जब उसका रंग गहरा हो और यह सही से रचे। मेंहदी का एक खास गहरा लाल रंग होता है जो हाथों पर बेहद खूबसूरत लगता है।

कई बार ऐसा होता है कि मेंहदी लगी तो बहुत अच्छी होती है लेकिन सही से न रचने के कारण खूबसूरत डिजाइन भी खिलकर नहीं आ पाता। ऐसे में आप इन उपायों को अपनाकर गहरी और खूबसूरत मेंहदी रचा सकती हैं। पहले यह तय कर लें कि आपकी मेंहदी का घोल अच्छे से तैयार किया गया हो।

**इन उपायों को अपनाने से गहरी रचेगी मेंहदी**

मेंहदी लगाने के बाद धैर्य रखना बहुत जरूरी है। कम से कम पांच से छह घंटे के लिए मेंहदी को हाथों पर रचे रहने दें। इससे मेंहदी का रंग गहरा चढ़ता है।

नींबू और चीनी के घोल के इस्तेमाल से भी मेंहदी का रंग गहरा चढ़ता है। दरअसल, इस घोल को लगाने से मेंहदी ज्यादा देर के लिए हाथों में चिपकी रहती है और इससे उसका रंग गहरा हो जाता है। मेंहदी छुड़ाने के लिए पानी का इस्तेमाल न करें। हो सके तो 10 से 12 घंटों तक हाथों पर पानी के इस्तेमाल से बचें। साबुन के इस्तेमाल से दूर ही रहें तो बेहतर होगा। मेंहदी छुड़ाने के बाद सरसों के तेल को हाथों पर मल लें। इन उपायों को अपनाने से मेंहदी का रंग गहरा चढ़ता है।



# वात को नियंत्रित करने में तिल का तेल निभाता है अहम भूमिका



सर्दियों में त्वचा की देखभाल के लिए तिल का तेल न केवल त्वचा को पोषण और सुरक्षा देता है, बल्कि मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द को कम करने में भी मदद करता है। वात को नियंत्रित करने में तिल का तेल अहम भूमिका निभाता है, जिससे गठिया, जोड़ों में दर्द और नींद न आने जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। तिल के तेल में भरपूर मात्रा में सेसामोल, सेलमिन और विटामिन ई मौजूद होते हैं, जो त्वचा की सात परतों तक जाकर उसे अंदर से पोषण देते हैं। नियमित अभ्यंग से त्वचा का रूखापन, झुर्रियां और सर्दियों में होने वाली दरारें कम होती हैं। भारतीय परंपरा में तिल का तेल उबटन और स्किनकेयर में भी शामिल किया जाता रहा है, क्योंकि यह धूप में मौजूद यूवी किरणों से त्वचा को रक्षा करता है। तेल लगाने के बाद शरीर पर बनने वाली पतली परत 24 घंटे तक बनी रहती है और त्वचा को सुरक्षित रखती है। सिर्फ त्वचा तक सीमित नहीं, तिल का तेल हड्डियों को मजबूत बनाने और जोड़ों के दर्द को कम करने में भी फायदेमंद है। सर्दियों में गठिया और मांसपेशियों के दर्द बढ़ जाते हैं, ऐसे में सुबह-शाम तिल के तेल से अभ्यंग करना लाभकारी साबित होता है।

यह न केवल शरीर को गर्म रखता है, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने में भी मदद करता है। जैतून और अन्य प्राकृतिक तेलों के मुकाबले तिल का तेल सर्दियों में सबसे प्रभावशाली माना जाता है। इसका नियमित उपयोग त्वचा को जवान और चमकदार बनाए रखने के साथ-साथ शरीर और जोड़ों को मजबूती भी देता है। आयुर्वेद विशेषज्ञ बताते हैं कि तिल का तेल सर्दियों में बढ़ते वात को कम करता है, जिससे दर्द, तनाव और नींद की समस्या में भी राहत मिलती है।

# रिश्तों पर पड़ी धूल को साफ कीजिए हर समस्या का समाधान जरुरी


रिश्तों पर पड़ी धूल को साफ कीजिये रिश्तों को बिखरने मत दीजिये। हमेशा अपने ही साथ देते हैं रिश्तों को बचाईए। आज छोटी छोटी बातों के लिए रिश्ते मत तोडीए। अक्सर देखा गया है कि आज लोग खुनी रिश्तों को तोड़ रहे हैं और आभासी दुनिया के साथ रिश्ते जोड़ रहे हैं। अपनों को इग्नोर कर रहे हैं रिश्तों को पैसे से जोड़ा जा रहा है लेकिन पैसा ही सब कुछ नहीं होता मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते है



अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है। सगे व खुनी रिश्ते हर दुःख सुख में काम आते हैं जबकि गैर लोग रिश्तों को तोड़ने का काम करते हैं इसलिए खुनी रिश्तों को मत तोड़ो। गिले शिकवे खत्म करने चाहिए ताकि रिश्ते बरकरार रहे। रिश्ते तोडना आसान है लेकिन जोड़ना मुश्किल है। आभासी दुनिया के दोस्त मतलबी होते हैं। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते है,परन्तु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए ,खासकर उन्हे जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हे दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी मंहगी होगी। आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं। आज अपने ही अपनों के दुश्मन बन गए है जर,जोरु,जमीन ही सर्वोपरी हो गया है। बच्चों के मन में बिष घोला जा रहा है। जीवन के कुछ अटल सत्य है कि रात के बाद दिन का उजाला जरुर होगा। सुर्य उदय के बाद अस्त होगा। जवानी के बाद बुढ़ापा भी सबको आएगा। दुनिया में एक सच्चाई सिर्फ मौत ही है बाकि तो लोग झूठ-फरेब के बल पर चल रहे है। मगर झूठ के पांव नहीं होते सच्चाई की हमेशा जीत होती है। भाग्य बदलते देर नहीं लगती वक्त एक जैसा नहीं रहता इसलिए कभी किसी का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। कभी-कभी खोटे सिक्के भी कोहिनूर के हीरे बन जाते है।

# जिम जाती हैं तो डाइट का भी रखें ध्यान

महिलाएं भी आजकल अपनी फिटनेस को लेकर काफी सजग हो गई हैं। वह मोटापा घटाने के लिए व्यायाम के साथ ही जिम में भी पसीना बहाती है पर क्या आप जानती हैं सिर्फ जिम में ही मेहनत से आप आप फिट नहीं हो सकती हैं। इसके लिए आपको एक अच्छी डाइट को फॉलो करना होगी। अपनी डाइट में मिनरल्स, प्रोटीन और विटामिन्स से भरपूर फूड्स को शामिल करके आप जिम जाने का पूरा फायदा उठा सकती हैं। जरूरी तत्वों से भरपूर आहार शरीर में उर्जा का स्तर और रोग प्रतिरोधी शक्ति बनाये रखने में सहायता करते हैं।



मिनरल्स, प्रोटीन और विटामिन्स से भरपूर कुछ ऐसी चीजें अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

दूध और खजूर--खजूर में 60-70 प्रतिशत तक शर्करा होती है। इसमें आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, मैंगनीज, तांबा आदि जैसे पोषक तत्वड भी भरपूर होते हैं। इससे आपके शरीर को न सिर्फ उर्जा मिलेगी बल्कि यह आपका वजन भी तेजी से कम करेगा। आप दूध में भिगे हुए खजूर को जिमिंग से पहले खा सकती हैं क्योंकि इससे बॉडी को तुरंत उर्जा मिलती है।

दलिया--दलिया में इतना प्रोटीन होता है कि यह आपको दिनभर एनर्जेटिक रखने के साथ रोग प्रतिरोधी शक्ति को भी मजबूत करता है। इसके अलावा यह हमारे शरीर में ग्लूकोज के स्तर को भी नियंत्रित करता है। जिम जाने वाली महिलाओं को नाश्ते में दलिये का सेवन जरूर करना चाहिए। यह आपको पूरी तरह फिट रखने के साथ धीरे-धीरे पचता है और इससे शरीर में ताकत बनी रहती है।

अंडा--अगर आप जिम जाती है तो आपके लिए अंडे से अच्छी डाइट कोई और हो ही नहीं सकती। एक अंडे में कम से कम 7-9 ग्राम प्रोटीन होता है, जोकि महिलाओं के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। इसके अलावा उबला हुआ अंडा खाने से बोन्सि भी बहुत स्ट्रोंग होती है।

इन बातों का भी रखें ध्यान-जिम जाकर सीधे मशीन पर ही व्यायाम न शुरू करें बल्कि पहले हल्के-फुल्के व्यायाम से शुरुआत करें जैसे वार्मअप, स्ट्रेचिंग। लगातार व्यायाम न करते रहें। बीच-बीच में 1 से 2 मिनट का ब्रेक लें।अपनी शारीरिक क्षमता से अधिक व्यायाम करने की कोशिश न करें। इससे सेहत बिगड़ भी सकती हैं। व्यायाम के तुरंत बाद ही भोजन न करें। थोड़ा अंतर रखें और खाली पेट जिम न जाएं। हल्का फुल्का नाश्ता जैसे सेब, केला, बिस्कुट, ब्राऊन ब्रैड आदि खाकर जाएं।अगर आपकी उम्र 40 से ज्यादा है तो वजन घटाने में जल्दबाजी न करें।

**हर एक जगह पहन सकती हैं प्रिंटेड लैगिंग्स**

प्रिंटेड लैगिंग्स का आजकल बहुत ज्यादा लोकप्रिय हो रहा है। इन्हें आप कॉलेज, कैजुअल और ऑफिस हर एक जगह पहन सकती हैं। गर्ल्स का कंफर्ट बॉटम वियर कहा जाने वाला लैगिंग्स अब और भी आकर्षक हो गया है। अब प्लेन की जगह प्रिंटेड लेगिंग्स गर्ल्स को लुभा रहे हैं। इनकी खासियत यह है कि इन्हें केजुअल और फॉर्मल दोनों आउटफिट?स के साथ मैच कर पहना जा सकता है।

परफेक्ट जिम आउटफिट-जिम के लिए ऐसे आउटफिट पहनने चाहिए जो कंफर्टेबल होने के साथ-साथ कूल और स्टाइलिश लुक भी दें। प्रिंटेड लैगिंग्स इसके लिए परफेक्ट वियर साबित हो रहे हैं। प्लेन टॉप हो या टीशर्ट इन्हें हर एक के साथ टीमअप कर ट्रेंडी लुक पाया जा सकता है।

**ऑफिस में भी पहनें**

कैजुअल लुक के अलावा इन्हें ऑफिस वियर के तौर पर भी कैरी किया जा रहा है। फ्लोरल, जियोमेट्रिक जैसे प्रिंट्स ऑफिस के लिए अच्छे रहेंगे। कैजुअल के लिए, जहां बोल्ड प्रिंट पहनें। शर्ट, कुर्ती हर एक के साथ ये जंचेंगे।

**बेहतरीन पार्टी वियर**


पार्टी आउटफिट के लिए सीक्विंस लैगिंग्स बेहतर विकल्प है। इसके साथ डिजाइनर टॉप पहनें। यूनिक लुक के लिए जैकेट के साथ भी इसे पहना जा रहा है।

# प्रदूषण ने छीन ली है चेहरे की चमक तो ये उपाय अपनाएं ...

-शहनाज हुसैन

भारत में बढ़ते शहरीकरण, औद्योगीकरण, जनसंख्या और अन्य कारणों से प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। देश में प्रदूषण का स्तर किसी से छिपा नहीं है। पिछले काफी हफ्तों से ज्यादातर शहरों में पी एम लेवल 150 से पार रिकॉर्ड किया जा रहा है जो कोलेजन और इलास्टिसिटी जैसे महत्वपूर्ण तत्वों को नुकसान पहुंचाता है।

आज के समय में बढ़ते प्रदूषण का असर पर्यावरण के अतिरिक्त त्वचा और आंखों पर दिखाई देता है/ इसकी वजह से त्वचा बेजान और बेरुखी नजर आती है तथा त्वचा पर एक्ने, एक्जिमा व हाइपरपिग्मेंटेशन जैसी समस्याएं बढ़ती हैं जिससे आप समय से पहले ही बूढ़े दिखने लगते हैं/ प्रदूषण के कारण त्वचा की सुरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है। इससे त्वचा में नमी की कमी होती है और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ता है। मेरा यह सुझाव है कि बाहर से आते ही चेहरे को हल्के फेस वाश से जरूर धोएं ताकि त्वचा पर जमी धूल, गंदगी को हटाया जा सके जिससे त्वचा की सुरक्षा परत को सुरक्षित रखा जा सके / सनस्क्रीन का इस्तेमाल सूरज की यूवी किरणों के इलावा प्रदूषण से भी आपकी स्किन की सुरक्षा करता है। एक व्यापक 30 एस पी एफ या उससे अधिक स्पेक्ट्रम वाली सनस्क्रीन का उपयोग करें। सुबह बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन जरूर लगाएं क्योंकि प्रदूषण और धूप मिलकर नुकसान को कई गुना बढ़ा देते हैं/ सप्ताह में दो से तीन बार स्किन की गहराई से सफाई और एक्सफोलिएशन करें/ ज्यादातर लोग त्वचा की सामान्य तरीके से क्लींजिंग करते हैं। जबकि बढ़ते प्रदूषण में स्किन को डीप क्लीनिंग करनी होती है। चेहरे को धोने के लिए ऑयल बेस्ड क्लींजर का यूज करें/ दिन में दो बार फेस वॉश जरूर करें / पूरे दिन त्वचा पर प्रदूषण और गंदगी जमा हो जाती है जिसे साफ करने के लिए सोने से पहले डबल क्लींजिंग करें। इसमें पहले तेल आधारित क्लींजर से अशुद्धियों को पिघलाकर चेहरे को साफ किया जाता है। इसके बाद पानी आधारित क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है जो रोमछिद्रों को साफ करता है। इसके बाद पेप्टाइड युक्त मरम्मत करने वाला सीरम लगाएं और मॉइस्चराइजर उपयोग करें। बाहर जाते समय चेहरे को कपड़े से ढकें और धूल वाले स्थान से दूरी बनाएं/ आंखों के लिए चश्मा या धूप का चश्मा पहनें/ इससे धूल और धुएं का सीधा असर कम होता है/ त्वचा को डिटॉक्स और हाइड्रेट करने के लिए रोजाना पर्याप्त पानी, जूस, सूप पिएं और अपने भोजन में रोज फल व सब्जियां शामिल करें/इस दौरान एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार लेना भी मददगार साबित हो सकता है। एंटीऑक्सीडेंट ज्यादातर फल और सब्जियों में पाए जाते हैं / फलों में ज्यादातर जामुन, स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्पबेरी, अंगूर, संतरे और अनार में पाए जाते हैं / सब्जियों में पालक, गाजर और ब्रॉक्ली इसके स्त्रोत हैं / प्रदूषण से जंग जीतने में घर से बाहर निकलने से पहले त्वचा पर विटामिन.सी युक्त सिरम जरूर लगाएं। इससे स्किन को फ्री रेडिकल से बचाया जा सकता है और त्वचा की रंगत में निखार आता है। एंटीऑक्सीडेंट्स युक्त क्रीम लगाने से चेहरे के पिगमेंटेशन कम होते हैं और त्वचा को कई अन्य लाभ भी मिलते हैं। इस दौरान ज्यादा गर्म या ठंडे पानी से नहाने से परहेज करें क्योंकि यह त्वचा को शुष्क बना सकता है / इसकी बजाय सामान्य या गुनगुने पानी का इस्तेमाल बेहतर साबित होगा / बार बार मुंह धोने से त्वचा की सुरक्षा परत कमजोर पड़ सकती है इसलिए दो बार से ज्यादा मुंह न धोएं / अगर आपकी त्वचा में जलन हो रही हो तो कठोर स्क्रब, अल्कोहल.आधारित टोनर और रेटिनॉइड जैसे उत्पादों से परहेज करें क्योंकि ये नुकसान पहुंचा सकते हैं। यदि आपकी त्वचा शुष्क है तो आपको क्लींजिंग क्रीम तथा जैल का प्रयोग करना चाहिए जबकि तैलीय त्वचा में क्लीनिंग दूध या फेस वाश का उपयोग किया जा सकता है। सौंदर्य पर प्रदूषण के प्रभावों को कम करने के लिए चन्दन, यूकेलिप्टस, पुदीना, नीम, तुलसी, घृतकुमारी जैसे पदार्थों का उपयोग कीजिए। इन पदार्थों में विषैले तत्वों से लड़ने की क्षमता तथा बलवर्धक गुणों की वजह से त्वचा में विषैले पदार्थों के जमाव तथा फोड़े, फुन्सियों को साफ करने में मदद मिलती है। वायु प्रदूषण खोपड़ी पर भी जमा हो जाते है। एक चम्मच सिरका तथा घृतकुमारी में एक अण्डे को मिलाकर मिश्रण बना लीजिए तथा मिश्रण को हल्के-2 खोपड़ी पर लगा लीजिए। इस मिश्रण को खोपड़ी पर आधा घण्टा तक लगा रहने के बाद खोपड़ी को ताजे एवं साफ पानी से धो डालिए। आप वैकल्पिक तौर पर गर्म तेल की थैरापी भी दे सकते है। नारियल तेल को गर्म करके इसे सिर पर लगा लीजिए। अब गर्म पानी में एक तौलिया डुबोइए तथा तौलिए से गर्म पानी निचोड़ने के बाद तौलिए को सिर के चारों ओर पगड़ी की तरह बांध कर इसे पांच मिनट तक रहने दीजिए तथा इस प्रक्रिया को 3-4 बार दोहराईए। इस प्रक्रिया से बालों तथा खोपड़ी पर तेल को सोखने में मदद मिलती है। इस तेल को पूरी रात सिर पर लगा रहने दें तथा सुबह ताजे ठंडे पानी से धो डालिए। प्रदूषण से जंग में पानी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है / इस दौरान आप ताजे , स्वच्छ जल का अधिकतम उपयोग कीजिये क्योंकि पानी शरीर के विषैले पदार्थों को बाहर निकलने तथा कोशिकाओं को पौष्टिक पदार्थों को बनाये रखने में मदद करता है / प्रदूषण की वजह से त्वचा को हुए नुकसान की भरपाई पानी से आसानी से की जा सकती है /ओमेगा 3 तथा ओमेगा 6 फैटी एसिड त्वचा को प्रदूषण के दुष्प्रभाव से बचाने में अहम भूमिका अदा करते है / फैटी एसिड्स त्वचा में आयल शील्ड बना देते हैं जिससे त्वचा को अल्ट्रावायलेट किरणों से होने वाले नुकसान से सुरक्षा प्राप्त होती है / बर्फीले पहाड़ों की नदियों में पाए जाने वाली मछली, अखरोट, राजमा तथा पालक में प्रचूर मात्रा में मिलता है जबकि ओमेगा 6 चिकन,मीट ,खाद्य तेलों ,अनाज तथा खाद्य बीजों में पाया जाता है वायु में प्रदूषण तथा गंदगी से आंखों में जलन तथा लालिमा आ सकती है। आंखों को ताजे पानी से बार-2 धोना चाहिए। काटन वूल पैड को ठण्डे गुलाब जल या ग्रीन-टी में डुबोइए तथा इसे आँखों में आई पैड की तरह प्रयोग कीजिए। आंखों में आई पैड लगाने के बाद जमीन में गद्दे पर 15 मिनट तक आराम में शव आसन की मुद्रा में लेट जाइए। इससे आंखों में थकान मिटाने में मदद मिलती है आंखों में चमक आती है।



# नगर निगम पटियाला डेयरी प्रोजेक्ट को लेकर सख्त, 25 दिसंबर तक करना होगा ये काम



पटियाला 10 दिसम्बर (निस) नगर निगम पटियाला की सीमा में संचालित हो रही डेयरियों को एक सुव्यवस्थित एवं स्वच्छ स्थान पर स्थापित करने के उद्देश्य से बनाए गए श्री गुरु नानक देव डेयरी प्रोजैक्ट को लेकर नगर निगम पटियाला के मेयर कुंदन गोगिया और कमिश्नर परमजीत सिंह द्वारा सख्त दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। मेयर कुंदन गोगिया एवं नगर निगम पटियाला के कमिश्नर परमजीत सिंह, आई. ए. एस. ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में मौजूद 65 डेयरी मालिकों को वर्ष 2021 में श्री गुरु नानक देव डेयरी प्रोजैक्ट में प्लॉट आबंटित किए गए थे। इन डेयरी मालिकों द्वारा नियमों के अनुसार देय 5 प्रतिशत राशि नगर निगम पटियाला में जमा करवाई जा चुकी है। हालांकि, प्लॉट आबंटित होने और 5 प्रतिशत राशि जमा करवाने के बावजूद ये सभी डेयरी मालिक अब तक डेयरी प्रोजेक्ट स्थल पर शिफ्ट नहीं हुए हैं, जिसके कारण शहर में स्वच्छता और पर्यावरण से संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो ही हैं।मेयर एवं कमिश्नर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिन डेयरी मालिकों को डेयरी प्रोजेक्ट में प्लॉट आबंटित किए जा चुके हैं। उन्हें हर हाल में दिनांक 25 दिसम्बर तक डेयरी प्रोजैक्ट स्थल पर शिफ्ट होना होगा। कमिश्नर परमजीत सिंह ने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कोई भी डेयरी मालिक प्रोजैक्ट स्थल पर शिफ्ट नहीं होता है, तो उसका प्लॉट आबंटन तत्काल रद्द कर दिया जाएगा और जमा 5 प्रतिशत राशि जब्त कर ली जाएगी। इसके बाद संबंधित डेयरी मालिक को पुन: नए सिरे से प्लॉट आबंटन की प्रक्रिया से गुजरना होगा। ऐसे डेयरी मालिकों को उनकी वर्तमान स्थान पर डेयरी संचालन की किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# चैन की नींद सो रहा था परिवार, तड़के सुबह हुआ कुछ ऐसा... मची हाहाकार

चंडीगढ़ 10 दिसम्बर (निस) घर में घुस घटना को अंजाम देने की खबर सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ में एक घर में आज तड़के सुबह एक बुलेट मोटरसाइकिल चोरी हो गया। चंडीगढ़ सेक्टर-42 में आज तड़के सुबह 2 चोर घर में घुसकर बुलेट मोटरसाइकिल चोरी करके ले गई। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटी कैमरे में कैद हो गई है। जिसमें दोनों चोरों ने सिर पर सर्दी वाली टोपी पहन रखी है। सीसीटीवी कैमरे में साफ देखा गया है कि, तड़के सुबह 4 बजे चोर पहले घर के बाहर इधर-उधर घूमते रहे। इसके बाद उन्होंने मौका देखकर घर का मेन गेट खोला और अंदर घूसकर घटना को अंजाम दे दिया। एक युवक बाहर मोटरसाइकिल पर बैठा रहा और दूसरे ने घर में अंदर घूसकर बुलेट मोटरसाइकिल निकाली और दोनों देखते ही देखते फरार हो गए। इस संबंधी जानकारी देते हुए पीड़ित व्यक्ति दविंदर सिंह ने बताया कि उसने 2014 में बड़ी ही मुश्किल से बुलेट मोटरसाइकिल खरीदी थी। रोजाना की तरह उसने इसे रात के एंदर पार्क किया था। जब सुबह उठकर देखा तो बुलेट गायब था। पूरी घटना का पता सीसीटीवी देखने के बाद पता चला। पुलिस को शिकायत दे गई है, लेकिन अभी तक इसकी कुछ पता नहीं चला।

# घोघड़ीपुर में डीएवी महिला महाविद्यालय की छात्राध्यापिकाओं ने चलाया नशा जागरुकता अभियान





**करनाल, 10 दिसंबर ( रविन्द्र मलिक ) :** गांव घोघड़ीपुर में डॉ. गणेश दास डीएवी महिला शिक्षण महाविद्यालय करनाल की छात्राध्यापिकाओं ने नशा जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। अभियान की शुरुआत हवन से हुई, जिसके बाद छात्राध्यापिकाओं द्वारा शपथ भाषण, कविता पाठ, जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और नशा-मुक्त समाज के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही सोशल मीडिया का युवाओं पर प्रभाव विषय पर भी एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसे ग्रामीणों ने खूब सराहा। इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. राजविन्द्र कौर रही। महाविद्यालय की पाचार्या डॉ. राकेश संधू ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर छात्राध्यापिकाओं का उत्साह बढ़ाया और नशे के प्रति जागरूक किया। गांव की सरपंच संगीता रानी व प्रतिनिधि अशोक शर्मा ने भी ग्रामीणों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने छात्राध्यापिकाओं द्वारा किए गए सामाजिक जागरूकता प्रयासों की प्रशंसा करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को समाज हित में आवश्यक बताया।

# पंजाब में रोकी गई Vande Bharat, ट्रैक पर बैठ गए लोग, गरमाया माहौल

बठिंडा 10 दिसम्बर (निस)बठिंडा के नजदीक गोनियाना रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन को पैसेंजर ट्रेनों के यात्रियों के विरोध का सामना करना पड़ा। वंदे भारत की वजह से पैसेंजर ट्रेन लेट होने से भड़के यात्रियों ने उस पटरी पर धरना लगा दिया जिस पर वंदे भारत आने वाली थी। इस स्थिति को देखते हुए वंदे भारत को गोनियाना से कुछ पीछे ही रोक दिया गया। गाड़ी रुकने की सूचना मिलने पर बठिंडा व कोटकपूरा से आर.पी.एफ. पुलिस बल हरकत में आए व उन्होंने मौके पर पहुंचकर लोगों को रेलवे लाइनों से हटाया। इसके बाद पहले पैसेंजर गाड़ी को रवाना किया गया जबकि उसके बाद करीब 17 मिनट की देरी से वंदे भारत को रवाना किया गया। पैसेंजर ट्रेन के यात्रियों ने बताया कि वह लोग दूर-दराज से अपने कामों के लिए, हर रोज बठिंडा आते हैं लेकिन वंदे भारत तथा पैसेंजर की टाइमिंग एक ही होने के कारण पैसेंजर गाड़ी को रोक दिया जाता है। वंदे भारत के गुजरने के बाद उनकी गाड़ी को रवाना किया जाता है। इस कारण वह लोग अपने कामों पर समय से नहीं पहुंच पाते व हर रोज लेट हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि आज भी वंदे भारत का रास्ता देने के लिए पैसेंजर रोकी गई जिससे यात्री भड़क गए। उन्होंने रेलवे लाइन पर रोष प्रदर्शन किया जिस कारण वंदे भारत को रोकना पड़ा। आर.पी.एफ. के अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों ने रेलवे लाइनों पर प्रदर्शन करके वंदे भारत को रोका है उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वायरल हुए वीडियो में से लोगों की पहचान की जा रही है जिनके खिलाफ जी.आर.पी. द्वारा केस दर्ज किया जाएगा।

# चाय की दुकान पर चल रहा था यह अवैध कारोबार! वीडियो वायरल होने के बाद हुआ खुलासा

फाजिल्का 10 दिसम्बर (निस) जलालाबाद के सरकारी अस्पताल के बाहर चाय की दुकान की आड़ में नशे वाले कैप्सूल बेचने का मामला सामने आया है। इस संबंध में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति लोगों को नशीले कैप्सूल बेचता दिखाई दे रहा है। वीडियो पुलिस तक पहुंचते ही उन्होंने तुरंत कार्रवाई की और उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया, जिसके पास से प्रतिबंधित प्रेगा कैप्सूल बरामद किए गए। जलालाबाद के डीएसपी गुरसेवक सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जो फाजिल्का के सरकारी अस्पताल के बाहर का बताया जा रहा था। वीडियो में दावा किया गया कि अस्पताल के बाहर चाय और दूध की दुकान चलाने वाला व्यक्ति नशीले कैप्सूल बेच रहा था। मामला सामने आते ही उन्होंने तुरंत अमीर खास थाना के एसएचओ को कार्रवाई करने के आदेश दिए। इसके बाद एसएचओ जुगराज सिंह ने कार्रवाई करते हुए नशीले कैप्सूल बेचने वाले उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से 10 प्रेगा कैप्सूल भी बरामद किए। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच चल रही है। डीएसपी ने कहा कि पुलिस नशे के खिलाफ सख्त है और ऐसे मामलों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# गुरु नानक देव अकादमी में मिशन बुनियाद व हरियाणा सुपर 100 का ब्लॉक स्तरीय सेमिनार आयोजित

**शत-प्रतिशत पंजीकरण का लक्ष्य, शिक्षा विभाग ने दिए निर्देश**

**पिहोवा, 10 दिसंबर ( विवेक ) :** गुरु नानक देव अकादमी में मिशन बुनियाद और हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रमों के तहत ब्लॉक स्तरीय अभियान सेमिनार सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। सेमिनार में क्षेत्र के








सभी विद्यालयों से कक्षा 8वीं व 10वीं के तीन-तीन विद्यार्थी तथा प्रत्येक विद्यालय से एक-एक टीजीटी शिक्षक ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पंजीकरण प्रक्रिया, परीक्षा तिथियों और दोनों योजनाओं की प्रमुख जानकारियों से अवगत कराया गया। बताया गया कि मिशन बुनियाद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रारम्भ हो चुका है, जिसकी अंतिम तिथि 16 दिसंबर तय की गई है, जबकि परीक्षा 24 दिसंबर को होगी। इसी प्रकार हरियाणा सुपर 100 में पंजीकरण की अंतिम तिथि 9 फरवरी और परीक्षा 11 फरवरी निर्धारित की गई है। दोनों योजनाओं में उन्हीं विद्यार्थियों के पंजीकरण पर जोर दिया जा रहा है जिनके 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हैं। सेमिनार में यह भी साझा किया गया कि हरियाणा सुपर 100 के माध्यम से अब तक 100 से अधिक विद्यार्थियों ने आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया है। साथ ही मिशन बुनियाद का आवासीय कार्यक्रम भी शुरू हो चुका है, जिसमें चयनित विद्यार्थी हिसार और कुरुक्षेत्र में छात्रावासों में रहकर अध्ययन करेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी राम राज और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से तरसेम ने सभी विद्यालयों, एबीआरसी और बीआरपी को निर्देश दिए कि ब्लॉक के सभी पात्र विद्यार्थियों का पंजीकरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा न केवल प्रवेश के लिए है, बल्कि इससे विद्यार्थियों की गणितीय समझ, तर्क क्षमता और विषयगत रुचि का मूल्यांकन भी होगा। यह परीक्षा विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी वातावरण से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे वे भविष्य की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के लिए तैयारी कर सकें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन, ब्लॉक टीम, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल नवदीप कौर, सुमन बाला, नरेश कुमार, ओम प्रकाश, रमेश संगवान और देश राज भी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## कातिल प्रोफेसर गिरफ्तार, 4 साल तक चक्करों में डाली पुलिस

चंडीगढ़ 10 दिसम्बर (निस) पंजाब यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर भूषण गोयल की पत्नी की हत्या के मामले से जुड़ी बड़ी खबर आई है। पुलिस ने घटना के करीब 4 साल बाद आरोपी पति प्रोफेसर भूषण गोयल को गिरफ्तार किया है। बता दें कि 2021 में दिवाली की रात पीयू कैंपस में बने आवास में सीमा गोयल का शव मिला था और उनका फोन भी गायब था। सीमा गोयल के हाथ-पैर कपड़े से बंधे हुए और मुंह में भी कपड़ा ठूंसा हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह दम घुटना बताया गया था और सिर पर चोट के निशान भी थे। आरोपी पति प्रोफेसर भूषण गोयल की शिकायत पर ही मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस द्वारा लगातार आरोपी की तलाश की जा रही थी पर प्रोफेसर पुलिस को गुमराह कर रहा था। इसी मामले को लेकर पुलिस ने प्रोफेसर और उनकी बेटी का ब्रेन मैपिंग टेस्ट करवाया था जिसकी रिपोर्ट आने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी की गई है।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की का किया किडनैप, मामला दर्ज

लुधियाना 10 दिसम्बर (निस) लुधियाना में नाबालिग लड़की को भगाने का मामला सामने आया है। हैबोवाल इलाके से नाबालिग लड़की को शादी की नीयत से किडनैप करने के आरोप में थाना हैबोवाल की पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नाबालिगा के पिता के बयान पर बिहार के रहने वाले सोनू कुमार यादव के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस को दिए बयान में नाबालिगा के पिता ने बताया कि उनकी बेटी कहीं काम से गई थी, लेकिन वापस नहीं आई। उसकी काफी तलाश गई थी, लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। बाद में पता चला कि उक्त आरोपी भी अपने घर पर नहीं है। उसे पता चला है कि आरोपी ने उसकी बेटी को शादी की नीयत से बहला फुसला कर किडनैप किया है। नाबाालिगा के पिता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी इसी तरह का मामला दर्ज है। सब-इंस्पेक्टर मख्खन सिंह ने बताया कि मामले को लेकर कार्रवाई की जा रही है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

## 13 दिसंबर को लेकर किसानों ने किया बड़ा ऐलान, सोच-समझकर निकले घरों से बाहर

मोहाली 10 दिसम्बर (निस) 13 दिसंबर को किसानों ने एक बार फिर बड़ा ऐलान किया है। संयुक्त किसान मोर्चा (स्यरू) ने चंडीगढ़ में बड़े प्रदर्शन का ऐलान किया है। किसान जत्थेबंदियों ने चिप वाले स्मार्ट मीटरों का विरोध जताया है और कहा है कि यह कदम किसानों के लिए परेशानी बढ़ाने वाला है। किसानों ने साफ कहा है कि वे बिजली संशोधन विधेयक के खिलाफ आंदोलन तेज करेंगे। स्यरूने चेतावनी दी है कि अगर सेशन में यह बिल पेश किया गया, तो किसान कड़ा और व्यापक संघर्ष शुरू करेंगे। किसान संगठनों का आरोप है कि चिप वाले मीटर किसानों पर अतिरिक्त बोझ डालने का तरीका हैं और इससे बिजली के बिल बढ़ेंगे। इसी वजह से किसान लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। 13 दिसंबर के प्रदर्शन में पंजाब, हरियाणा और आसपास के राज्यों से बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने की उम्मीद है। स्यरूने सरकार से मांग की है कि बिल वापस लिया जाए और किसानों पर नए बोझ डालने वाली नीतियों को तुरंत रोका जाए।

# रेडक्रॉस सोसायटी व कर्ण गिलहोत्रा फाउंडेशन द्वारा तैयारियां जोरों पर, राज्यपाल 18 को आएंगे



फाजिल्का 10 दिसंबर (बख्शीश सिंह/जसप्रीत सिंह) पंजाब राज्यपाल द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और मजबूती देने के उद्देश्य से पंजाब रेडक्रॉस सोसाइटी एवं कर्ण गिलहोत्रा फाउंडेशन द्वारा आयोजित 10 दिसम्बर को जागरूकता यात्रा चुनाव आचार संहिता के चलते कुछ समय के लिए स्थगित कर दी गई थी, इस संबंधी गवर्नर हाउस द्वारा नया शेड्यूल जारी कर दिया है। कर्ण गिलहोत्रा फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि अब यह यात्रा 18 दिसम्बर 2025 वीरवार को होगी। इस यात्रा का पंजाब के गवर्नर श्री गुलाबचंद कटारिया विशेष तौर पर नेतृत्व करेंगे व इसके साथ ही नशे से दूर रहने का संदेश देने की शपथ दिलाएंगे और युवाओं में जोश भरेंगे। इस संबंधी जानकारी देते फाउंडेशन के संस्थापक कर्ण गिलहोत्रा ने बताया कि यह यात्रा 18 दिसंबर को प्रात: 11 बजे निकाली जाएगी। यात्रा की शुरुआत राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया द्वारा फाजिल्का के संजीव सिनेमा चौक से करवाई जायेगी, व खुद इस यात्रा का नेतृत्व करेंगे। इसके बाद यह गौशाला रोड, साइकिल बाजार, शास्त्री चौक, सराफा बाजार से होती हुई शहर के ऐतिहासिक घंटाघर चौक पर पहुंचेगी। इस मौके पर नशे के दुष्प्रभावों, परिवारों पर असर और समाज की भूमिका जैसे अहम मुद्दों पर भी संदेश दिया जाएगा। यात्रा से पूर्व पंजाब के गवर्नर गुलाबचंद कटारिया शहीदों की समाधि, असफवाला पहुंचकर शहीदों को नमन करेंगे। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन द्वारा इस संबंधी तैयारियां शुरू कर दी गई है। कर्ण गिलहोत्रा फाउंडेशन के सदस्य पवन भठेजा, मनोज नागपाल, एडवोकेट संजीव मार्शल, डा. पंकज धमीजा, डा. मनोज नारंग, दीपक नागपाल, बंटी शर्मा, लवली खुंगर द्वारा तैयारियां को लेकर डीसी कार्यालय में जिला उपायुक्त अमरप्रीत कौर संधू, एसएसपी गुरमीत सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी रूपरेखा तैयार की गई। फाउंडेशन सदस्य पवन भठेजा व मनोज नागपाल ने बताया कि इस संबंध में फाजिल्का शहर के एनजीओ, स्कूली बच्चों, युवाओं व नगर के गणमान्यों से संपर्क किया जा रहा है जो पैदल मार्च में भाग लेकर लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक करेंगे व गवर्नर साहिब के साथ पैदल मार्च में भाग लेकर ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे।

# फतेहाबाद पुलिस का 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन':नशा व अपराध के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई



**फतेहाबाद,10 दिसम्बर ( अमन सेठी ):** फतेहाबाद पुलिस ने जिले में अपराध और नशा तस्करी के खिलाफ जबरदस्त अभियान छेड़ते हुए ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन को एक बड़ी सफलता में बदल दिया है। हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह, आईपीएस* के दिशा-निर्देशन और पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के नेतृत्व में शुरू किया गया यह अभियान न सिर्फ अपराधियों पर नकेल कस रहा है, बल्कि जिले में सुरक्षा और भरोसे का नया माहौल भी तैयार कर रहा है।

**मोहल्लों से लेकर हॉटस्पॉट्स तक—हर जगह पुलिस की सख्त पैठ** - अभियान के तहत पुलिस ने बीते दिनों जिलेभर में कॉम्बिंग ऑपरेशन, निगरानी और छापेमारी तेज की। नतीजा यह रहा कि 182 नशा, शराब और जुआ से जुड़े हॉटस्पॉट इलाकों में पुलिस ने सघन गश्त और तलाशी अभियान चलाए, जिससे अपराधियों के ठिकानों पर सीधी चोट की गई।**57 आरोपी गिरफ्तार — भारी मात्रा में नशा और अवैध सामान बरामद** - ऑपरेशन शुरू होने के बाद से पुलिस ने अब तक 57 आरोपियों को दबोचा, जिनसे बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ और अवैध सामान बरामद किया गया। पुलिस की यह कार्रवाई जिले में नशा नेटवर्क को कमजोर करने में बेहद असरदार साबित हुई है।**बरामदगी में शामिल** - 3740 नशीली गोलियाँ 2.706 किलो अफ़ीम, 82.46 ग्राम हेरोइन,29.220 किलोग्राम डोडा पोस्त,10.90 ग्राम चिट्टा,32 बोतलें अवैध शराब व 230 लीटर लाहन,49170 रुपये नकदी**हिंसक अपराधियों पर भी निर्णायक चोट** - फतेहाबाद पुलिस ने ऑपरेशन का फोकस सिर्फ नशे तक सीमित नहीं रखा, बल्कि हिंसक व संगठित अपराध में शामिल आरोपी भी रडार पर रहे।**कड़ी कार्रवाई** - 7 आरोपियों की संपत्ति अटैच,20 फरार हिंसक अपराधी गिरफ्तार, 8 आरोपियों के खिलाफ LOC जारी,9 हिंसक आरोपियों के पासपोर्ट रद्द करने के प्रस्ताव भेजे**कानूनी कार्रवाई और प्रशासनिक कड़ाई** - 1 स्थान पर अवैध अतिक्रमण हटाया गया, 4 आरोपियों पर आर्म्स एक्ट में कार्रवाई, 13 गन हाउस संचालकों/उल्लंघनकर्ताओं को नोटिस जारी**राज्य सीमा नहीं-23 राज्यों तक फैला तालमेल** - अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए फतेहाबाद पुलिस ने अन्य 23 राज्यों के साथ महत्वपूर्ण इंटेलिजेंस साझा की, जिससे फरार और इंटर-स्टेट अपराधियों की निगरानी और पकड़ और मजबूत हुई।
**जनसेवा भी साथ-113 जरूरतमंदों को सहायता** - सुरक्षा के साथ-साथ मानवता का संदेश देते हुए पुलिस ने अभियान के दौरान 101 जरूरतमंद और विपत्ति-ग्रस्त लोगों को सहायता प्रदान की।
**ज़ीरो टॉलरेंस—फतेहाबाद पुलिस की साफ घोषणा** -पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस ने कहा कि फतेहाबाद जिला पुलिस अपराध के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रही है। ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन को लगातार प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा, ताकि जिले में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था और मजबूत हो सके।**एक सुरक्षित फतेहाबाद की ओर बड़ा कदम**- ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन ने अब तक के अभियानों में सबसे प्रभावी परिणाम दिए हैं। यह अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा, ताकि जिले में सुरक्षा और विश्वास की भावना और अधिक मजबूत हो सके।

# विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने 11वां भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में भाग लिया



**कालका, 10 दिसंबर ( अख्तर फ़ारूक़ी/ अजीत सिंह ) :** राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या डॉक्टर गीता सुखीजा के कुशल नेतृत्व में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने हरियाणा के पंचकूला में आयोजित 11वां भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में भाग लिया। प्रस्तुत कार्यक्रम का विषय विज्ञान से समृद्धि- आत्मनिर्भर भारत के लिए रहा, जिसमें आत्मनिर्भरता के लिए विज्ञान - आधारित विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें प्रदर्शनियां, बी2बी बैठकें और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक विज्ञान से जोड़ने वाले कार्यक्रम, उपलब्धियाओं का जशन, युवाओं को प्रेरणा देना और आत्म निर्भर राष्ट्र की दिशा में भारत की जैव प्रौद्योगिकी और डिजिटल प्रगति पर प्रकाश डाला गया। विज्ञान से समृद्धि- आत्मनिर्भर भारत के लिए इस विश्वास का प्रतीक है की सच्ची समृद्धि वैज्ञानिक ज्ञान के अनुप्रयोग, विचारों को नवाचारों में, खोजों को विकास में और विज्ञान को सामाजिक कल्याण में बदलने से उत्पन्न होती है। आईआईएसएफ 2025 का नेतृत्व पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा किया गया और इसका समन्वय आईआईटीएम पुणे द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, जैव प्रौद्योगिकी विभाग और वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के सहयोग से किया गया। प्रस्तुत कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर रामचंद्र, डॉक्टर अजीत सिंह, डॉक्टर इंदु, डॉक्टर सरिता, असिस्टेंट प्रोफेसर सीमा शर्मा और डॉक्टर भूप सिंह का सहयोग रहा।

# पीपली माजरा और श्रीनगर पहुंची नवीन जिंदल फाउंडेशन की मेडिकल वैन

**- 140 लोगों को मुफ्त दवाई देने के साथ स्वास्थ्य के प्रति किया सचेत**



**पिहोवा, 10 दिसंबर ( विवेक ) :** लोगों के स्वास्थ्य की घर द्वार पर ही जांच करने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही मेडिकल वैन मंगलवार को गपीपली माजरा और श्रीनगर में पहुंची। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद सिंह के नेतृत्व में टीम ने 140 लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हें निशुल्क दवाई दी। इनमें से सात लोगों के मुफ्त लैब टेस्ट भी किए गए। शिविर में भाजपा के किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मनदीप सिंह विर्क ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल का विजन है कि आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही महंगी चिकित्सा से उन्हें राहत दिलाने के लिए लोगों को उनके घर के पास ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। सरपंच सुरजीत कौर ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल की इस पहल का सबसे अधिक लाभ महिलाओं और बुजुर्गों को मिल रहा है। जो बड़े अस्पतालों के चक्कर नहीं काट सकते। मुफ्त दवाई देने के साथ-साथ टीम लैब टेस्ट करके लोगों को समय रहते बीमारी से जागरुक रहने के लिए भी प्रेरित करती हैं। इसके साथ-साथ टीम में शामिल महिला स्टाफ गर्भवती महिलाओं एवं युवतियों को संतुलित आहार के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ उनके शरीर में कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन आदि की मात्रा को चेक करता है। लोगों को उचित खान-पान और शरीर में पनप रही बीमारी के संकेत पहचान के बारे में भी अवगत किया जाता है। इस मौके पर पंच पवन कुमार, मीना, जतिंद्र कौर, पलविंदर कौर, हरजीत सिंह, कुलदीप सिंह, नरेंद्र सिंह निंदर सिंह, चार्मल सिंह, टहल सिंह, मनबीर सिंह विर्क, प्रगट सिंह विर्क, कुलविन्दर सिंह विर्क, राजविंदर सिंह विर्क आदि मौजूद रहे।

# मधुमक्खी पालन कृषि से जुड़ा एक व्यवसाय, किसान कमाएं अधिक मुनाफा : डॉ. अर्जुन सैनी

**मधुमक्खी पालक एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र रामनगर कुरुक्षेत्र में बेच सकेंगे शहद**



करनाल, 10 दिसंबर (रविन्द्र मलिक) : बागवानी प्रशिक्षण संस्थान उचानी में इंडो-इजराइल परियोजना के तहत चल रहे 3 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को विधिवत समापन हो गया, समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उद्यान विभाग हरियाणा के विभागाध्यक्ष (विशेष) डॉ. अर्जुन सिंह सैनी ने विशेषतौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर बागवानी प्रशिक्षण संस्थान करनाल के प्रिंसिपल डॉ. बिल्लू यादव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. अर्जुन सिंह सैनी ने देश के विभिन्न राज्यों से आए हॉर्टिकल्चर अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मधुमक्खी पालन कृषि से ही जुड़ा एक व्यवसाय है, किसान, युवा कोई भी इस व्यवसाय को अपना सकता है। ये एक ऐसा व्यवसाय हे, जो कम लागत में अधिक मुनाफा देता है। कृषि से जुड़े हुए किसान व बेरोजगार युवा भी इस व्यवसाय को अपना सकते है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार को मधुमक्खी पालन पर कई सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है, जिससे मधुमक्खी पालक बिना किसी जोखिम में मधुमक्खी पालन कर सकता है, व्यवसाय करने के लिए न केवल सरकार आर्थिक सहायता उपलब्ध करवा रही है बल्कि मधुमक्खी पालन से पहले प्रशिक्षण भी उपलब्ध करवाती है ताकि मधुमक्खी पालन के दौरान आने वाली दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी की महत्वता का अंदाजा इसी से लगा सकते है कि मधुमक्खी दुनियाभर में फसलों का सबसे बड़ा परागणकर्ता है, जिससे पैदावार के साथ-साथ फसलों की गुणवत्ता में बढ़ोतरी होती है। उन्होंने प्रतिभागियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस राष्ट्रीय प्रशिक्षण से जो सीखकर जाए, उसे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर उस पर जरुर अमल करें। तकनीकी सत्र के अंतिम दिन डॉ. नेहा ने शहद का औषधीय उपयोग के बारे में जानकारी दी। के.वी.के. कैथल के तकनीकी अधिकारी डॉ. मनदीप राठी ने फूलों की कमी के समय मधुमक्खी वनस्पति प्रबंधन के बारे में जानकारी से अवगत कराया। कीट विज्ञान विभाग के विभागध्यक्ष पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना के डॉ. जसपाल सिंह ने मधुमक्खी प्रजनन और चयन रणनीतियों के सिंद्धात के बारे में अवगत कराया

**किसान सीधे केंद्र में बेच सकते है शहद : डॉ. रमेश कुमार**

एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र रामनगर कुरुक्षेत्र के इंचार्ज डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि केंद्र में मधुमक्खी पालन को लेकर प्रतिभागियों को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है, यही नहीं मधुमक्खी पालक तैयार किए गए शहद को केंद्र में लाकर बेच सकते है। जिससे वे अधिक मुनाफा कमा सकते है, उन्हें शहद बेचने के दौरान कोई दिक्कत पेश नहीं आती। केंद्र मधुमक्खी पालकों को पेश आने वाली मधुमक्खी पालन सम्बधित समस्याओं का निवारण करता है, किसान भाई किसी भी कार्य दिवस पर आकर केंद्र पर जानकारी हासिल कर सकते है। कार्यक्रम के समापन पर इजराइल से आए विशेषज्ञों मि. ऊरी रूबीस्टन को मुख्य अतिथि डॉ. सैनी ने स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया जबकि डॉ. रमेश कुमार ने इजराइल के मोरन सिती, डेनियन हदाद को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिक्षण शिविर में आए प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में डा. रमेश कुमार ने कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों ओर प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

# आमजन को नशा ना करने बारे जागरुक करने के साथ नशा तस्करों पर शिकंजा कस रही कैथल पुलिस

## कैथल जिले को नशा मुक्त बनाना उद्धेश्य :एसपी उपासना



**कैथल, 10 दिसंबर ( सुरेंद्र ) :** कैथल पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक हरियाणा ओ0पी0 सिंह के निर्देशानुसार तथा एसपी उपासना के कुशल नेतृत्व में कैथल पुलिस जहां आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे अवगत करवाते हुए नशा ना करने बारे जागरूक कर रही है, वहीं नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा भी कसा जा रहा है। कैथल पुलिस द्वारा साल 2025 दौरान 11 माह में 100 मामले दर्ज करके 182 नशा तस्करों को काबु किया गया है। एसपी उपासना ने जानकारी देते हुए बताया कि नशा मुक्त अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत करवाना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ना है। कैथल पुलिस द्वारा आमजन को जागरूक करने के साथ साथ नशा तस्करों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। जो इस मुहिम दौरान वर्ष 2025 दौरान जनवरी से नवंबर तक 11 माह में नशा तस्करी के 100 मामले दर्ज किए गए। जिनमें 182 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 14.505 किलोग्राम अफीम, 10.194 किलोग्राम चरस, 72.60 किलोग्राम चुरापोस्त, 258.895 ग्राम हैरोइन, 73.442 किलोग्राम गांजा, 1617.574 किलोग्राम डोडापोस्त, 3.935 किलो अफीम फसल पौधे, 65897 नशीली गोलियां तथा 305 नशीले इंजेक्शन सहित भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद किया गया। एसपी ने कहा कि कैथल जिले में नशा जागरूकता पुलिस टीम सहित सभी थाना प्रबंधको द्वारा विभिन्न स्थानों पर सेमिनार,रैली आदि कार्यक्रमों के साथ आमजन सहित युवा वर्ग को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाया जा रहा है। नशा एक ऐसी बुराई है जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ-साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। आमजन भी इस मुहिम में पुलिस का साथ देते हुए आहुति डाले। किसी भी नशा तस्कर कि सूचना डायल 112, कंट्रोल रूम या नंबर 9254049337 पर दें सकते है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। पुलिस का उद्देश्य कैथल जिले को नशा मुक्त बनाने का है। एसपी ने नशा तस्करों को चेतावनी देते हुए कहा कि नशा तस्करों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। नशा तस्कर इस घृण कृत्य को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लिप्त हो अन्यथा उनकी जगह सलाखों के पीछे है।

# कैथल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर हुआ आयोजन, छात्रों ने क्विज में परखा ज्ञान

**कलायत,10 दिसंबर ( सूबे सिंह मोर ):** कैथल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार, बुधवार को कलायत स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता




प्रधानाचार्य डॉ. राम गोपाल शर्मा ने की, जिसमें कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ ने अहम भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य डॉ. शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए 10 दिसंबर के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इसी दिन 1948 में संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा द्वारा मानव अधिकारों की घोषणा की गई थी, जो अब आधुनिक समय का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानव अधिकार का मूल उद्देश्य व्यक्ति की गरिमा को मान्यता देना है। इस मौके पर कक्षा 12वीं की छात्रा मानषी ने मानव अधिकारों की परिभाषा बताते हुए कहा कि ये वो अधिकार हैं जो प्रत्येक व्यक्ति को मानव परिवार का सदस्य होने के नाते मिलने चाहिए। प्रवक्ता अर्थशास्त्र श्री विश्व प्रताप सिंह राणा ने नागरिक और राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक, एकता, और सांस्कृतिक अधिकारों सहित चार प्रमुख श्रेणियों पर विस्तार से चर्चा की।

मानवाधिकारों के ऐतिहासिक संदर्भों पर भी बात हुई, जिसमें 1215 का मैग्ना कार्टा, 1628 की पिटिशन ऑफ राइट्स और 1789 की फ्रांसीसी क्रांति का विशेष उल्लेख किया गया। प्रवक्ता राणा ने बताया कि वैश्विक विचारों को देखते हुए भारत में 12 अक्टूबर 1993 में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की घोषणा की गई। इसके वर्तमान अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यन हैं। वहीं, हरियाणा में मानव अधिकार आयोग की स्थापना सितंबर 2012 में हुई थी, जिसने 1 जनवरी 2013 से काम करना शुरू किया। इसके वर्तमान अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा जी हैं, जो राज्य के मानव अधिकार संबंधी मामलों का निपटारा करते हैं। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने क्विज प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने ज्ञान को परखा और विषय के जोरदार प्रचार-प्रसार की शपथ भी ली। इस अवसर पर प्रवक्ता राजनीति विज्ञान गुरनाम सिंह, सुरेन्द्र दहिया, कपिल देव शास्त्री, निर्मला, मंजू गोयल सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# हरियाणा सरकार की ओर से जिले को जल्द मिलेगा मेडिकल कॉलेज का तोहफा

**कैथल,10 दिसम्बर ( प्रवेश बहादुर ):** आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा जिले के गांव सांपन खेड़ी में बनाए जा रहे मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य जून 2026 में पूरा होने की संभावनाएं हैं। भगवान परशुराम राजकीय मेडिकल कॉलेज के भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसका करीब 74 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसके शुरू हो जाने से कैथल सहित आस-पास के जिलों के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं में बड़ा लाभ होगा। इस समय जरूरत होने पर जिला अस्पताल से मरीजों को चंडीगढ़, रोहतक पीजीआई या फिर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर किया जाता है। कैथल जिले के विकास को एक नई दिशा देते हुए करीब 935 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से यह मेडिकल कॉलेज बन रहा है। निर्माण कार्य में कई-कई मंजिला भवन बनकर तैयार हो चुके हैं। इसके बन जाने से न केवल कैथल जिले के स्वास्थ्य सेवाओं का कायाकल्प होगा, बल्कि छात्रों के लिए 100 एमबीबीएस सीटों पर डॉक्टरों की पढ़ाई का रास्ता भी खुलेगा। यह परियोजना हरियाणा सरकार की प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं और मेडिकल शिक्षा को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने इस मेडिकल कॉलेज के निर्माण की घोषणा की थी। जिसे हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी गहन रूचि लेकर आगे बढ़ा रहे हैं। उनके निर्देशानुसार मेडिकल कॉलेज के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। यह मेडिकल कॉलेज कैथल-करनाल रोड पर ग्राम पंचायत सांपन खेड़ी की 20 एकड़ भूमि पर स्थापित किया जा रहा है। इस परियोजना पर सितंबर 2023 में संबंधित एजेंसी द्वारा कार्य शुरू किया गया था। परियोजना के तहत आधुनिक सुविधाओं से लैस कई इमारते शामिल हैं। मुख्य रूप से 530 बिस्तरों वाला अस्पताल भवन बनेगा, जिसमें बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर तथा सात मंजिले होंगी।

# बामसेफ का राष्ट्रीय अधिवेशन आज चौथे दिन भी जारी, आज ओबीसी जनगणना,जाति जनगणना जैसे विषयों पर हुई चर्चा




**कैथल,10 दिसम्बर ( प्रवेश बहादुर ):** इस विषय पर चर्चा के उपरांत बामसेफ के माध्यम से ओबीसी जनगणना और उनके लिए विशेष विकास कोष का अभियान पूरजोर तरिके से चलाया जाएगा। बामसेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर एल ध्रुव ने कहा कि ओबीसी जनगणना की मांग इसलिए उठाई जा रही है क्योंकि इससे सामाजिक न्याय, नीति-निर्माण और संसाधनों के सही वितरण में मदद मिलेगी, इससे आबादी का सही आंकड़ा मिलेगा,भारत में 1931 के बाद कभी भी जाति आधारित विस्तृत जनगणना नहीं हुई है, ओबीसी की कुल जनसंख्या को लेकर केवल एक अनुमान हैं और इस अनुमान के अनुसार ओबीसी 52 प्रतिशत से अधिक है,परन्तु यह सटीक डेटा नहीं है,बिना ठोस डेटा के सरकार प्रभावी नीतियां नहीं बना रही है, ओबीसी की जनगणना से आरक्षण नीति को एक मजबूत आधार मिलेगा, ओबीसी को मिलने वाला 27त्न आरक्षण वास्तविक जनसंख्या के अनुपात में मिलने लगेगा, इससे वास्तविक स्थिति का आभाष होगा ,अगर जनसंख्या अधिक है, तो इसके अनुपात में एक बड़े वर्ग की भागेदारी सुनिश्चित हो सकेगी, जाति जनगणना और ओबीसी जनगणना से सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन का वास्तविक मूल्यांकन हमें देखने को मिलेगा,सिर्फ जाति ही नहीं ओबीसी वर्ग की शिक्षा, रोजगार, गरीबी, भूमि-स्वामित्व, स्वास्थ्य आदि की स्थिति पता चलेगी,इससे यह भी पता चलेगा कि कौन-सी जातियां पीछे हैं और कौन सी जातियां आगे बढ़ चुकी हैं। नीतियों को सही लक्ष्य समूह तक पहुंचाने में आसानी होगी, ओबीसी के राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए भी यह जरूरी है,संसद, विधानसभा, नौकरियों और प्रशासन में ओबीसी का प्रतिनिधित्व वास्तविक जनसंख्या के हिसाब से है ही नहीं, यह डेटा से हमें पता चल पाएगा और अनेक अनावश्यक बहसों को विराम मिलेगा,राजनीतिक दल और सरकार पर सही प्रकार से सामाजिक न्याय को लागू कर पाएगी , आर्थिक सर्वेक्षण और विकास योजनाओं की सटीकता बनेगी,सरकार आज अनुमान आधारित योजनाएं ही चलाती है,वास्तविक संख्या मिलने पर बजट का सही आवंटन हो पाएगा,क्षेत्र अनुसार योजनाएं बनाने में भी आसानी होगी,शिक्षा-स्वास्थ्य-रोजगार आधारित योजनाएं और अधिक प्रभावी बन पाएगी । यह सामाजिक न्याय के बहुत ही जरूरी है। बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने हमेशा कहा था कि डेटा के बिना न्याय संभव नहीं ।कर्पूरी ठाकुर,कांशीराम साहब, और ओबीसी, अनुसूचित जाति, जनजाति आंदोलन से संगठन हमेशा से सांख्यिकी आधारित अधिकारों की मांग करते आ रहे हैं ।सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है किआरक्षण, सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए सटीक सामाजिक-आर्थिक और जातिगत डेटा जरूरी हैं। आज की अनिवार्यता है, इससे ओबीसी के अधिकारों को कानूनी बल भी मिलेगा। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर ठाकुर ने कहा कि ओबीसी जनगणना इसलिए जरूरी मांग है क्योंकि इससे सटीक आबादी का पता चलेगा, ओबीसी के आरक्षण को आरक्षण का वैज्ञानिक आधार मिल पाएगा,पिछड़ी जातियों की वास्तविक यथास्थिति सामने आ जाएगी, नीतियों का सही लाभ सही लोगों तक पहुंच पाएगा,सामाजिक न्याय और प्रतिनिधित्व मजबूत होगा, केंद्र सरकार को इस पर गंभीरता दिखानी चाहिए। इस विषय की प्रस्तावना बामसेफ की राष्ट्रीय संगठन सचिव शर्मिष्ठा गौतम ने की और मंच का संचालन सरदार सुरेंद्र सिंह ने किया,इस विषय पर जितेन्द्र कुमार, डॉ अरविन्द कुमार ने भी अपने विचार रखे। आज इस अवसर पर बामसेफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ संजय इंगोले, मनोज कुमार, संजय मोहिते, सुरेश द्रविड़,भी डी बोरकर,दयाराम, अशोक खेड़ा, जोगेंद्र सिंह, नितिन थाबलके, कुलविंदर सिंह,सीता राम, सुनीता कपरवाल,हरे राम कुशवाहा,एक के दिवाकर, प्रेमपाल गौतम, रमाशंकर राम, अनिल उज्जैनवाल,आलोक कुमार, कर्मबीर टंडन, संधीर बौद्ध, पुष्पराज दहीवले,आर के विधार्थी, हेमराज सिंह पटेल आदि भी उपस्थित थे। बामसेफ पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्जून देव ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और आभार प्रकट किया।

# सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर किया जाएगा सम्मानित

**कैथल,10 दिसम्बर ( प्रवेश बहादुर ):** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर ने बताया हर वर्ष की भांति राज्य स्तर पर बालिका दिवस पर प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाओं को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। राज्य स्तर पर खेलकूद में 20 अवार्ड, सांस्कृतिक गतिविधि में 10 अवार्ड, सामाजिक कार्य में 2 अवार्ड, मीडिया एवं साहित्य में 2 अवार्ड, बहादुरी में 3 अवार्ड, दिव्यांग एवं विशेष बच्चें में 5 अवार्ड एवं चाइल्ड केयर संस्थान के बच्चों के लिए 5 अवार्ड घोषित किए गए है ।उन्होंने बताया कि आवेदन की शर्तों को पूरा करने वाली बालिकाएं पूर्ण बायोडाटा, उपलब्धियों सहित अपना आवेदन 30 दिसंबर 2025 तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ऑफलाइन माध्यम से भिजवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यक्रम अधिकारी कैथल के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि खेलकूद, सांस्कृतिक सामाजिक कार्य, मीडिया एवं साहित्य, बहादुरी के क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धि हासिल की हो। इसके अलावा 60 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग एवं स्पेशल बच्चे जो अधिकृत संस्था द्वारा जारी किया गया हो, उनके द्वारा शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक कार्य, मीडिया एवं बहादुरी के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया गया हो। चाइल्ड केयर संस्थान में रहने वाली बालिकाओं द्वारा शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक कार्य, मीडिया एवं बहादुरी के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया गया हो।

# लायंस ओलंपियाड का सफल शुभारंभ

## ओलंपियाड विद्यार्थियों की सोच को ऊँचाई देता है : गोपाल चंद कूलरियाँ



**रतिया,10 दिसम्बर ( अमन सेठी ):** अल्पाइन टॉप स्कूल में आज लायंस ओलंपियाड फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा आयोजित मैथमेटिक्स ओलंपियाड परीक्षा का शुभारंभ प्रेरणादायक वातावरण में किया गया। सुबह से ही विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की ऊर्जा और उत्साह देखते ही बन रहा था। सुव्यवस्थित कक्ष व्यवस्था, अनुशासित पंक्तियाँ और विद्यालय टीम की सजगता ने परीक्षा के संचालन को बेहतरीन रूप से सुनिश्चित किया। इस अवसर पर लायंस क्लेस्ट चेयरमैन गोपाल चंद कूलरियाँ ने कहा कि शिक्षा वह साधन है जो बच्चों को जीवन की जटिलताओं से निपटने के लिए समर्थ बनाता है। प्रतियोगिताएं, विशेषकर ओलंपियाड, बच्चों की तर्कशक्ति, दृष्टिकोण और मानसिक दृढ़ता को मजबूत करती हैं। लायंस ओलंपियाड विद्यार्थियों को केवल परीक्षा का अनुभव नहीं देता, बल्कि उनके भीतर नई ऊँचाइयों तक पहुँचने का आत्मविश्वास भी विकसित करता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि ऐसे आयोजन बच्चों की रचनात्मकता, विश्लेषण क्षमता और एकाग्रता को बढ़ाकर भविष्य के लिए सशक्त नींव तैयार करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य जी. आर. पाटिल ने बताया कि इस ओलंपियाड में कुल 123 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता यह दर्शाती है कि उनमें विषय के प्रति जागरूकता और सीखने की गहरी ललक लगातार बढ़ रही है। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव पूरे परिसर में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। ओलंपियाड कोऑर्डिनेटर उज्जवल गर्ग ने परीक्षा से संबंधित विचार रखते हुए कहा कि ओलंपियाड विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में अनुशासन, एकाग्रता, समय-प्रबंधन और आत्मावलोकन जैसे महत्वपूर्ण गुणों का विकास करता है। यह केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि आत्म-सुधार और विकास की सतत यात्रा है। उन्होंने बताया कि लायंस ओलंपियाड फाउंडेशन, दिल्ली छात्रों को अध्ययन सामग्री, मार्गदर्शन और परिणाम विश्लेषण जैसी सुविधाएँ प्रदान कर निरंतर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहता है। कार्यक्रम के दौरान ज़ोन चेयरमैन प्रदीप बंसल, लायंस क्लब के अध्यक्ष हरवीर जोड़ा, सचिव राजू अरोड़ा,वरिष्ठ लायन वीरभान बंसल, सुखचरण दास अरोड़ा सहित लायंस परिवार के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। स्कूल के एमडी कपीश गुप्ता जी ने क्लब के सदस्यों का धन्यवाद किया।

